पमाद देखो **पमाय**=प्रमाद; (भग; औप; स्वप्न १०६)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पमाय अक [**प्र+मद्**] प्रमाद करना, बेदरकारी करना। पमायइ, पमायए; (उव; पि ४६०) । वकृ—**पमायंत;** (सुपा १०) । कृ—**पमाइअव्व;** (भग) ।

पमाय पुं [**प्रमाद**] १ कर्तव्य कार्य में अप्रवृत्ति और अकर्तव्य में प्रवृत्ति रूप अ-सावधानता, बेदरकारी ; (आचा; उत्त ४, ३२ ; महा; प्रासू ३८; १३४) । २ दुःख, कष्ट; "समग्गलोयाण वि जा विमायासमा समुप्पाइयसुप्पमाया" (सत्त ३५)।

पमार पुं [**प्रमार**] १ मरण का प्रारम्भ; (भग १५) । २ बुरी तरह मारना ; (ठा ५, १) ।

पमारणा स्त्री [**प्रमारणा**] बुरी तरह मारना; (वव ३) ।

पमिय वि [**प्रमीत**] परिमित, नापा हुआ; "अंगुलमूलासंखिअभागप्पमिया उ होंति सेढीओ" (पंच २, २०) ।

पमिलाण वि [**प्रम्लान**] अतिशय मुरझाया हुआ; (ठा३, १; धर्मवि ५५) ।

पमिलाय अक [**प्र+म्लै**] मुरझाना । "पणपन्नाय परेणं जोणी पमिलायए महिलियाणं" (तंदु ४) ।

पमिल्ल अक [**प्र+मील्**] विशेष संकोच करना, सकुचना। पमिल्लइ; (हे ४, २३२; प्राप्र) ।

पमीय° देखो **पमा=प्र+मा** ।

पमील देखो **पमिल्ल** । पमीलइ; (हे ४, २३२) ।

पमुइअ वि [**प्रमुदित**] हर्ष-प्राप्त, हर्षित; (औप; जीव ३) ।

पमुंच सक [**प्र+मुच्**] छोड़ना, परित्याग करना । पमुंचंति; (उव)। कर्म—पमुच्चइ; (पि५४२) । भवि—पमोक्खसि; (आचा) । वकृ—**पमुंचमाण**; (राज) ।

पमुक्क वि [**प्रमुक्त**] परित्यक्त ; (हे २, ६७ ; षड्) ।

°पमुक्ख देखो **°पमुह**; (सुपा १०; गु ११; जी १०) ।

पमुच्छिअ पुं [**प्रमूर्च्छित**] नरकावास-विशेष; (देवेन्द्र २७)।

पमुत्त देखो **पमुक्क**; (पि ५६६) ।

पमुदिय देखो **पमुइअ**; (सुर ३, २०) ।

पमुद्ध वि [**प्रमुग्ध**] अत्यन्त मुग्ध; (नाट—मालती ४४) ।

पमुह वि [**प्रमुख**] १ तल्लीन दृष्टि वाला; "एगप्पमुहे" (आचा) । २ पुं. ग्रह-विशेष, ज्योतिष्क देव-विशेष; (ठा २, ३) । ३ न. प्रकृष्ट आरम्भ, आदि, आपात; "किंपागफलसरिच्छा भोगा पमुहे हवंति गुणमहुरा" (पउम १०८, ३१ ; पाअ) ।

°पमुह वि. ब. [**°प्रमुख**] १ वगैरह, आदि; २ प्रधान, श्रेष्ठ, मुख्य; (औप; प्रासू १६६) ।

पमुहर वि [**प्रमुखर**] वाचाल, बकवादी; (उत्त १७, ११) ।

पमेइल वि [**प्रमेदस्विन्**] जिसके शरीर में चर्बी बहुत हो वह "थूले पमेइले वज्झे पाइमेत्ति य नो वए" (दस ७, २२) ।

पमेय वि [**प्रमेय**] प्रमाण-विषय, सत्य पदार्थ; (धर्मसं ११६०)

पमेह पुं [**प्रमेह**] रोग-विशेष, मेह रोग, मूत्र-दोष, बहुमूत्रता; (निचू १) ।

पमोअ पुं [**प्रमोद**] १ आनन्द, खुशी, हर्ष; (सुर १, ७८; महा; णंदि) । २ राक्षस-वंश के एक राजा का नाम, एक लंका-पति ; (पउम ५, २६३) ।

पमोक्ख° देखो **पमुंच** ।

पमोक्ख पुंन [**प्रमोक्ष**] १ मुक्ति, निर्वाण ; (सूअ १, १०, १२) । २ प्रत्युत्तर, जवाब; "नो संचाएइ......किंचिवि पमोक्खमक्खाइउं" (भग) ।

पमोक्खण न [**प्रमोचन**] परित्याग; "कंठाकंठियं अवयासिय बाहपमोक्खणं करेइ" (णाया १, २—पत्र ८८) ।

पमोयणा स्त्री [**प्रमोदना**] प्रमोदन, प्रमोद, आह्लाद; (चेइय ४११) ।

पम्मलाअ अक [**प्र+म्लै**] अधिक म्लान होना । पम्मलाअदि (शौ); (पि १३६; नाट—मालती ५३) ।

पम्माअ } वि [**प्रम्लान**] १ विशेष म्लान, अत्यन्त मुरझा-
पम्माइअ } या हुआ; "पम्माअसिरीसाइं व । जह से जायाइं अंगाइं" (गा ५६; गा ५६ टि) । २ शुष्क; "वसहा य जायथामा, गामा पम्मायचिक्खल्ला" (धर्मवि ५३) ।

पम्मि पुं [**दे**] पाणि, हाथ, कर; (षड्) ।

पम्मुक्क देखो **पमुक्क** ; (हे २, ६७; षड्; कुमा) ।

पम्मुह वि [**प्राङ्मुख**] पूर्व की ओर जिसका मुँह हो वह; (भवि; वज्जा १६४) ।

पम्ह पुंन [**पक्ष्मन्**] १ अक्षि-लोम, बरवनी, आँख के बाल; (पाअ) । २ पद्म आदि का केसर, किंजल्क ; (उवा; भग; विपा १, १) । ३ सूत्र आदि का अत्यल्प भाग ; ४ पँख, पाँख; (हे २, ७४; प्राप्र) । ५ केश का अग्र-भाग; (से ६, २०) । ६ अग्र-भाग; "णअणहुआसणपइत्तपत्तणपम्हं" (से १५, ७३) । ७ महाविदेह वर्ष का एक विजय—प्रदेश; (ठा २, ३; इक) । ८ न. एक देव-विमान; (सम १५) ।

°कंत न [**°कान्त**] एक देव-विमान का नाम; (सम १५) ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

°कूड पुं [°कूट] १ पर्वत-विशेष; (राज)। २ न. ब्रह्मलोक-नामक देवलोक का एक देव-विमान; (सम १५)। ३ पर्वत-विशेष का एक शिखर; (ठा २, ३ ; ६)। °ज्झय न [°ध्वज] देव-विमान-विशेष; (सम १५)। °प्पभ न [°प्रभ] ब्रह्मलोक का एक देव-विमान; (सम १५)। °लेस, °लेस्स न [°लेश्य] ब्रह्मलोक-स्थित एक देव-विमान; (सम १५ ; राज)। °वण्ण न [°वर्ण] वही पूर्वोक्त अर्थ; (सम १५)। °सिंग न [°शृङ्ग] वही अर्थ; (सम १५)। °सिट्ठ न [°सृष्ट] वही पूर्वोक्त अर्थ; (सम १५)। °ावत्त न [°ावर्त्त] वही अर्थ; (सम १५)।

पम्ह देखो **पउम**; (पणह १, ४—पत्र ६७; ७८; जीव ३)। °गंध वि [°गन्ध] १ कमल की गन्ध। २ वि. कमल के समान गन्ध वाला ; (भग ६, ७)। °लेस वि [°लेश्य] पद्मा-नामक लेश्या वाला; (भग)। °लेसा स्त्री [°लेश्या] लेश्या-विशेष, पाँचवीं लेश्या, आत्मा का शुभतर परिणाम-विशेष; (ठा ३, १ ; सम ११)। °लेस्स देखो °लेस; (पएण १७—पत्र ५११)।

पम्हअ सक [प्र+स्मृ] भूल जाना, विस्मरण होना। पम्हअइ; (प्राकृ ६१)।

पम्हगावई स्त्री [पक्ष्मकावती] महाविदेह वर्ष का एक विजय, प्रदेश-विशेष; (ठा २, ३; इक)।

पम्हट्ठ वि [प्रस्मृत] १ विस्मृत ; (से ४, ४२)। २ जिसको विस्मरण हुआ हो वह; "किं पम्हट्ठ म्हि अहं तुह चल-णुप्पणणतिवहआपडिउराणं" (से ६, १२)।

पम्हट्ठ वि [दे] १ प्रभ्रष्ट, विलुप्त; (से ४, ४२)। २ फेंका हुआ, प्रक्षिप्त; "पम्हट्ठं वा पडिवियं ति वा एगट्ठं" (वव १)।

पम्हय वि [पक्ष्मज] १ पद्म से उत्पन्न। २ न. एक प्रकार का सूता; (पंचभा)।

पम्हर पुं [दे] अपमृत्यु, अकाल-मरण; (दे ६, ३)।

पम्हल वि [पक्ष्मल] पद्म-युक्त, सुन्दर अक्षि-लोम वाला; (हे २, ७४ ; कुमा ; षड् ; औप ; गउड ; सुर ३, १३६ ; पात्र)।

पम्हल पुं [दे] किंजल्क, पद्म आदि का केसर; (दे ६, १३; षड्)।

पम्हलिय वि [दे. पक्ष्मलित] धवलित, सफेद किया हुआ ; "लायगणजोन्हापवाहपम्हलियचउद्दिसाभोओ" (स ३६)।

पम्हस सक [वि+स्मृ] विस्मरण करना, भूल जाना। पम्हसइ; (षड्), पम्हसिज्जासु; (गा ३४८)।

पम्हसाविय वि [विस्मारित] भूलाया हुआ, विस्मृत कराया हुआ ; (सुख २, ५)।

पम्हा स्त्री [पद्मा] १ लेश्या-विशेष, पद्म-लेश्या, आत्मा का शुभतर परिणाम-विशेष; (कम्म ३, २२; श्रा २६)। २ विजय-क्षेत्र विशेष; (राज)।

पम्हार पुं [दे] अपमृत्यु, अनमौत मरण; (दे ६, ३)।

पम्हावई स्त्री [पक्ष्मावती] १ विजय-विशेष की एक नगरी; (ठा २, ३; इक)। २ पर्वत-विशेष; (ठा २, ३—पत्र ८०)।

पम्हुट्ठ वि [दे] १ नष्ट, नाश-प्राप्त; (हे ४, २५८)। २ विस्मृत; "पम्हुट्ठं विम्हरिअं" (पात्र), "किं थ तयं पम्हुट्ठं" (गाया १, ८—पत्र १४८; विचार २३८)।

पम्हुत्तरवडिंसग न [पक्ष्मोत्तरावतंसक] ब्रह्मलोक में स्थित एक देव-विमान; (सम १५)।

पम्हुस सक [वि+स्मृ] भूलना, विस्मरण करना। पम्हुसइ; (हे ४, ७५)।

पम्हुस सक [प्र+मृश्] स्पर्श करना। पम्हुसइ, पम्हुस; (हे ४, १८४ ; कुमा ७, २६)।

पम्हुस सक [प्र+मुष्] चोरना, चोरी करना। पम्हुसइ ; पम्हुसेइ; पम्हुसंति ; (हे ४, १८४; सुपा १३७; कुमा ७, २६)।

पम्हुसण न [विस्मरण] विस्मृति; (पंचा १५, ११)।

पम्हुसिअ वि [विस्मृत] जिसका विस्मरण हुआ हो वह; (कुमा; उप ७६८ टी)।

पम्हुह सक [स्मृ] स्मरण करना। पम्हुहइ ; (हे ४, ७४)।

पम्हुहण वि [स्मर्तृ] स्मरण करने वाला; (कुमा)।

पय सक [पच्] पकाना, पाक करना। पयइ ; (हे ४, ९०)। वकृ—**पयंत**; (कप्प)। संकृ—**पइउं** ; (कुप्र २६६)।

पय सक [पद्] १ जाना। २ जानना। ३ विचारना। पयइ ; (विसे ४०८)।

पय पुंन [पयस्] १ क्षीर, दूध; "पओ"; (हे १, ३२ ; ओघ १२ ; पात्र)। २ पानी, जल ; (सुपा १३६ ; पात्र)। °हर देखो **पओहर**; (पिंग)।

पय पुं [प्रज] पानी, जल; (आचा)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पय पुंन [**पद**] १ विभक्ति के साथ का शब्द; "पयमत्थवायगं जोयगं च तं नामियाइ पंचविहं" (विसे १००३ ; प्रासू १३८; श्रा २३)। २ शब्द-समूह, वाक्य; "उवएसपया इहं समक्खाया" (उप १०३८; श्रा २३)। ३ पैर, पाँव, चरण ; " जाणं च तज्जणातज्जणीइ लग्गो ठवेमि मंदपए, कव्वपहे बालो **इव**", " जाव न सत्तट्ठ पए पच्चाहुत्तं नियत्तो सि" (सुपा १ ; धर्मवि ५४; सुर ३, १०७; श्रा २३)। ४ पाद-चिन्ह, पदाङ्क; (सुर २, २३२ ; सुपा ३५४; श्रा २३ ; प्रासू ५०)। ५ पद्य का चौथा हिस्सा; (अणु)। ६ निमित्त, कारण; (आचा)। ७ स्थान; "अवमाणपयं हि सेव त्ति" (सुर २, १६७; श्रा २३)। ८ पदवी, अधिकार; "जुवरायपए किं नवि अहिसिच्चइ देव मे पुत्तो? " (सुर २, १७५ ; महा)। ६ त्राण, शरण; १० प्रदेश; ११ व्यवसाय ; (श्रा २३)। १२ कूट, जाल-विशेष; (सूअ १, १, २, ८)। °**खेम** न [°**क्षेम**] शिव, कल्याण ; "कुव्वइ अ सो पयखेममप्पणो" (दस ६, ४, ६)। °**त्थ** पुं [°**स्थ**] पदाति, प्यादा ; "तुरएण सह तुरंगो पाइक्को सह पयत्थेण" (पउम ६, १८२)। °**पास** पुं [°**पाश**] वागुरा, जाल आदि बन्धन; (सूअ १, १, २, ८; ६)। °**रक्ख** पुं [**रक्ष**] पदाति, प्यादा; (भवि; हे ४, ४१८)। °**विग्गह** पुं [°**विग्रह**] पद-विच्छेद ; (विसे १००६)। °**विभाग** पुं [°**विभाग**] उत्सर्ग और अपवाद का यथा-स्थान निवेश, सामाचारी-विशेष ; (आव १)। °**वीढ** देखो **पाय-वीढ** ; (पव ४०; सुपा ६५६)। °**समास** पुं [°**समास**] पदों का समुदाय; (कम्म १, ७)। °**णुसारि** वि [°**ानुसारिन्**] एक पद से अनेक अनुक्त पदों का भी अनुसंधान करने की शक्ति वाला; (औप; बृह १)। °**णुसारिणी** स्त्री [°**ानुसारिणी**] बुद्धि-विशेष, एक पद के श्रवण से दूसरे अ-श्रुत पदों का स्वयं पता लगाने वाली बुद्धि ; (पराण २१)।

पय (अप) देखो **पत्त**=प्राप्त; (पिंग)।

पय° देखो **पया**=प्रजा । °**पाल** वि [°**पाल**] १ प्रजा का पालक ; २ पुं. नृप-विशेष ; (सिरि ४५)।

पयइ देखो **पगइ**; (गा ३१७; गउड; महा; नव ३१ ; भत्त ११४ ; कप्पू; कुप्र ३४६)।

पयइंद पुं [**पतगेन्द्र, पदकेन्द्र**] वानव्यन्तर-जातीय देवों का इन्द्र; (ठा २, ३)।

पयई देखो **पयवी** ; (गउड)।

पयंग पुं [**पतङ्ग**] १ सूर्य, रवि; (पाअ), "तो हरिमिपुलइयंगो चक्को इव दिट्ठउग्गयपयंगो" (उप ७२८ टी)। २ रंग-विशेष, रञ्जन-द्रव्य-विशेष; (उर ६, ४; सिरि १०५७)। ३ शलभ, फतिंगा, उड़ने वाला छोटा कीट ; (णाया १, १७; पाअ)। ४—५ देखो **पयय**=पतग, पदक, पदग ; (पगह १, ४—पत्र ६८; राज)। °**वीहिया** स्त्री [°**वीथिका**] १ शलभ का उड़ना; २ भिक्षा के लिए पतंग की तरह चलना, बीच में दो चार घरों को छोड़ते हुए भिक्षा लेना; (उत्त ३०, १६)। °**वीही** स्त्री [°**वीथी**] वही पूर्वोक्त अर्थ ; (उत्त ३०, १६)।

पयंचुल पुंन [**प्रपञ्चुल**] मत्स्य-बन्धन-विशेष,मच्छी पकड़ने का एक प्रकार का जाल; (विपा १, ८—पत्र ८५)।

पयंड वि [**प्रचण्ड**] १ अत्युग्र, तीव्र, प्रखर; २ भयानक, भयंकर, (पगह १, १; ३; ४; उव)।

पयंड वि [**प्रकाण्ड**] अत्युग्र, उत्कट; (पगह १, ४)।

पयंत देखो **पय**=पच् ।

पयंप अक [**प्र+कम्प्**] अतिशय काँपना । वकृ—**पयंपमाण** ; (स ५६६)।

पयंप सक [**प्र+जल्प्**] १ कहना, बोलना । २ बकवाद करना । पयंपए; (महा)। संकृ—**पयंपिऊण,पयंपिऊणं**; (महा; पि ५८५)। कृ—**पयंपिअव्व** ; (गा ४५०; सुपा ५५२)।

पयंपण न [**प्रजल्पन**] कथन, उक्ति; (उप पृ २१७)।

पयंपिय वि [**प्रकम्पित**] अति काँपा हुआ ; (स ३७७)।

पयंपिय वि [**प्रजल्पित**] १ कथित, उक्त ; २ न. कथन, उक्ति; ३ बकवाद, व्यर्थ जल्पन; (विपा १, ७)।

पयंपिर वि [**प्रजल्पितृ**] १ बोलने वाला; २ वाचाट, बकवादी ; (सुर १६, ५८ ; सुपा ४१५ ; श्रा २७)।

पयंस सक [**प्र+दर्शय्**] दिखलाना । पयंसेंति ; (विसे ६३२)।

पयंसण न [**प्रदर्शन**] दिखलाना; (स ६१३)।

पयंसिअ वि [**प्रदर्शित**] दिखलाया हुआ ; (सुर १, १०१ ; १२, ३२)।

पयक्ख सक [**प्रत्या+ख्या**] प्रत्याख्यान करना, प्रतिज्ञा करना । पयक्खेइ; (विचार ७५५)।

पयक्खिण देखो **पदक्खिण**—प्रदक्षिण; (णाया १, १६)।

पयक्खिण देखो **पदक्खिण**=प्रदक्षिणय् । संकृ—**पयक्खिणिऊण** ; (सुर ८, १०५)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पयक्खिणा देखो **पदक्खिणा** ; (उप १४२ टी ; सुर १४, ३०) ।

पयग देखो **पयय**=पतग, पदक, पदग ; (राज ; पव १६४) ।

पयच्छ सक [**प्र+यम्**] देना, अर्पण करना । पयच्छइ ; (महा) । संकृ—**पयच्छिऊण** ; (राज) ।

पयच्छण न [**प्रदान**] १ दान, अर्पण ; (सुर २, १५१) । २ वि. देने वाला ; (सण) ।

पयट्ट अक [**प्र+वृत्**] प्रवृत्ति करना । पयट्टइ ; (हे २, ३० ; ४, ३४७; महा) । कृ—**पयट्टिअव्व**; (सुपा १२६) । प्रयो—पयट्टावेह; (स २२); संकृ—**पयट्टाविउं**; (स ७१५) ।

पयट्ट वि [**प्रवृत्त**] १ जिसने प्रवृत्ति की हो वह; (हे २, २९ ; महा) । २चलित ; "पयट्टयं चलियं" (पाअ) ।

पयट्टय वि [**प्रवर्तक**] प्रवृत्ति करने वाला; (पगह १, १) ।

पयट्टावअ वि [**प्रवर्तक**] प्रवृत्ति कराने वाला; (कप्पू) ।

पयट्टाविअ वि [**प्रवर्तित**] प्रवृत्त किया हुआ, किसी कार्य में लगाया हुआ ; (महा) ।

पयट्टिअ वि [**दे. प्रवर्तित**] ऊपर देखो; (दे ६, २६) ।

पयट्टिअ वि [**प्रवृत्त**] प्रवृत्ति-युक्त; (उत्त ४, २; सुख ४, २) ।

पयट्ठाण देखो **पइट्ठाण**; (काल; पि २२०) ।

पयड सक [**प्र+कटय्**] प्रकट करना, व्यक्त करना । पयडइ, पयडेइ; (सण ; महा) । वकृ—**पयडंत**; (सुपा १; गा ४०६; भवि) । हेकृ—**पयडित्तु**; (पि ५७७) । प्रयो—पयडावइ; (भवि) ।

पयड वि [**प्रकट**] १ व्यक्त, खुला; (कुमा; महा) । २ विख्यात, विश्रुत, प्रसिद्ध; "विक्खाओ विस्सुओ पयडो" (पाअ) ।

पयडण न [**प्रकटन**] १ व्यक्त करना, खुला करना; (सण) । २ वि. प्रकट करने वाला; "जे तुज्झ गुणा बहुनेह-पयडणा" (धर्मवि ६६) ।

पयडावण न [**प्रकटन**] प्रकट कराना; (भवि) ।

पयडाविय वि [**प्रकटित**] प्रकट कराया हुआ; (काल; भवि) ।

पयडि देखो **पगइ**; (कम्म २३; पि २१९) ।

पयडि स्त्री [**दे**] मार्ग, रास्ता; "जे पुण सम्मद्दिट्ठी तेसिं मणो चडणपयडीए" (सट्ठि १४२) ।

पयडिय वि [**प्रकटित**] प्रकट किया हुआ; (सुर ३, ४८; श्रा २) ।

पयडिय वि [**प्रपतित**] गिरा हुआ; (णाया १, ८—पत्र १३३) ।

पयडीकय वि [**प्रकटीकृत**] प्रकट किया हुआ; (महा) ।

पयडीकर सक [**प्रकटी+कृ**] प्रकट करना । प्रयो—पयडीकरावेमि; (महा) ।

पयडीभूअ } वि [**प्रकटीभूत**] जो प्रकट हुआ हो;
पयडीहूअ } (सुर ६, १८४; श्रा १६; महा; सण) ।

पयड्डणी स्त्री [**दे**] १ प्रतीहारी; २ आकृष्टि, आकर्षण; ३ महिषी; (दे ६, ७२) ।

पयण देखो **पवण**; (गा ७७७) ।

पयण देखो **पडण**; (विसे १८५६) ।

पयण } न [**पचन, °क**] १ पाक, पकाना; (औप;
पयणग } कुमा) । २ पाल-विशेष, पकाने का पात्र; (सूअनि ८०; जीव ३) । **°साला** स्त्री [**°शाला**] पाक-स्थान; (बृह २) ।

पयणु } वि [**प्रतनु**] १ कृश, पतला; २ सूक्ष्म, बारीक ;
पयणुअ } ३ अल्प, थोड़ा ; (स २४६; सुर ८, १६५; भग ३, ४ ; जं २; पउम ३०, ६६; से ११, ५९; गा ६८२; गउड) ।

पयण्णय देखो **पइण्णग**; (तंदु १) ।

पयत्त अक [**प्र+यत्**] प्रयत्न करना । पअत्तध (शौ) ; (पि ४७१) ।

पयत्त देखो **पयट्ट**=प्र+वृत्; (काल) ।

पयत्त पुं [**प्रयत्न**] चेष्टा, उद्यम, उद्योग; (सुपा ; उव ; सुर १, ६ ; २, १८२; ४, ८१) ।

पयत्त वि [**प्रदत्त, प्रत्त**] १ दिया हुआ; (भग) । २ अनुज्ञात, संमत; (अनु ३) ।

पयत्त देखो **पयट्ट**=प्रवृत्त; (सुर २, १५९; ३, २४८; से ३, २४; ८, ३; गा ४३६) ।

पयत्ताविअ वि [**प्रवर्तित**] प्रवृत्त किया हुआ; (काल) ।

पयत्थ पुं [**पदार्थ**] १ शब्द का प्रतिपाद्य, पद का अर्थ; (विसे १००३; चेइअ २७१) । २ तत्व; (सम १०६; सुपा २०५) । ३ वस्तु, चीज; (पाअ) ।

पयन्न देखो **पइण्ण**=प्रकीर्ण ; (भवि) ।

पयन्ना देखो **पइण्णा** ; (उप १४२ टी) ।

पयप्पण न [**प्रकल्पन**] कल्पना, विचार; (धर्मसं ३०७) ।

पयय देखो **पायय**=प्राकृत; (हे १, ६७; गउड) ।

पयय वि [**प्रयत**] प्रयत्न-शील, सतत प्रयत्न वाला;

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ओप; पउम ३; ६५; सुर १, ४; उव), "इच्छिज्ज न इच्छिज्ज व तहवि पयत्रो निमंतए साहू" (पुप्फ ४२६; पडि) ।

पयय पुं [**पतग, पद्दक, पदग**] १ वानव्यन्तर देवों की एक जाति ; (ठा २, ३ ; पगण १ ; इक) । २ पतग देवों का दक्षिण दिशा का इन्द्र; (ठा २, ३) । °**वइ** पुं [°**पति**] पतग देवों का उत्तर दिशा का इन्द्र ; (ठा २, ३—पत्र ८५) ।

पयय न [**दे**] अनिश, निरन्तर ; (दे ६, ६) ।

पयर सक [**स्मृ**] स्मरण करना । पयरेइ; (हे ४, ७४) । वकृ—**पयरंत**; (कुमा) ।

पयर अक [**प्र+चर्**] प्रचार होना । "रन्ना सूयारा भणिया जं लोए पयरइ तं सव्वं सव्वे रंधह" (श्रावक ७३ टी) ।

पयर पुं [**प्रकर**] समूह, सार्थ, जत्था; "पयरो पिवीलियाणं भीमंपि भुयंगमं डसइ" (स ४२१; पाअ; कप्प) ।

पयर पुं [**प्रदर**] १ योनि का रोग-विशेष; २ विदारण, भंग ; ३ शर, बाण ; (दे ६, १४) ।

पयर देखो **पयार**=प्रकार; (हे १, ६८; षड्) ।

पयर देखो **पयार**=प्रचार; (हे १, ६८) ।

पयर पुंन [**प्रतर**] १ पत्रक, पत्रा, पतरा; " कणगपयरलंबमाणमुत्तासमुज्जलं.................वरविमाणपुंडरीयं" (कप्प; जीव ३ ; आचू १) । २ वृत्त पत्राकार आभूषण-विशेष, एक प्रकार का गहना ; (ओप ; णाया १, १) । ३ गणित-विशेष, सूची से गुणी हुई सूची; (कम्म ५, ६७; जीवस ६२ ; १०२)। ४ भेद-विशेष, बाँस आदि की तरह पदार्थ का पृथग्भाव; (भास ७) । °**तव** पुंन [°**तपस्**] तप-विशेष ; °**वट्ट** न [°**वृत्त**] संस्थान-विशेष; (राज) ।

पयरण न [**प्रकरण**] १ प्रस्ताव, प्रसंग; २ एकार्थ-प्रतिपादक ग्रन्थ । ३ एकार्थ-प्रतिपादक ग्रन्थांश; " जुम्हदम्हपयरणं " (हे १, २४६) ।

पयरण न [**प्रतरण**] प्रथम दातव्य भिक्षा; (राज) ।

पयरिस देखो **पयंस** । वकृ—**पयरिसंत**; (पउम ६, ६४)।

पयरिस देखो **पगरिस** ; (महा) ।

पयल अक [**प्र+चल्**] १ चलना । २ स्खलित होना । पयलेज्ज; (आचा २, २, ३, ३) । वकृ—**पयलेमाण**; (आचा २, २, ३, ३) ।

पयल देखो **पयड**=प्र+कटय् । पअल; (पिंग) । संकृ—पअलि; (अप) ; (पिंग) ।

पयल देखो **पयड**=प्रकट; (पिंग) ।

पयल (अप) सक [**प्र+चालय्**] १ चलाना । २ गिराना । पअल; (पिंग) ।

पयल वि [**प्रचल**] चलायमान, चलने वाला; (पउम १००, ६) ।

पयल पुं [**दे**] नीड़, पक्षि-गृह; (दे ६, ७) ।

पयल°, **पयला** स्त्री [**दे, प्रचला**] १ निद्रा, नींद; (दे ६, ६)। २ निद्रा-विशेष, बैठे बैठे और खड़े खड़े जो नींद आती है वह; ३ जिसके उदय से बैठे २ और खडे २ नींद आती है वह कर्म; (सम १५; कम्म १, ११)। °**पयला** स्त्री [**दे, °प्रचला**] १ कर्म-विशेष, जिसके उदय से चलते २ निद्रा आती है वह कर्म; २ चलते २ आने वाली नींद; (कम्म १, १; ठा ६; निचू ११) ।

पयला अक [**प्रचलाय्**] निद्रा लेना, नींद करना । पयलाइ; (पाअ) । हेकृ—**पयलाइत्तए**; (कस) ।

पयलाइअ न [**प्रचलायित**] १ नींद, निद्रा; २ घूर्णन, नींद के कारण बैठे २ सिर का डोलना; (से १२, ४२) ।

पयलाइया स्त्री [**दे**] हाथ से चलने वाले जन्तु की एक जाति; (सूअ २, ३, २५) ।

पयलाय देखो **पयला**=प्रचलाय् । पयलायइ; (जीव ३) । वकृ—**पयलायंत**; (राज) ।

पयलाय पुं [**दे**] १ हर, महादेव; (दे ६, ७२) । २ सर्प, साँप; (दे ६, ७२; षड्) ।

पयलायण न [**प्रचलायन**] देखो **पयलाइअ**; (बृह ३) ।

पयलायभत्त पुं [**दे**] मयूर, मोर; (दे ६, ३६) ।

पयलिअ देखो **पयडिअ**; (पिंग; पि २३८) ।

पयलिय वि [**प्रचलित**] १ स्खलित, गिरा हुआ; (राय; आउ) । २ हिला हुआ; (पउम ६८, ७३; णाया १, ८; कप्प; ओप) ।

पयलिय वि [**प्रदलित**] भाँगा हुआ, तोड़ा हुआ; (कप्प) ।

पयल्ल अक [**प्र+सृ**] पसरना, फैलना । पयल्लइ; (हे ४, ७७; प्राकृ ७६) ।

पयल्ल अक [**कृ**] १ शिथिलता करना, ढीला होना । २ लटकना । पयल्लइ; (हे ४, ७०) ।

पयल्ल वि [**प्रसृत**] फैला हुआ; (पाअ) ।

पयल्ल पुं [**प्रकल्प्य**] महाग्रह-विशेष; (सुज्ज २०) ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पयल्लिर वि [**प्रसृमर**] फैलने वाला; (कुमा)।

पयल्लिर वि [**शैथिल्यकृत्**] शिथिल होने वाला, ढीला होने वाला; (कुमा ६, ४३)।

पयल्लिर वि [**लम्बनकृत्**] लटकने वाला; (कुमा ६, ४३)।

पयव सक [**प्र+तप्, तापय्**] तपाना, गरम करना। पअ-वेज्ज; (से ४, २८)। वकृ—**पअविज्जंत**; (से २, २४)।

पयव सक [**पा**] पीना, पान करना। कवकृ—"धीरत्रं सइमुहल घणपअविज्जंतअं" (से २, २४)।

पयवई स्त्री [**दे**] सेना, लश्कर; (दे ६, १६)।

पयवि स्त्री [**पदवि**] देखो **पयवी**; (चेइय ८७२)।

पयविअ वि [**प्रतप्त, प्रतापित**] गरम किया हुआ, तपाया हुआ; (गा १८५; से २, २५)।

पयवी स्त्री [**पदवी**] १ मार्ग, रास्ता; (पाअ; गा १०७; सुपा ३७८)। २ बिरुद, पदवी; (उप पृ ३८६)।

पयह सक [**प्र+हा**] त्याग करना, छोड़ना। पयहे, पयहिज्ज, पयहेज्ज; (सूअ १, १०, १५; १, २, २, ११; १, २, ३, ६; उत्त ४, १२; स १३६)। संकृ—**पयहिय**; (पउम ६३, १६; गच्छ १, २४)। कृ—**पयहियव्व**; (स ७१४)।

पयहिण देखो **पदक्खिण** = प्रदक्षिण; (भवि)।

पया सक [**प्र+जनय्**) प्रसव करना, जन्म देना। पयामि; (विपा १, ७)। पयाएज्जासि; (विपा १, ७)। भवि—पयाहिति, पयाहिंति, पयाहिसि; (कप्प; पि ७६; कप्प)।

पया सक [**प्र+या**] प्रयाण करना, प्रस्थान करना। पयाइ; (उत्त १३, २४)।

पया स्त्री [**दे**] चुल्ली, चुल्हा; (राज)।

पया स्त्री. ब. [**प्रजा**] १ वश-वर्ती मनुष्य, रैयत; "जह य पयाण नरिंदो" (उव; विपा १, १)। २ लोक, जन-समूह; (सिरि ४२; पंचा ७, ३७)। ३ जन्तु-समूह; "निव्विणण-चारी अरए पयासु" (आचा; सूअ १, ५, २, ६)। ४ संतान वाली स्त्री; "निव्विंद नंदिं अरए पयासु अमोहदंसी" (आचा; सूअ १, १०, १५)। ५ संतान, संतति; (सिरि ४२)। °**णंद** पुं [°**नन्द**] एक कुलकर पुरुष का नाम; (पउम ३, ५३)। °**नाह** पुं [°**नाथ**] राजा, नरेश; (सुपा ५७५)। °**पाल** पुं [°**पाल**] एक जैन मुनि जो पाँचवें बलदेव के पूर्वजन्म में गुरू थे; (पउम २०, १९२)। °**वइ** पुं [°**पति**] १ ब्रह्मा, विधाता; (पाअ; सुपा ३०५)। २ प्रथम वासुदेव के पिता का नाम; (पउम २०, १८२; सम १५२)। ३ नक्षत्र-देव विशेष, रोहिणी-नक्षत्र का अधिष्ठायक देव; (ठा २, ३—पत्र ७७; सुज्ज १०, १२)। ४ दक्ष, कश्यप आदि ऋषि; ५ राजा, नरेश; ६ सूर्य, रवि; ७ वह्नि, अग्नि; ८ त्वष्टा; ९ पिता, जनक; १० कीट-विशेष; ११ जामाता; (हे १, १७७; १८०)। १२ अहोरात्र का उन्नीसवाँ मुहूर्त; (सुज्ज १०, १३)।

पयाइ पुं [**पदाति**] प्यादा, पाँव से चलने वाला सैनिक; (हे २, १३८; षड्; कुमा; महा)।

पयाग पुंन [**प्रयाग**] तीर्थ-विशेष जहाँ गंगा और यमुना का संगम है; (पउम ८२, ८१ ; हे १, १७७)।

पयाण न [**प्रदान**] दान, वितरण; (उवा; उप ५९७ टी; सुर ४, २१०; सुपा ४६२)।

पयाण न [**प्रतान**] विस्तार; (भग १६, ६)।

पयाण न [**प्रयाण**] प्रस्थान, गमन; (णाया १, ३; पण्ह २, १; पउम ५४, २८; महा)।

पयाम देखो **पकाम**; (स ६५६)।

पयाम न [**दे**] अनुपूर्व, क्रमानुसार; (दे ६, ६; पाअ)।

पयाय देखो **पयाग**; (कुमा)।

पयाय वि [**प्रयात**] जिसने प्रयाण किया हो वह; (उप २११ टी; महा; औप)।

पयाय वि [**प्रजात**] उत्पन्न, संजात; "पयायसाला विडिमा" (दस ७, ३१)।

पयाय वि [**प्रजात, प्रजनित**] प्रसूत, जिसने जन्म दिया हो वह; "दारगं पयाया" (विपा १, १; २; कप्प; णाया १, १—पत्र ३३)। "पयाया पुत्तं" (वसु)।

पयाय देखो **पयाव** = प्रताप; (गा ३२६; से ४, ३०)।

पयार सक [**प्र+चारय्**] प्रचार करना। पयारइ; (सण)। संकृ—**पयारिवि** (अप); (सण)।

पयार सक [**प्र+तारय्**] प्रतारण करना, ठगना। पयारइ, पयारसि; (सण)।

पयार पुं [**प्रकार**] १ भेद, किस्म; २ ढंग, रीति, तरह; (हे १, ६८; कुमा)।

पयार पुं [**प्राकार**] किला, दुर्ग; (पउम ३०, ४६)।

पयार पुं [**प्रचार**] १ संचार, संचरण; (सुपा २४)। २ प्रसार, फैलाव; (हे १, ६८)।

पयारण न [**प्रतारण**] वञ्चना, ठगाई; (सुर १२, ६१)।

पयारिअ वि [**प्रतारित**] ठगा हुआ, वञ्चित; (पाअ; सुर ४, १५५)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पयाल पुं [**पाताल**] भगवान् अनन्तनाथजी का शासन-यक्ष; "छम्मुह पयाल किन्नर" (संति ८) ।

पयाव सक [**प्र+तापय्**] तपाना, गरम करना । वकृ—**पयावेमाण**; (पि ५५२) । हेकृ—**पयावित्तए**; (कप्प) ।

पयाव पुं [**प्रताप**] १ तेज, प्रखरता; (कुमा; सण) । २ प्रकृष्ट ताप, प्रखर ऊष्मा; (पव ४) ।

पयावण न [**पाचन**] पकवाना, पाक कराना; (पण्ह १, १; श्रा ८) ।

पयावण न [**प्रतापन**] १ गरम करना, तपाना; (ओघ १८० भा; पिंड ३४; आचा) । २ अग्नि; (कुप्र ३८६) ।

पयावि वि [**प्रतापिन्**] १ प्रताप-शाली; २ पुं. इक्ष्वाकु वंश के एक राजा का नाम; (पउम ५, ५) ।

पयास सक [**प्र+काशय्**] १ व्यक्त करना । २ चमकाना । ३ प्रसिद्ध करना । पयासेइ; (हे ४, ४५) । वकृ—**पयासंत, पयासेंत, पआसअंत**; (सण; गा ४०३; उप ८३३ टी; पि ३६७) । कृ—**पयासणिज्ज, पयासियव्व**; (उप ५६७ टी; उप पृ ५५) ।

पयास देखो **पगास**=प्रकाश; (पात्र; कुमा) ।

पयास पुं [**प्रयास**] प्रयत्न, उद्यम; (चेइय २६०) ।

पयास (अप) नीचे देखो; (भवि) ।

पयासग वि [**प्रकाशक**] प्रकाश करने वाला; (सं ७८) ।

पयासण न [**प्रकाशन**] १ प्रकाश-करण; (आचा; सुपा ४१६) । २ वि. प्रकाशक, प्रकाश करने वाला; "परमत्थ-पयासणं वीरं" (पुप्फ १) ।

पयासय देखो **पयासग**; (विसे ११३०; सं १; पव ८६) ।

पयासि वि [**प्रकाशिन्**] प्रकाश करने वाला; (सण; हम्मीर १४) ।

पयासिय देखो **पगासिय**; (भवि) ।

पयासिर वि [**प्रकाशितृ**] प्रकाश करने वाला; (भवि) ।

पयासेंत देखो **पयास**=प्र+काशय् ।

पयाहिण देखो **पदक्खिण**=प्रदक्षिण; (उवा; औप; भवि; पि ६५) ।

पयाहिण देखो **पदक्खिण**=प्रदक्षिणय् । पयाहिणइ; (भवि) । पयाहिणंति; (कुप्र २६३) ।

पयाहिणा देखो **पदक्खिणा**; (सुपा ४७) ।

पय्यवत्थाण (शौ) न [**पर्यवस्थान**] प्रकृति में अवस्थान; (स्वप्न ४८) ।

पर सक [**भ्रम्**] भ्रमण करना, घूमना । परइ; (हे ४, १६१; कुमा) ।

पर देखो **प**=प्र; (तंदु ४६) ।

पर वि [**पर**] १ अन्य, भिन्न, इतर; (गा ३८४; महा; प्रासू ८; १५७) । २ तत्पर, तल्लीन; "कोऊहलपरा" (महा; कुमा) । ३ श्रेष्ठ, उत्तम, प्रधान; (आचा; रयण १५) । ४ प्रकर्ष-प्राप्त, प्रकृष्ट; (आचा; श्रा २३) । ५ उत्तर-वर्ती बाद का; "परलोग—"(महा) । ६ दूरवर्ती; (सूत्र १, ८; निचू १) । ७ अनात्मीय, अ-स्वीय; (उत्त १; निचू २) । ८ पुं. शत्रु, दुश्मन, रिपु; (सुर १२, ६२; कुमा; प्रासू ६) । ९ न. केवल, फक्त; (कुमा; भवि) । °**उट्ठ** वि [°**पुष्ट**] अन्य से पालित; २ पुं. कोकिल पक्षी; (हे १, १७९) । °**उत्थिअ** वि [°**तीर्थिक**] भिन्न दर्शन वाला; (भग) । °**एस** पुं [°**देश**] विदेश, भिन्न देश, अन्य देश; (भवि) । °**ओ** अ [°**तस्**] १ बाद में, परली तर्फ; "अडवीए परओ" (महा) । २ भिन्न में, इतर में; (कुमा) । ३ इतर से, अन्य से; (सूत्र १, १२) । °**गणिच्चय** वि [°**गणीय**] भिन्न गण से संबन्ध रखने वाला; स्त्री—°**च्चिया**; (निचू ८) । °**गरिहंझाण** न [°**गर्हाध्यान**] इतर की निन्दा का विचार; (आउ) । °**घाय** पुं [°**घात**] १ दूसरे को आघात पहुँचाना । २ पुंन. कर्म-विशेष, जिसके उदय से जीव अन्य बलवानों की भी दृष्टि में अजेय समझा जाता है वह कर्म; "परघाउदया पाणी परेसिं बलीणंपि होइ दुद्धरिसो" (कम्म १, ४४) । °**चित्तण्णु** वि [°**चित्तज्ञ**] अन्य के मन के भाव को जानने वाला; (उप १७६ टी) । °**च्छंद**, °**छंद** पुं [°**च्छन्द**] १ पर का अभिप्राय, अन्य का आशय; (ठा ४, ४; भग २५, ७) । २ पराधीन, परतन्त्र; (राज; पाअ) । °**जाणुअ** वि [°**ज्ञ**] १ पर को जानने वाला; २ प्रकृष्ट जानकार; (प्राकृ १८) । °**ट्ठ** पुं [°**र्थ**] परोपकार; (राज) । °**ट्ठा** स्त्री [°**र्थ**] दूसरे के लिए; "कडं परट्ठाए" (आचा) । °**णिंदंझाण** न [°**निन्दाध्यान**] अन्य की निन्दा का चिन्तन; (आउ) । °**ण्णुअ** देखो °**जाणुअ**; (प्राकृ १८) । °**तंत** वि [°**तन्त्र**] पराधीन, परायत्त; (सुपा २३३) । °**तित्थिअ** देखो °**उत्थिय**; (भग; सम्म ८५) । °**तीर** न [°**तीर**] सामने वाला किनारा; (पाअ) । °**त्त** न [°**त्व**] १ भिन्नत्व; पार्थक्य; २ वैशेषिक दर्शन में प्रसिद्ध गुण-विशेष; (विसे २४९१) । °**त्त** अ [°**त्र**] १ जन्मान्तर में, परलोक में; (सुपा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

५०८) । २ न. जन्मान्तर; “ ते इहअंपि परत्ते नरयगइं जंति नियमेणं” (सुपा ५२१), “इह लोए च्चिय दीसइ सग्गो नरओ य किं परत्तेण” (वज्जा १३८) । °त्थ अ [°त्र] जन्मातर में, “इहं परत्थावि य जं विरुद्धं न किज्जए तंपि सया निसिद्धं” (सत्त ३७; सुर १४, ३३; उव) । °त्थ देखो °ट्ठ; (सुर ४, ७३) । °त्थी स्त्री [°स्त्री] परकीय स्त्री; (प्रासू १५५) । °दार पुंन [°दार] परकीय स्त्री; (पडि), “जो वज्जइ परदारं सो सेवइ नो कयाइ परदारं” (सुपा ३६६), “दव्वेण अप्पकालं गहिया वेसावि होइ परदारं” (सुपा३८०)। °दारि वि [°दारिन्] परस्त्री-लम्पट; “ता एस वसुमईए कएणं परदारियाए आयाओ” (सुर ६, १७६) । °पक्ख वि [°पक्ष] वैधर्मिक, भिन्न धर्म का अनुयायी; (द्र १७) । °परिवाइय वि [°परिवादिक] इतर के दोषों को बोलने वाला, पर-निन्दक; (औप) । °परिवाय पुं [°परिवाद] १ पर के गुण-दोषों का विप्रकीर्ण वचन; (औप; कप्प) । २ पर-निन्दा, इतर के दोषों का परिकीर्त्तन; (ठा १; ४, ४)। ३ अन्य के सद्गुणों का अपलाप; (पंचू) । °परिवाय पुं [°परिपात] अन्य का पातन, दोषोद्घाटन-द्वारा दूसरे को गिराना; (भग १२, ५) । °पुट्ठ देखो °उट्ठ; (पएण १७; स ४१६) । °भव पुं [°भव] आगामी जन्म; (औप; पण्ह १, १) । °भविअ वि [°भविक] आगामी जन्म से संबन्ध रखने वाला; (भग; ठा ६) । °भाग पुं [°भाग] १ श्रेष्ठ अंश; २ अन्य का हिस्सा; ३ अत्यन्त उत्कर्ष; (उप पृ ६७) । °महेला स्त्री [°महेला] १ उत्तम स्त्री; २ परकीय स्त्री; (सुपा ४७०) । °यत्त देखो °यत्त; “परयत्तो परछंदो” (पाअ) । °लोअ, °लोग पुं [°लोक] १ इतर जन, स्वजन से भिन्न; (उप ६८६ टी) । २ जन्मान्तर; (पण्ह १, २; विसे १९५१; महा; प्रासू ७५; सण) । °वस वि [°वश] पराधीन, परतन्त्र; (कुमा; सुपा २३७) । °वाइ पुं [°वादिन्] इतर दार्शनिक; (औप) । °वाय पुं [°वाद] १ इतर दर्शन, भिन्न मत; (औप) । २ श्रेष्ठ वादी; (श्रा२३)। °वाय पुं [°वाच्] १ सज्जन, सुजन; २ वि. श्रेष्ठ वाणी वाला; (श्रा २३) । °वाय वि [°वाज] १ श्रेष्ठ गति वाला; २ पुं. श्रेष्ठ अश्व; (श्रा २३) । °वाय वि [°ावाय] जानकार, ज्ञानी; (श्रा २३) । °वाय वि [°पाक] १ सुन्दर रसोई बनाने वाला; २ पुं. रसोइया; (श्रा २३) । °वाय पुं [°पात] १ जुआड़ी, जूए का खेलाड़ी; २ अशुभ समय; (श्रा २३) । °वाय पुं [°व्याद] ब्राह्मण, विप्र; (श्रा २३) । °वाय पुं [°ावाय] धनी जुलाहा; धनाढ्य तन्तुवाय; (श्रा २३) । °वाय वि [°व्रात] १ प्रकृष्ट समूह वाला; २ न. सुभिक्ष समय का धान्य; (श्रा २३) । °वाय पुं [°वात] ग्रीष्म समय का जलधि-तट; (श्रा २३) । °वाय पुं [°व्याघ] धूर्त, ठग; (श्रा २३) । °वाय वि [°ापाय] अनीति वाला; (श्रा २३) । °वाय वि [°वाक] वेद-ज्ञ, वेद-वित्; (श्रा २३) । °वाय वि [°पातृ] १ दयालु, कारुणिक; २ खूब पान करने वाला; ३ खूब सूखने वाला; ४ पुं. प्रावृट् काल का यवास वृक्ष; ५ मद्य-व्यसनी; (श्रा २३) । °वाय वि [°बाद] सुस्थिर; (श्रा २३) । °वाय वि [°व्यातृ] १ श्रेष्ठ आच्छादक; २ पुं. वस्त्र, कपड़ा; (श्रा २३) । °वाय वि [°वातृ] १ प्रकृष्ट वहन करने वाला; २ पुं. श्रेष्ठ तन्तुवाय, उत्तम जुलाहा; ३ महान् पवन; (श्रा २३) । °वाय वि [°व्यागस्] १ अति बड़ा अपराधी, गुरुतर अपराधी; (श्रा २३) । °वाय वि [°व्याप] प्रकृष्ट विस्तार वाला; (श्रा २३) । °वाय वि [°बाक] १ जहाँ पर प्रकृष्ट बक-समूह हो वह स्थान; २ न. मत्स्य-परिपूर्ण सरोवर; (श्रा २३) । °वाय वि [°व्याय] १ श्रेष्ठ वायु वाला; २ जहाँ पर पक्षिओं का विशेष आगमन होता हो वह; ३ पुं. अनुकूल पवन से चलता जहाज; ४ सुन्दर घर; ५ वनोद्देश, वन-प्रदेश; (श्रा २३) । °वाय वि [°ावाय] १ जहाँ पानी का प्रकृष्ट आगमन हो वह; २ न. जलधि-मुख, समुद्र का मुँह; ३ पुं. महा-समुद्र, महा-सागर; (श्रा २३) । °वाय वि [°व्याज] अन्य के पास विशेष गमन करने वाला; २ प्रार्थना-परायण; (श्रा २३) । °वाय वि [°ापाय] १ अत्यन्त हीन-भाग्य; २ नित्य-दरिद्र; (श्रा २३) । °वाय वि [°वाप] १ प्रकृष्ट वपन वाला; २ पुं. कृषक; (श्रा २३) । °वाय वि [°पाप] १ महा-पापी; २ हत्या करने वाला; (श्रा २३) । °वाय पुं [°ापाक] १ कुम्भकार, कुम्हार; २ मुक्त जीव; ३ पहली तीन नरक-भूमि; (श्रा २३) । °वाय वि [°ापाग] वृक्ष-रहित, वृक्ष-वर्जित; (श्रा २३) । °वाय वि [°वाज्] शत्रु-नाशक; (श्रा २३) । °वाय पुं [°पाद] महान् वृक्ष, बड़ा पेड़; (श्रा २३) । °वाय वि [°पात्] प्रकृष्ट पैर वाला; (श्रा २३) । °वाय वि [°वाच] फलित शालि; (श्रा २३) । °वाय वि [°ावाप] १ विशेष भाव से शत्रु की चिन्ता करने वाला; २ पुं. मन्त्री, अमात्य; ३ सुभट, योद्धा; (श्रा २३) । °वाय वि [°ापात] आपात-सुन्दर जो प्रारम्भ में ही सुन्दर हो वह; (श्रा २३) । °वाय वि [°व्राय] श्रेष्ठ विवाह वाला;

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(श्रा २३)। °वाय वि [°पाय] श्रेष्ठ रक्षा वाला, जिसकी रक्षा का उत्तम प्रबन्ध हो वह; २ अत्यन्त प्यासा; ३ पुं. राजा, नरेश; (श्रा २३)। °वाय वि [°व्यात] १ इतर के पास विशेष वमन करने वाला; २ पुं. भिक्षुक, याचक; (श्रा २३)। °वाय वि [°पायस्] १ दूसरे की रक्षा के लिये हथियार रखने वाला; २ पुं. सुभट, योद्धा; (श्रा २३)। °वाया स्त्री [°व्याजा] वेश्या, वारांगना; (श्रा २३)। °वाया स्त्री [°व्यागस्] असती, कुलटा; (श्रा २३)। °वाया स्त्री [°व्यापा] अन्तिम समुद्र की स्थिति; (श्रा २३)। °वाया स्त्री [°पाता] धूर्त-मैत्री; (श्रा २३)। °वाया स्त्री [°व्राया] नृप-कन्या; (श्रा २३)। °वाया स्त्री [°पागा] मरु-भूमि; (श्रा २३)। °वाया स्त्री [°वाच्] कश्मीर-भूमि; (श्रा २३)। °वाया स्त्री [°वाज्] नृप-स्थिति; (श्रा २३)। °वाया स्त्री [°पात्] शतपदी, जन्तु-विशेष (श्रा २३)। °वाया स्त्री [°व्यावा] भेरी, वाद्य-विशेष; (श्रा २३)। °विएस पुं [°विदेश] परदेश, विदेश; (पउम ३२, ३६)। °व्वस देखो °वस; (षड्; गा २६५; भवि)। °संतिग वि [°सत्क] पर-संबन्धी, परकीय; (पगह १, ३)। °समय पुं [°समय] इतर दर्शन का सिद्धान्त; "जावइया नयवाया तावइया चेव परसमया" (सम्म १४४)। °हुअ वि [°भृत] १ दूसरे से पुष्ट, अन्य से पालित; (प्राप्र) । २ पुंस्त्री. कोयल. पिक पक्षी; (कप्प), स्त्री—°आ; (सुर ३, ५४; पाअ)। °धाय देखो °घाय; (प्रासू १०४; सम ६७)। °धीण देखो °हीण; (धर्मवि १३६)। °यत्त वि [°यत्त] पराधीन, परतन्त्र; (पउम ६४, ३४; उप पृ १८२; महा)। °हीण वि [°धीन] परतन्त्र, परायत्त; (नाट—मालवि २०)।

पर° देखो परा=अ; (श्रा २३; पउम ६१, ८)।

परं अ [परम्] १ परन्तु, किन्तु; "जं तुमं आणवेसित्ति, परं तुह दूरे नयरं" (महा)। २ उपरान्त; "नो से कप्पइ एत्तो बाहिं; तेण परं, जत्थ नाणदंसणचरित्ताइं उस्सप्पंति त्ति बेमि" (कस १, ५१; २, ४—७; ४, १२—२६)। ३ केवल, फक्त; "एस मह संतावो, परं माणससरमज्जणेण जइ अवगच्छइत्ति" (महा)।

परं अ [परुत्] आगामी वर्ष; "अज्जं कल्लं परं परारिं" (वै २), "अज्जं परं परारिं पुरिसा चिंतंति अत्थसंपत्तिं" (प्रासू ११०)।

परंग सक [परि+अङ्ग्] चलना, गति करना। वकृ—परंगिज्जमाण; (औप)।

परंगमण न [पर्यङ्गन] पाँव से चलना, चंक्रमण; (औप)।

परंगामण न [पर्यङ्गन] चलाना, चंक्रमण कराना; (भग ११, ११—पत्र ५४४)।

परंतम वि [परतम] अन्य को हैरान करने वाला; (ठा ४, २—पत्र २१६)।

परंतम वि [परतमस्] १ अन्य पर कोध करने वाला; २ अन्य-विषयक अज्ञान रखने वाला; (ठा ४, २—पत्र २१६)।

परंतु अ [परन्तु] किन्तु; (सुपा ४६६)।

परंदम वि [परन्दम] १ अन्य को पीड़ा पहुँचाने वाला; (उत्त ७, ६)। २ अन्य को शान्त करने वाला; ३ अश्व आदि को सीखाने वाला; (ठा ४, २—पत्र २१३)।

परंपर, परंपरग, परंपरय } वि [परस्पर] १ भिन्न भिन्न; (णंदि)। २ व्यवहित; "परंपर-सिद्ध—" (पराग १; ठा २, १; १०)। ३ पुंन. परम्परा, अविच्छिन्न धारा; (उप ७३३), "पुरिसपरंपरएण तेहिं इङ्गा आणिया" "एस दव्वपरंपरगो" (आव १), "परंपरेणं" (कप्प; धर्मसं ५३१; १३०६)।

परंपरा स्त्री [परम्परा] १ अनुक्रम, परिपाटी; (भग; औप; पाअ)। २ अविच्छिन्न धारा, प्रवाह; (णाया १, १)। ३ निरन्तरता, अ-व्यवधान; (भग ६, १)। ४ व्यवधान, अन्तर; "अणंतरोववरणगा चेव परंपरोववरणगा चेव" (ठा २, २; भग १३, १)।

परंभरि वि [परम्भरि] दूसरे का पेट भरने वाला; (ठा ४,३—पत्र २४७)।

परंमुह वि [पराङ्मुख] मुँह-फिरा, विमुख; (पि २६७)।

परकीअ, परकेर, परक्क } वि [परकीय] अन्य-संबन्धी, इतर से संबन्ध रखने वाला; (विसे ४१; सुपा ३४६; अभि १५१; षड्; स्वप्न ४०; स २०७; षड्), "न से-वियव्वा पमया परक्का" (गोय १३)।

परक्क न [दे] छोटा प्रवाह; (दे ६, ८)।

परक्कंत वि [पराक्रान्त] १ जिसने पराक्रम किया हो वह; २ अन्य से आक्रान्त; "गामाणुगामं दूइज्जमाणस्स दुज्जायं दुप्परक्कंतं भवइ" (आचा)। ३ न. पराक्रम, बल; ४ उद्यम, प्रयत्न; ५ अनुष्ठान; "जे अबुद्धा महाभागा वीरा असम्मत्तदंसिणो, असुद्धं तेसि परक्कंतं" (सूअ १, ८, २२)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

परक्कम अक [परा + क्रम्] पराक्रम करना । परक्कमे, परक्कमेज्जा, परक्कमेज्जासि ; (आचा) । वकृ—**परक्कमंत, परक्कममाण**; (आचा)। कृ—**परक्कमियव्व, परक्कम्म**; (णाया १, १ ; सूअ १, १, १) ।

परक्कम पुंन [**पराक्रम**] १ वीर्य, बल, शक्ति, सामर्थ्य ; (विसे १०४६ ; ठा ३, १ ; कुमा), "तस्स परक्कमं गीयमाणं न तए सुयं" (सम्मत्त१७६) । २ उत्साह ; ३ चेष्टा, प्रयत्न ; (आचू १; प्रासू ६३ ; आचा) । ४ शत्रु का नाश करने की शक्ति ; (जं ३) । ५ पर-आक्रमण, पर-पराजय ; (ठा ४ , १ ; आवम) । ६ गमन, गति ; (सूअ २, १, ६) ।

परक्कमि वि [**पराक्रमिन्**] पराक्रम-संपन्न ; (धर्मवि १६ ; १२०) ।

परग न [**दे. परक**] १ तृण-विशेष, जिससे फूल गूँथे जाते हैं ; (आचा २, २, ३, २० ; सूअ २, २, ७) । २ धान्य-विशेष ; (सूअ २, २, ११) ।

परगासय वि [**प्रकाशक**] प्रकाश करने वाला; (तंदु ४६)।

परज्ज (अप) सक [**परा + जि**] पराजय करना, हराना । परज्जइ ; (भवि) ।

परज्जिय (अप) वि [**पराजित**] पराजय-प्राप्त, हराया हुआ ; (भवि) ।

परज्झ वि [**दे**] १ पर-वश, पराधीन, परतन्त्र ; "जेसंखया; तुच्छपरप्पवाई ते पेज्जदोसाणुगया परज्झा" (उत्त ४, १३ बृह ४) । २ पुंन. परतन्त्रता, पराधीनता ; (ठा १०—पत्र ५०५ ; भग ७, ८—पत्र ३१४) ।

परट्ट देखो **परिअट्ट**=परिवर्त ; (जीवस २५२ ; पव १६२ ; कम्म ५, ५६) ।

परडा स्त्री [**दे**] सर्प-विशेष ; (दे ६, ५), "उच्चारं कुणमाणो अपाणदेसम्मि गरुयपरडाए, दट्ठो पीडाए मओ" (सुपा ६२०) ।

परदारिअ पुं [**पारदारिक**] परस्त्री-लम्पट ; (पउम १०५, १०७) ।

परद्ध वि [**दे**] १ पीडित, दुःखित ; (दे ६, ७०; पाअ; सुर ७, ४ ; १६, १४४ ; उप पृ २२० ; महा) । २ पतित; ३ भीरु, डरपोक ; (दे ६, ७०) । ४ व्याप्त; " जीइ परद्धा जीवा न दोसगुणदंसिणो होंति" (धम्मो १४)।

परप्पर देखो **परोप्पर**; (पि ३११; नाट—मालती १६८) ।

परब्भवमाण देखो **पराभव** ॥ परा + भू ।

परभत्त वि [**दे**] भीरु, डरपोक ; (षड्) ।

परभाअ पुं [**दे**] सुरत, मैथुन ; (दे ६, २७) ।

परम वि [**परम**] १ उत्कृष्ट, सर्वाधिक ; (सूअ १, ६ ; जी ३७) । २ उत्तम, सर्वोत्तम, श्रेष्ठ ; (पंचव ४ ; धर्म ३ ; कुमा) । ३ अत्यर्थ, अत्यन्त ; (पण्ह १, ३ ; भग ; औप) । ४ प्रधान, मुख्य; (आचा; दस ६, ३) । ५ पुं. मोक्ष, मुक्ति; ६ संयम, चारित्र ; (आचा ; सूअ १, ६) । ७ न. सुख ; (दस ४) । ८ लगातार पाँच दिनों का उपवास; (संबोध ५८) । °**ट्ठ** पुं [°**ार्थ**] १ सत्य पदार्थ, वास्तविक चीज ; "अयं परमट्ठे सेसे अणट्ठे" (भग; धर्म १) । २ मोक्ष, मुक्ति ; (उत्त १८ ; पण्ह १, ३) । ३ संयम, चारित्र ; (सूअ १, ६) । ४ पुंन. देखो नीचे °**त्थ**=ार्थ ; "परमट्ठनिट्ठिअट्ठा" (पडि ; धर्म २) । °**ण्ण** देखो °**न्न** ; (सम १५१) । °**त्थ** पुंन [°**ार्थ**] १ तत्त्व, सत्य; "तत्तं परमत्थं " (पाअ), "परमत्थदो" (अभि ६१) । २—४ देखो °**ट्ठ** ; (सुपा २४ ; ११० ; सण ; प्रासू १६४; महा)। °**त्थ** न [°**ास्त्र**] सर्वोत्तम हथियार, अमोघ अस्त्र ; (से १, १) । °**दंसि** वि [°**दर्शिन्**] १ मोक्ष देखने वाला ; २ मोक्ष-मार्ग का जानकार ; (आचा) । °**न्न** न [°**न्न**] १ खीर, दुग्ध-प्रधान मिष्ट भोजन ; (सुपा ३६०) । २ एक दिन का उपवास ; (संबोध ५८) । °**पय** न [°**पद**] मोक्ष, निर्वाण, मुक्ति ; (पाअ; भवि ; अजि ४० ; पंचा १४) । °**प्प** पुं [°**ात्मन्**] सर्वोत्तम आत्मा, परमेश्वर ; (कुमा ; सुपा ८३ ; रयण४३)। °**प्पय** देखो °**पय** ; (सुपा १२७) । °**प्पय** देखो °**प्प** ; (भवि)। °**प्पया** स्त्री [°**ात्मता**] मुक्ति, मोक्ष ; "सेलेसिं आरुहिउं अरिकेसरिसूरी परमप्पयं पत्तो" (सुपा १२७) । °**बोधिसत्त** पुं [°**बोधिसत्त्व**] परमार्हत, अर्हन् देव का परम भक्त ; (मोह ३) । °**संखिज्ज** न [°**संख्येय**] संख्या-विशेष ; (कम्म ४, ७१) । °**सोमणस्सिय** वि [°**सौमनस्यित**] सर्वोत्तम मन वाला, संतुष्ट मन वाला; (औप; कप्प) । °**सोमणस्सिय** वि [°**सौमनस्यिक**] वही अर्थ ; (औप ; कप्प) । °**हेला** स्त्री [°**हेला**] उत्कृष्ट तिरस्कार ; (सुपा ४७०) । °**ाउ** न [°**ायुस्**] १ लम्बा आयुष्य, बड़ी उमर ; (पउम १०, ७) । २ जीवित-काल, उमर; (विपा १, १) । °**ाणु** पुं [°**ाणु**] सर्व-सूक्ष्म वस्तु; (भग; गउड) । °**ाहम्मिय** [°**ाधार्मिक**] असुर-विशेष, नारक जीवों को दुःख देने वाले

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

देवों की एक जाति; (सम २८)। °हाोहिअ वि [°ाधोवधिक] अवधिज्ञान-विशेष वाला, ज्ञानि-विशेष; (भग)।

परमिट्ठि पुं [**परमेष्ठिन्**] १ ब्रह्मा, चतुरानन; (पाअ; सम्मत्त ७८)। २ अर्हन्, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और मुनि; (सुपा ६५; आप ६८; गण ६; निसा २०)।

परमुक्क वि [**परामुक्त**] परित्यक्त; (पउम ७१, २६)।

परमुवगारि, **परमुवयारि** } वि [**परमोपकारिन्**] बड़ा उपकार करने वाला; (सुर २, ४२; २, ३७)।

परमुह देखो **परम्मुह**; (से २, १६)।

परमेट्ठि देखो **परमिट्ठि**; (कुमा; भवि; चेइय ४६६)।

परमेसर पुं [**परमेश्वर**] सर्वैश्वर्य-संपन्न, परमात्मा; (सम्मत्त १४४; भवि)।

परम्मुह वि [**पराङ्मुख**] विमुख, मुँह-फिरा; (गाया १, २; काप्र ७२३; गा ६८८)।

परय न [**परक**] आधिक्य, अतिशय; (उत्त ३४, १४)।

परलोइअ वि [**पारलोकिक**] जन्मान्तर-संबन्धी; (आचा; सम ११६ ; पगह १, ५)।

परवाय वि [**प्रवाज**] १ प्रकृष्ट शब्द से प्रेरणा करने वाला; २ पुं. सारथि, रथ हाँकने वाला; (श्रा २३)।

परवाय वि [**प्रावाय**] १ श्रेष्ठ गाना गाने वाला; २ पुं. उत्तम गवैया; (श्रा २३)।

परवाय पुं [**प्रपाज**] नाज भरने का कोठा, वह घर जहाँ नाज संगृहीत किया जाता है; (श्रा २३)।

परवाया स्त्री [**प्रवाप्**] गिरि-नदी, पहाड़ी नदी; (श्रा २३)।

परस (अप) देखो **फास**=स्पर्श; (पिंग; भवि)। °**मणि** पुं [°**मणि**] रत्न-विशेष, जिसके स्प ' से लोहा सुवर्ण होता है; (पिंग)।

परसण्ण (अप) देखो **पसण्ण**; (पिंग)।

परसु पुं [**परशु**] अस्त्र-विशेष, परश्वध, कुठार, कुल्हाड़ी; (भग ६, ३३; प्रासू ६; ६२; काल)। °**राम** पुं [°**राम**] जमदग्नि ऋषि का पुत्र, जिसने इक्कीस वार निःक्षत्रिय पृथिवी की थी; (कुमा; पि २०८)।

परसुहत्त पुं [**दे**] वृक्ष, पेड़, दरख्त; (दे ६, २९)।

परस्सर पुंस्त्री [**दे. पराशर**] गेंडा, पशु-विशेष; (पगण १; राज)। स्त्री—°**री**; (पगण ११)।

परहुत्त वि [**पराभूत**] पराजित, हराया गया; (पउम ६१, ८)।

परा अ [**परा**] इन अर्थों का सूचक अव्यय;—१ आभिमुख्य, संमुखता; २ त्याग; ३ धर्षण; ४ प्राधान्य, मुख्यता; ५ विक्रम; ६ गति, गमन; ७ भङ्ग; ८ अनादर; ९ तिरस्कार; १० प्रत्यावर्तन; (हे २, २१७)। ११ भृश, अत्यन्त; (ठा ३, २; श्रा २३)।

परा स्त्री [**दे. परा**] तृण-विशेष; (पगह २, ३—पत्र १२३)।

पराइ सक [**परा + जि**] हराना, पराजय करना। संकृ—**पराइइत्ता** ; (सुअनि १६६)।

पराइअ वि [**पराजित**] पराभव-प्राप्त; (पउम २, ८६; औप; स ६३४; सुर ६, २५; १३, १७१; उत्त ३२, १२)।

पराइअ (अप) वि [**परागत**] गया हुआ; (भवि)।

पराइण देखो **पराजिण**। पराइणइ; (पि ४७३; भग)।

पराई स्त्री [**परकीया**] इतर से संबन्ध रखने वाली; (हे ४, ३५०; ३६७)। देखो **पराय**=परकीय।

पराकम देखो **परक्कम**; (सूअ २, १, ६)।

पराकय वि [**पराकृत**] निराकृत, निरस्त; (अज्झ ३०)।

पराकर सक [**परा + कृ**] निराकरण करना। पराकरोदि (शौ); (नाट—चैत ३५)।

पराजय पुं [**पराजय**] परिभव, अभिभव; (राज)।

पराजय, **पराजिण** } सक [**परा + जि**] पराजय करना, हराना। भूका—पराजयित्था; (पि ५१७)। भवि—पराजिणिस्सइ; (पि ५२१)। संकृ—**पराजिणित्ता**; (ठा ४, २)। हेकृ— **पराजिणित्तए**; (भग ७, ९)।

पराजिणिअ, **पराजिय** } देखो **पराइअ**=पराजित; (उप पृ ५२; महा)।

पराण देखो **पाण**=प्राण; (नाट—चैत ५४; पि १३२)।

पराणग वि [**परकीय**] अन्य का, दूसरे का; "जत्थ हिरएण-सुवएणं हत्थेण पराणगंपि नो छिप्पे" (गच्छ २, ५०)।

पराणिय वि [**पराणीत**] पहुँचा हुआ; (भवि)।

पराणी सक [**परा + णी**] पहुँचाना। पराणए; (भवि)। पराणेमि; (स २३४), "जइ भणसि ता निमेसमित्तेण तुमं तायमंदिरं पराणेमि" (कुप्र ६०)।

परानयण न [**पराणयन**] पहुँचाना; "नियभगिणीपरानयणे का लज्जा, अवि य ऊसवो एस" (उप ७२८ टी)।

पराभव सक [**परा + भू**] हराना। कवकृ—**पराभविज्जंत**, **परब्भवमाण**; (उप ३२० टी; णाया १, २; १८)।

पराभव पुं [**पराभव**] पराजय; (विपा १, १)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पराभविअ वि [**पराभूत**] अभिभूत, हराया हुआ; (धर्मवि ६८)।

परामट्ठ देखो **परामुट्ठ**; (पउम ६८, ७३)।

परामरिस सक [**परा+मृश्**] १ विचार करना, विवेचन करना। २ स्पर्श करना। परामरिसइ; (भवि)। वकृ—**परामरिसंत**; (भवि)। संकृ—**परामरिसिअ**; (नाट—मृच्छ ८७)।

परामरिस पुं [**परामर्श**] १ विवेचन, विचार; (प्रामा)। २ युक्ति, उपपत्ति; ३ स्पर्श; ४ न्याय-शास्त्रोक्त व्याप्ति-विशिष्ट रूप से पक्ष का ज्ञान; (हे २, १०५)।

परामिट्ठ } वि [**परामृष्ट**] १ विचारित, विवेचित; २ स्पृष्ट, **परामुट्ठ** } छुआ हुआ; (नाट—मृच्छ ३३; हे १, १३१; स १००; कुप्र ५१)।

परामुस सक [**परा+मृश्**] १ स्पर्श करना, छूना। २ विचार करना, विवेचन करना। ३ आच्छादित करना। ४ पोंछना। ५ लोप करना। परामुसइ; (कस)। कर्म—"सूरो परामुसिज्जइ णाभिमुहुक्खित्तधूलिहिं" (उत्तर १२३)। वकृ—"नियउत्तरिज्जेण नयणाइं **परामुसंते**ण भणियं" (कुप्र ६६)। कवकृ—**परामुसिज्जमाण**; (स ३४६)।

परामुसिय देखो **परामुट्ठ**; (महा; पाअ)।

पराय अक [**प्र+राज्**] विशेष शोभना। वकृ—**परायंत**; (कप्प)।

पराय पुं [**पराग**] १ धूली, रज; "रेणू पंसू रश्रो परात्रो य" (पात्र)। २ पुष्प-रज; (कुमा; गउड)।

पराय } वि [**परकीय**] पर-संबन्धी, इतर से संबन्ध रखने **परायग** } वाला; "नो अप्पणा पराया गुरुणो कइयावि हुंति सुद्धाणं" (सट्ठि १०५; हे ४, ३७६; भग ८, ५)।

परायण वि [**परायण**] तत्पर; (कम्म १, ६१)।

परारिं अ [**परारि**] आगामी तीसरा वर्ष; (प्रासू ११०; वै २)।

पराल देखो **पलाल**; (प्रासू १३८)।

पराव (अप) सक [**प्र+आप्**] प्राप्त करना। परावहिं; (हे ४, ४४२)।

परावत्त अक [**परा+वृत्**] १ बदलना, पलटना। २ पीछे लौटना। परावत्तइ; (उत्तर ८८)। वकृ—**परावत्तमाण**; (राज)।

परावत्त सक [**परा+वर्तय्**] १ फिराना। २ आवृत्ति करना। परावत्तंति; (पव ७१), परावत्तेसि; (मोह ७८)। संकृ—"तो सागरेण भणियं अरे **परावत्तिऊण** नियवरहं" (कुप्र ३७८)।

परावत्त पुं [**परावर्त**] परिवर्तन, हेराफेरी; (स ६२; उप पृ २७; महा)।

परावत्ति वि [**परावर्तिन्**] परिवर्तन कराने वाला; "वेस-परावत्तिणो गुलिया" (महा)।

परावत्ति स्त्री [**परावृत्ति**] परिवर्तन, हेराफेरी; (उप १०३१ टी)।

परावत्तिय वि [**परावर्तित**] परिवर्तित, बदला हुआ; (महा)।

परासर पुं [**पराशर**] १ पशु-विशेष; (राज)। २ ऋषि-विशेष; (औप; गा ८६२)।

परासु वि [**परासु**] प्राण-रहित, मृत; (श्रा १४; धर्मसं ६७)।

पराहव देखो **पराभव**=पराभव; (गुण ६)।

पराहुत्त वि [**दे. पराङ्मुख**] विमुख, मुँह-फिरा; (ग २४५; से १०, ६४; उप पृ ३८८; ओघ ५१४; वज्जा २६), "महविणयपराहुत्तो" (पउम ३३, ७४; सुख २, १७)।

पराहुत्त } वि [**पराभूत**] अभिभूत, हराया हुआ; (उप **पराहूअ** } ६४८ टी; पात्र)।

परि अ [**परि**] इन अर्थों का सूचक अव्यय;—१ सर्वतोभाव, समंतात, चारों ओर; (गा २२; सूअ १, ६)। २ परिपाटी, क्रम; (पिंग)। ३ पुनः पुनः, फिर फिर; (पण्ह १, १; श्रावक २८४)। ४ सामीप्य, समीपता; (गउड ७७६)। ५ विनिमय, बदला; जैसे—'परियाण'=परिदान; (भवि)। ६ अतिशय, विशेष; (स ७३४)। ७ संपूर्णता; जैसे—'परिड्ढिअ'; (पव ६६)। ८ बाहरपन; (श्रावक २८४)। ९ ऊपर; (हे २, २११; सुपा २६६)। १० शेष, बाकी; ११ पूजा; १२ व्यापकता; १३ उपरम, निवृत्ति; १४ शोक; १५ किसी प्रकार की प्राप्ति; १६ आख्यान; १७ संतोष-भाषण; १८ भूषण, अलंकरण; १९ आलिंगन; २० नियम; २१ वर्जन, प्रतिषेध; (हे २, २१७; भवि; गउड)। २२ निरर्थक भी इसका प्रयोग होता है; (गउड १०; सण)।

परि देखो **पडि**=प्रति; (ठा ५, १—पत्र ३०२; पराग १६—पत्र ७७४; ७८१)।

परि स्त्री [**दे**] गीति, गीत; (कुमा)।

परि सक [**क्षिप्**] फेंकना। परिइ; (षड्)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

परिअंज सक [**परि+भञ्ज्**] भाँगना, तोड़ना। परिअं-जइ; (धात्वा १४३)।

परिअंत सक [**श्लिष्**] १ आलिंगन करना। २ संसर्ग करना। परिअंतइ; (हे ४, १६०)।

परिअंत देखो **पज्जंत**; (पगह १, ३; पउम ६५, १६; सूअ २, १, १५)।

परिअंतणा स्त्री [**परियन्त्रणा**] अतिशय यन्त्रणा; (नाट—मालती २८)।

परिअंतिअ वि [**श्लिष्ट**] आलिंगित; (कुमा)।

परिअंभिअ वि [**परिजृम्भित**] विकसित; (से २, २०)।

परिअट्ट अक [**परि+वृत्**] पलटना, बदलना। वकृ—"दिट्ठो अपरिअट्टंतीए सहयारच्छायाए एसो" (कुप्र ४५; महा), **परियट्टमाण**; (महा)।

परिअट्ट सक [**परि+वर्तय्**] १ पलटाना, बदलाना। २ आवृत्ति करना, पठित पाठ को याद करना। ३ फिराना, घुमाना। परियट्टइ, परियट्टेइ; (भवि; उव)। हेकृ—"**परियट्टिउ**माढत्तो नलिणीगुम्मं ति अज्झयणं" (कुप्र १७३)।

परिअट्ट सक [**परि+अट्**] परिभ्रमण करना, घूमना। परिअट्टइ; (हे ४, २३०)। संकृ—**परियट्टिवि** (अप); (भवि)।

परिअट्ट पुं [**दे**] रजक, धोबी; (दे ६, १५)।

परिअट्ट पुं [**परिवर्त**] १ पलटाव, बदला; २ समय का परिमाण-विशेष, अनन्त उत्सर्पिणी-अवसर्पिणी काल; (विपा १, १; सुर १६, १४५; पव १६२)।

परिअट्टग वि [**परिवर्तक**] परिवर्तन करने वाला; (निचू १०)।

परिअट्टण न [**परिवर्तन**] १ पलटाव, बदला करना; (पिंड ३२४; वै ६७)। २ द्विगुण, त्रिगुण आदि उपकरण; (आचा १, २, १, १)।

परिअट्टणा स्त्री [**परिवर्तना**] १ फिर फिर होना; (पगह १, १)। २ आवृत्ति, पठित पाठ का आवर्तन; (आचा २, १, ४, २; उत्त २६, १; ३०, ३४; औप; ठा ५, ३)। ३ द्विगुण आदि उपकरण; (पि २८६)। ४ बदला करना; (पिंड ३२५)।

परिअट्टय वि [**पर्यटक**] परिभ्रमण करने वाला; "मेरुगिरिस-ययपरियट्टयं" (कप्प ३६)।

परिअट्टलिअ वि [**दे**] परिच्छिन्न; (दे ६, ३६)।

परिअट्टविअ वि [**दे**] परिच्छन्न; (षड्)।

परिअट्टिय वि [**परिवर्तित**] बदलाया हुआ; (ठा ३, ४; पिंड ३२३; पंचा १३, १२)। देखो **परिअत्तिअ**।

परिअड सक [**परि+अट्**] परिभ्रमण करना। परिअडंति; (श्रावक १३३)। वकृ—**परियडंत**; (सुर २, २)।

परिअडण न [**पर्यटन**] परिभ्रमण; (स ११४)।

परिअडि स्त्री [**दे**] १ वृति वाड; २ वि. मूर्ख, बेवकूफ; (दे ६, ७३)।

परिअडिअ वि [**पर्यटित**] परिभ्रान्त, भटका हुआ; (सिक्खा १७)।

परिअड्डिअ वि [**दे**] प्रकटित; व्यक्त किया हुआ; (षड्)।

परिअड्ढ अक [**परि+वृध्**] बढ़ना। "परिअड्ढइ लायगणं" (हे ८, २२०)।

परिअड्ढ सक [**परि+वर्धय्**] बढ़ाना; (हे ४, २२०)।

परिअड्ढि स्त्री [**परिवृद्धि**] विशेष वृद्धि; (प्राकृ २१)।

परिअड्ढिअ वि [**परिवर्धिन्, °क**] बढ़ाने वाला; "समणगण-वंदपरियड्ढिए" (औप)।

परिअड्ढिअ वि [**पर्याढ्यक**] परिपूर्ण; (औप)।

परिअड्ढिअ वि [**परिकर्षिन्, °क**] खींचने वाला, आकर्षक; (औप)।

परिअड्ढिअ वि [**परिकृष्ट**] खींचा हुआ, आकृष्ट; "जस्स समरेसु रेहइ हयगयमयमिलियपरिमिलुग्गारा। दढपरियड्ढियजयसिरिकेसकलावो व्व खग्गलया" (सुपा ३१)।

परिअण पुं [**परिजन**] १ परिवार, कुटुम्ब, पुत्र-कलत्र आदि पालनीय वर्ग; २ अनुचर, अनुगामी; (गा २८३; गउड; पि ३५०)।

परिअत्त देखो **परिअंत**=श्लिष्। परिअंतइ; (हे ४, १६० टि)।

परिअत्त देखो **परिअट्ट**=परि+वृत्। परियत्तइ; (भवि)। "नडुव्व परिअत्तए जीवो" (वै ६०), परियत्तए; (उवा)। वकृ—**परियत्तमाण**; (महा)।

परिअत्त देखो **परिअट्ट**=परि+वर्तय्। संकृ—**परियत्तेउ**; (तंदु ३८)।

परिअत्त देखो **परिअट्ट**=परिवर्त; (औप)।

परिअत्त वि [**दे**] प्रसृत, फैला हुआ; "सव्वासणरिउसंभवहो करपरिअत्ता तावँ" (हे ४, ३६५)।

परिअत्त वि [**परिवृत्त**] पलटा हुआ; (भवि)।

परिअत्तण देखो **परिअट्टण**; (गउड),

"[illegible]परिअत्तणखेयवसपरिस्संता।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अत्था किविणघरत्था सुत्थावत्था सुयंति व्व" (सुपा ६३३)।

परिअत्तणा देखो **परिअट्टणा**; (राज)।

परिअत्तमाण देखो **परिअत्त**।

परिअत्तमाणी स्त्री [**परिवर्तमाना**] कर्म-प्रकृति-विशेष, वह कर्म-प्रकृति जो अन्य प्रकृति के बन्ध या उदय को रोक कर स्वयं बन्ध या उदय को प्राप्त होती है; (पंच ३, १४; ३, ४३; कम्म ५, १ टी)।

परिअत्ता स्त्री [**परिवर्ता**] ऊपर देखो; (कम्म ५, १)।

परिअत्तिअ वि [**परिवर्तित**] १ मोड़ा हुआ; "वालिअयं परिअत्तिअं" (पाअ)। २ देखो **परिअट्टिय**; (भवि)।

परिअर सक [**परि+चर्**] सेवा करना। वकृ—**परिअरंत**; (नाट—शकु १५८)।

परिअर वि [**दे**] लीन, निमग्न; (दे ६, २४)।

परिअर पुं [**परिकर**] १ कटि-बन्धन; "सन्नद्धबद्धपरियर-भडेहिं" (भवि)। २ परिवार; "किरणकिलामियपरि-यरभुयंगविसजलणधूमतिमिरेहिं" (गउड; चेइय ६४)।

परिअर पुं [**परिचर**] सेवक, भृत्य; "अणुणिज्जंतं रक्खा-परिअरखुअधवलचामरग्गिहेण" (गउड)।

परिअरण न [**परिचरण**] सेवा; (संबोध ३६)।

परिअरणा स्त्री [**परिचरणा**] सेवा; (सम्मत्त २१५)।

परिअरिय वि [**परिकरित, परिवृत**] १ परिवार-युक्त; "हय-गयरहजोहसुहडपरियरिओ" (महा; भवि; सण)। २ परिवेष्टित; "तओ तं समायणिऊण सुइसुहं ताण गेयं समंतओ परियरिया सव्वलोगेणं" (महा; सिरि १२८२)।

परिअल सक [**गम्**] जाना, गमन करना। परिअलइ; (हे ४, १६२)।

परिअल } पुंस्त्री [**दे**] थाल, थलिया, भोजन-पात्र; (भवि;
परिअलि } दे ६, १२)।

परिअलिअ वि [**गत**] गया हुआ; (कुमा)।

परिअल्ल देखो **परिअल**। परिअल्लइ; (हे ४, १६२)। संकृ—**परिअल्लिऊण**; (कुमा)।

परिआरअ वि [**परिचारक**] सेवक, भृत्य; (चारु ५३)। स्त्री—°**रिआ**; (अभि १९६)।

परिआल सक [**वेष्टय्**] वेष्टन करना, लपेटना। परिआलेइ; (हे ४, ५१)।

परिआल वि [**दे**] परिवृत, परिवेष्टित;
"सो जयइ जामइल्लायमाणमुहलालिवलयपरिआलं।
लच्छिनिवेसंतेउरवइं व जो वहइ वणमालं" (गउड)।

परिआल देखो **परिवार**; (णाया १, ८; ठा ४, २; औप)।

परिआलिअ वि [**वेष्टित**] लपेटा हुआ, वेढ़ा हुआ; (कुमा; पाअ)।

परिआविअ सक [**पर्या+पा**] पीना। परिआविएज्जा; (सूअ २, १, ४६)।

परिआसमंत (अप) अ [**पर्यासमन्तात्**] चारों ओर से; (भवि)।

परिइ सक [**परि+इ**] पर्यटन करना। परियंति; (उत्त २७, १३)।

परिइण्ण वि [**परिकीर्ण**] व्याप्त; (सम्मत्त १५६)।

परिइद (शौ) वि [**परिचित**] परिचय-विशिष्ट, ज्ञात, पहचाना हुआ; (अभि २४५)।

परिउंब सक [**परि+चुम्ब्**] चुम्बन करना। परिउंबइ; (भवि)।

परिउंबण न [**परिचुम्बन**] सर्वतः चुम्बन; (गा २२; हास्य १३४)।

परिउंबणा स्त्री [**परिचुम्बना**] ऊपर देखो; "गंडपरिउंबणा-पुलइअंग ण पुणो चिराइस्सं" (गा २०)।

परिउज्झिय वि [**पर्युज्झित**] सर्वथा त्यक्त; (सण)।

परिउट्ठ वि [**परितुष्ट**] विशेष तुष्ट; (स ७३४)।

परिउत्थ वि [**दे**] प्रोषित, प्रवास में गया हुआ; (दे ६, १३)।

परिउसिअ वि [**पर्युषित**] वासी, ठराडा, भाफ निकला (भो-जन); (दे १, ३७)।

परिऊढ वि [**दे. परिगूढ**] क्षाम, कृश, पतला;
"उप्फुल्लिआइ खेल्लउ मा णं वारेहि होउ परिऊढा।
मा जहणाभारगरुई पुरिसाअंती किलिम्मिहिइ" (गा१९६)।

परिऊरण न [**परिपूरण**] परिपूर्ति; (नाट—शकु ८)।

परिएस देखो **परिवेस**=परि+विष्। कवकृ—**परिएसिज्ज-माण**; (आचा २, १, २, १)।

परिएस देखो **परिवेस**=परिवेश; (स ३१२)।

परिओस सक [**परि+तोषय्**] संतुष्ट करना, खुशी करना। परिओसइ; (भवि; सण)।

परिओस पुं [**परितोष**] आनन्द, संतोष, खुशी; (से ११, ३; गा ६८; २०६; स ६; सुपा ३७०)।

परिओस पुं [**दे. परिद्वेष**] विशेष द्वेष; (भवि)।

परिओसिय वि [**परितोषित**] संतुष्ट किया हुआ; (से १३, २; भवि)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

परिंत देखो **परी**=परि+इ।

परिकंख सक [**परि+काङ्क्ष्**] १ विशेष अभिलाषा करना। २ प्रतीक्षा करना। परिकंखए; (उत्त ७, २)।

परिकंद पुं [**परिक्रन्द**] आक्रन्द, चिल्लाहट; (हम्मीर ३०)।

परिकंपि वि [**परिकम्पिन्**] अतिशय कँपाने वाला; (गउड)।

परिकंपिर वि [**परिकम्पितृ**] विशेष काँपने वाला; (सण)।

परिकच्छिय वि [**परिकक्षित**] परिगृहीत; (राय)।

परिकट्टलिअ वि [**दे**] एकत्र पिण्डीकृत; (पिंड २३६)।

परिकड्ढ सक [**परि+कृष्**] १ पार्श्व भाग में खींचना। २ प्रारम्भ करना। वकृ—**परिकड्ढेमाण**; (राज)। संकृ—**परिकड्ढिऊण**; (पंचव २)।

परिकढिण वि [**परिकठिन**] अत्यन्त कठिन; (गउड)।

परिकप्प सक [**परि+कल्पय्**] १ निष्पादन करना। २ कल्पना करना। परिकप्पयंति; (सुअ १, ७, १३)। संकृ—**परिकप्पिऊण**; (चेइय १४)।

परिकप्पिय वि [**परिकल्पित**] छिन्न, काटा हुआ; (पण्ह १, ३)। देखो **परिगप्पिय**।

परिकब्बुर वि [**परिकर्बुर**] विशेष कबरा; (गउड)।

परिकम्म } न [**परिकर्मन्**] १ गुण-विशेष का आधान,
परिकम्मण } संस्कार-करण; "परिकम्मं किरियाए वत्थूणं गुणविसेसपरिणामो" (विसे ९२३; सुर १३, १२४), "तेवि पयट्टा काउं सरीरपरिकम्मणं एवं" (कुप्र २७१; कप्प; उव)। २ संस्कार का कारण-भूत शास्त्र; (णंदि)। ३ गणित-विशेष; ४ संख्यान-विशेष, एक तरह की गणना; (ठा १०—पत्र ४९६)। ५ निष्पादन; (पव १३३)।

परिकम्मणा स्त्री. ऊपर देखो; "खेत्तमरूवं निच्चं न तस्स परिकम्मणा नय विणासो" (विसे ९२४; सम्म ५४; संबोध ५३; उपपं ३४)।

परिकम्मिय वि [**परिकर्मित**] परिकर्म-विशिष्ट, संस्कारित; (कप्प)।

परिकर देखो **परिअर**=परिकर; (पिंग)।

परिकलण न [**परिकलन**] उपभोग; "भमरपरिकलणखमकमलभूसियसरो" (सुपा ३)।

परिकलिअ वि [**परिकलित**] १ युक्त, सहित; (सिरि ३८१)। २ व्याप्त; (सम्मत्त २१५)। ३ प्राप्त; "अंजलिपरिकलियजलं व गलइ इह जोयं" (धर्मवि २५)।

परिकवलणा स्त्री [**परिकवलना**] भक्षण; "हरियपरिकवलणाभुद्दगासंकुला" (सुपा ३)।

परिकविल वि [**परिकपिल**] सर्वतोभाव से कपिल वर्ण वाला; (गउड)।

परिकविस वि [**परिकपिश**] अतिशय कपिश रँग वाला; (गउड)।

परिकसण न [**परिकर्षण**] खींचाव; (गउड)।

परिकह सक [**परि+कथय्**] प्ररूपण करना, कहना। परिकहेइ; (उवा), परिकहंतु; (कम्म ६, ७५)। कर्म—परिकहिज्जइ; (पि ५४३)। हेकृ—**परिकहेउं**; (औप)।

परिकहण न [**परिकथन**] आख्यान, प्ररूपण; (सुपा २)।

बाल पुं [**बाल**] १ बाल, केश; (उप ८३४)। २ बालक, शिशु; (कुमा; प्रासू ११६)। ३ वि. मूर्ख, अज्ञानी; (पाअ)। ४ नया, नूतन; (कप्पू)। ५ पुं. स्वनाम-ख्यात एक विद्याधर राजा; (पउम १०, २१)। ६ वि. असंयत, संयम-रहित; (ठा ४, ३)। °**कइ** पुं [°**कवि**] तरुण कवि, नया कवि; (कप्पू)। °**क** पुं [°**ार्क**] उदित होता सूर्य; (कुमा)। °**ग्गाह** पुं [°**ग्राह**] बालक की सार-सम्हाल करने वाला नौकर; (सुर १, १६२)। °**ग्गाहि** पुं [°**ग्राहिन्**] वही पूर्वोक्त अर्थ; (णाया १, २—पत्र ८४)। °**घाय** वि [°**घात**] बाल-हत्या करने वाला; (णाया १, २; १८)। °**तव** पुंन [°**तपस्**] १ अज्ञानी की तपश्चर्या; (भग; औप)। २ वि. अज्ञान-पूर्वक तप करने वाला, (कम्म १, ५६)। °**तवस्सि** वि [°**तपस्विन्**] अज्ञान-पूर्वक तप करने वाला, मूर्ख तपस्वी; (पि ४०५)। °**पंडिअ** वि [°**पण्डित**] आंशिक त्याग करने वाला, कुछ अंश में त्यागी और कुछ में अ-त्यागी; (भग)। °**बुद्धि** वि [°**बुद्धि**] अनभिज्ञ; (धण ५०)। °**मरण** न [°**मरण**] अ-विरत दशा का मरण, अ-संयमी की मौत; (भग; सुपा ३५७)। °**वियण** पुंस्त्री [°**व्यजन**] चामर; (णाया १, ३), स्त्री—"उवणहाओ बालवी(? वि)अणी" (ठा ५,१—पत्र ३०३)। °**हार** पुं [°**धार**] बालक की सार-सम्हाल करने वाला नौकर; (सुपा ४५८)।

बाल देखो **बल**। °**ण्ण**, °**न्न** वि [°**ज्ञ**] बल को जानने वाला; (आचा १, २, ५, ५; आचा)।

बाल न [**बाल्य**] बालत्व, बालपन, मूर्खता; (उत्त ७, ३०)। देखो **बल्ल**।

बालअ देखो **बाल**=बाल; (गा १२६)।

बालअ पुं [**दे**] वणिक्-पुत्र; (दे ६, ६२)।

बालग्गपोइआ स्त्री [**दे**] १ जल-मन्दिर, तलाव आदि में बनवाया जाता छोटा प्रासाद; २ वलभी, अट्टालिका; (उत्त ६, २४)।

बाला स्त्री [**बाला**] १ कुमारी, लड़की; (कुमा)। २ मनुष्य की दश अवस्थाओं में पहली दशा, दश वर्ष तक की अवस्था; (तंदु १६)। ३ छन्द-विशेष; (पिंग)

बालालुंबी स्त्री [**दे**] तिरस्कार, अवहेलना; (सुपा १४)।

बालि वि [**बालिन्**] बाल-प्रधान, सुन्दर केश वाला; (अणु; बृह १)।

बालिआ स्त्री [**बालिका**] बाला, कुमारी, लड़की; (प्रासू ५१; महा)।

बालिआ स्त्री [**बालता**] १ बालकपन, शिशुता; (भग)। २ मूर्खता, बेवकूफी; "विइया मंदस्सा बालिया" (आचा)।

बालिस वि [**बालिश**] मूर्ख, बेवकूफ; (पाअ; धण २३)।

बाह सक [**बाध्**] १ विरोध करना। २ रोकना। ३ पीड़ा करना। ४ विनाश करना। बाहइ, बाहए; (पंचा ५, १५; हे १, १८७; उव), बाहंति; (कुप्र ६८)। कवकृ—**बाहिज्जंत, बाहीअमाण** ; (पउम १८, १६; सुपा ६४५; अभि २४४)। कृ—**बाहणिज्ज**; (कप्पू)।

बाह पुं [**बाष्प**] अश्रु, आँसू; (हे २, ७०; पाअ; कुमा)।

बाह पुं [**बाध**] विरोध; (भास ३४)।

बाह देखो **बाढ**; (प्रयौ ३७)।

बाह पुं [**बाहु**] हाथ, भुजा ; (संक्षि २)।

बाहग वि [**बाधक**] १ रोकने वाला; (पंचा १, ४६)। २ विरोधी; "अब्भुवगयबाहगा नियमा" (श्रावक १६२)।

बाहड पुं [**बाहड, वाग्भट**] राजा कुमारपाल का स्वनाम-प्रसिद्ध मन्त्री; (कुप्र ६)।

बाहण न [**बाधन**] १ बाधा, विरोध; (धर्मसं १२७६)। २ विराधन; (पंचा १६, ५)।

बाहणा स्त्री [**बाधना**] ऊपर देखो; (धर्मसं १११)।

बाहर देखो **बाहिर**; ([illegible])।

बाहल पुं [**बाहल**] देश-विशेष; (आवम)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वाहल्ल न [वाहल्य] स्थूलता, मोटाई; (सम ३५; ठा ८—पत्र ४४०; औप) ।

वाहा स्त्री [वाधा] १ हरकत, हरज; २ विरोध; (सुपा १२६) । ३ पीड़ा, परस्पर संश्लेष में होने वाली पीड़ा; (जं १; भग १४, ८) ।

वाहा स्त्री [वाहु] हाथ, भुजा; (हे १, ३६; कुमा; महा; उवा; औप) ।

वाहा स्त्री [दे. वाहा] नरकावास-श्रेणी; (देवेन्द्र ७७) ।

वाहि, वाहिं अ [वाहिस्] वाहर; (सुज्ज १६—पत्र २७१; महा; आचा; कुमा; हे २, १४०; पि ४८१) ।

वाहिज्ज न [वाधिर्य] वधिरता, वहरापन; (विसे २०८) ।

वाहिर अ [वहिस्] वाहर; (हे २, १४०; पाअ; आचा; उव) । °ओ अ [°तस्] वाहर से; (कप्प) ।

वाहिर वि [वाह्य] वाहर का; (आचा; ठा २, १—पत्र ५५; भग २, ८ टी) । °उद्धि पुं [°ऊर्ध्विन्] कायोत्सर्ग का एक दोष, दोनों पार्ष्णि मिला कर और पैर को फैला कर किया जाता कायोत्सर्ग; (चेइय ४८६) ।

वाहिरंग वि [वहिरङ्ग] वाहर का, वाह्य; (सूअ २, १, ४२) ।

वाहिरिय वि [वाहिरिक, वाह्य] वाहर का, वाहर से संबन्ध रखने वाला; (सम ८३; णाया १, १; पिंड ६३६; औप; कप्प) ।

वाहिरिया स्त्री [वाहिरिका] किले के वाहर की गृह-पङ्क्ति, नगर के वाहर का मुहल्ला; (सूअ २, ७, १; स ६६) ।

वाहिरिल्ल वि [वाह्य] वाहर का; (भग; पि ५६५) ।

वाहु पुंस्त्री [वाहु] १ हाथ, भुजा; (हे १, ३६; आचा; कुमा) । २ पुं. भगवान् ऋषभदेव का एक पुत्र, वाहुवलि; (कुप्र ३१०) । °वलि पुं [°वलि] १ भगवान् आदिनाथ का एक पुत्र, तक्षशिला का एक राजा; (सम ६०; पउम ४, ५२; उव) । २ वाहुवलि के प्रपौत्र का पुत्र; (पउम ५, ११) । °मूल न [°मूल] कक्षा, वगल; (कप्पू) ।

वाहुअ पुं [वाहुक] स्वनाम-ख्यात एक ऋषि; (सूअ १, ३, ४, २) ।

वाहुडिअ वि [दे] लज्जित, शरमिंदा; (सुपा ४७४) ।

वाहुया स्त्री [वाहुका] त्रीन्द्रिय जन्तु-विशेष; (राज) ।

वाहुलग देखो वाहु ; (तंदु ३६) ।

वाहुलेय पुं [वाहुलेय] गो-वत्स, वैल, वृषभ; (आवम) ।

वाहुल्ल न [वाहुल्य] वहुलता, प्रचुरता; (पिंड ५६; भग; सुपा २७; उप ६०७) ।

वाहुल्ल वि [वाष्पवत्] अश्रु वाला; (कुमा; सुपा ४६०) ।

वि वि. व. [द्वि] दो, २; "विन्नि" (हे ४, ४१८; नव ४; ठा २, २; कम्म ४, २; १०; सुख १, १४) । °जडि पुं [°जटिन्] एक महाग्रह, ज्योतिष्क देव-विशेष; (सुज्ज २०) । °दल न [°दल] चना आदि वह धान्य जिसके दो टुकड़े वरा-वर के होते हैं; "जह विदलं सूलीणं" (वि ३) । °याल देखो वा-याल; (कम्म ६, २८) । °यालसय पुंन [°चत्वारिंशच्छत] एक सौ वेआलीस, १४२; (कम्म २, २६) । °विह वि [°विध] दो प्रकार का; (पिंग) । °सट्ठि स्त्री [°षष्टि] वासठ, ६२; (सुज्ज १०, ६ टी) । °सत्तरि, °सयरि स्त्री [°सप्तति] वहतर, ७२; (पव १६; जीवस २०६; कम्म ३, ५) ।

वि°, विअ वि [द्वितीय] दूसरा; (कम्म ३, १६; पिंग) । °कसाय पुं [°कषाय] अप्रत्याख्यानावरण-नामक कषाय; (कम्म ४, ५६) ।

विअ न [द्विक] दो का समुदाय, युग्म, युगल; (भग; कम्म १, ३३; प्रासू १६) ।

विआया स्त्री [दे] कीट-विशेष, संलग्न रहने वाला कीट-द्वय; (दे ६, ९३) ।

विइअ देखो विइज्ज; (हे १, ५; पव १६४) ।

विइआ देखो वीआ; (राज) ।

विइज्ज वि [द्वितीय] १ दूसरा; (हे १, २४८; प्रासू ५६) । २ सहाय, मदद करने वाला; (पाअ; सुर ३, १४) ।

"जे दुहियम्मि न दुहिया, आवइपत्ते विइज्जया नेव ।
पहुणो न ते उ भिच्चा, धुत्ता परमत्थओ णेया"
(सुर ७, १४५) ।

विउण वि [द्विगुण] दुगुना; (हे १, ६४; २, ७६; गा २८६) । °यर वि [°कारक] दुगुना करने वाला; (भवि) ।

विउण सक [द्विगुणय्] दुगुना करना । विउणेइ; (पि ५५६) ।

विंट न [वृन्त] फलादि का वन्धन; "वंधणं विंटं" (पाअ) । °सुरा स्त्री [°सुरा] मदिरा, दारू; "विंटसुरा पिट्ठखउरिया मइरा" (पाअ) ।

विंत देखो वू=व्रू ।

विंदिय वि [द्वीन्द्रिय] जिसको त्वचा और जीभ ये दो ही इन्द्रियाँ हों वह; (औप) ।

विंदु पुंन [विन्दु] १ अल्प अंश; २ विन्दी, शून्य, अनुस्वार; ३ दोनों भ्रू का मध्य भाग; ४ रेखागणित का एक चिह्न; "विंदुणो,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बिंदुइ" (हे १, ३४; कप्प; उप १०२२; स्वप्न ३६; कस; कुमा)। °कला स्त्री [°कला] अनुस्वार, बिन्दी; (सिरि १६६)। °सार न [°सार] १ चौदहवाँ पूर्व, जैन ग्रन्थांश-विशेष; (सम २६; विसे ११२६)। २ पुं. मौर्य वंश का एक राजा, राजा चन्द्रगुप्त का पुत्र; (विसे ८६२)।

बिंदुइअ वि [बिन्दुकित] बिन्दु-युक्त, बिन्दु-विलिप्त; (पात्र; गउड)।

बिंदुइज्जंत वि [बिन्दूयमान] बिन्दुओं से व्याप्त होता; (से ११, १२५)।

बिंद्रावण न [वृन्दावन] मथुरा के पास का एक वैष्णव-तीर्थ; (प्राकृ १७)।

बिंब सक [बिम्ब्] प्रतिबिम्बित करना। कर्म—बिंबिज्जइ; (सूक्त ४६)।

बिंब न [बिम्ब] १ प्रतिमा, मूर्ति; (कुमा)। २ छन्द-विशेष; (पिंग)। ३ न. बिम्बीफल, कुन्दरून का फल; (गाया १, ८—पत्र १२६; पात्र, कुमा; दे २, ३६)। ४ प्रतिबिम्ब, प्रतिच्छाया; ५ अर्थ-शून्य आकार, "अयाणं जणं पस्सति बिंबभूयं" (सूत्र १, १३, ८)। ६ सूर्य तथा चन्द्र का मण्डल; (गउड; कप्पू)।

बिंबवय न [दे] फल-विशेष, भिलावाँ; "बिंबवयं भल्लायं" (पात्र)।

बिंबिसार देखो **भिंभिसार**; (अंत)।

बिंबी स्त्री [बिम्बी] लता-विशेष, कुन्दरुन का गाछ; (कुमा)। °फल न [°फल] कुन्दरुन का फल; (सुपा २६३)।

बिंबोवणय न [दे] १ क्षोभ; २ विकार; ३ ओसीसा, उच्छीर्षक, (दे ६, ६८)।

बिंह सक [वृंह्] पोषण करना। कृ—देखो **बिंहणिज्ज**।

बिंहणिज्ज वि [वृंहणीय] पुष्टि-जनक; (ठा ६—पत्र ३७५; गाया १, १—पत्र १६)।

बिंहिअ वि [वृंहित] पुष्ट, उपचित; (हे १, १२८)।

बिग्गाइआ } स्त्री [दे] कीट-विशेष, संलग्न रहता कीट-युग्म;
बिग्गाई } गुजराती में 'बगाई'; (दे ६, ६३)।

बिज्जउर न [बीजपूर] फल-विशेष, एक तरह का नीबू; "बिज्जउरचिब्भिडेहिं कुणइ पिहाणाइं सव्वत्थ" (सुपा ६३०)।

बिज्जय (अप) देखो **बिइज्ज**; (भवि)।

बिट्ट पुं [दे] बेटा, लड़का, पुत्र; (चंड)

बिट्टी स्त्री [दे] बेटी, पुत्री, लड़की; (चंड; हे ४, ३३०)।

बिट्ठ वि [दे, विष्ट] बैठा हुआ, उपविष्ट; (ओघ ४७१)।

बिडाल पुं [बिडाल] मार्जार, बिल्ला; (पि २४१)।

बिडालिआ } स्त्री [बिडालिका, °ली] बिल्ली, मार्जारी;
बिडाली } (सम्मत्त १२२; पि २४१)। देखो **बिरालिआ**।

बिडिस देखो **बडिस**; (उप १४२ टी)।

बिदिय देखो **बिइअ**; (उप २७६)।

बिन्ना स्त्री [वेन्ना] भारत की एक नदी; (पिंड ५०३)।

बिब्बोअ पुं [बिब्बोक] १ स्त्री की शृंगार-चेष्टा-विशेष, इष्ट अर्थ की प्राप्ति होने पर गर्व से उत्पन्न अनादर-क्रिया; (पण्ह २, ४—पत्र १३१; गाया १, ८—पत्र १४२; भत्त १०६)। २ न. उपधान, ओसीसा; "सयणीअं तूलिअं सबिब्बोअं" (गच्छ ३, ८)।

बिब्बोइअ न [बिब्बोकित] स्त्री की शृंगार-चेष्टा का एक भेद; (पण्ह २, ४—पत्र १३१)।

बिब्बोयण न [दे] उपधान, ओसीसा; (गाया १, १—पत्र १३)।

बिभेलय देखो **बहेडय**; (पण्ण १—पत्र ३१)।

बिराड पुं [बिडाल] १ पिंगल-प्रसिद्ध मध्य-लघुक पाँच मात्रा वाला अक्षर-समूह; २ छन्द-विशेष; (पिंग)।

बिराल देखो **बिडाल**; (सुर १, १८)।

बिरालिआ } देखो **बिडालिआ**; (सम्मत्त १२१; पात्र)।
बिराली } २ भुजपरिसर्प-विशेष, हाथ से चलने वाला एक प्रकार का प्राणी; (सूत्र २, ३, २५)।

बिरुद न [बिरुद] इल्काब, पदवी; (सम्मत्त १४१)।

बिल न [बिल] १ रन्ध्र, विवर, साँप आदि जन्तुओं के रहने का स्थान; (विपा १, ७; गउड)। २ कूप, कुआँ; (राय)। °कोलीकारक वि [दे, °कोलीकारक] दूसरे को व्यामुग्ध करने के लिए विस्वर वचन बोलने वाला; (पण्ह १, ३—पत्र ४४)। °पंतिया स्त्री [°पङ्क्तिका] खान की पद्धति; (पण्ह २,५—पत्र १५०)।

बिलाड } देखो **बिडाल**; (भग; पि २४१)।
बिलाल }

बिलालिआ देखो **बिरालिआ**; (पि २४१)।

बिल्ल पुं [बिल्व] १ वृक्ष-विशेष, बेल का पेड़; (पण्ण १; उप १०३१ टी)। २ बेल का फल; (पात्र)।

बिल्लल पुं [बिल्वल] १ अनार्य देश-विशेष; २ उस देश में रहने वाली मनुष्य-जाति; (पण्ह १, १—पत्र १४)। देखो **चिल्लल=चिल्वल**।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बिस न [**बिस**] कमल आदि के नाल का तन्तु, मृणाल; (गाया १, १३; कुमा; पाअ)। °**कंठी** स्त्री [°**कण्ठी**] बलाका, बक पक्षी की एक जाति; (दे ६, ९३)। देखो **भिसं**=बिस।

बिसि देखो **बिसी**; (दे १, ८३)।

बिसिणी स्त्री [**बिसिनी**] कमलिनी, कमल का गाछ; (पि २०९)।

बिसी स्त्री [**वृषी**] ऋषि का आसन; (दे १, ८३; पि २०९)।

बिह अक [**भी**] डरना। बिहेइ; (प्राकृ ६४; पि ५०१)।

बिह वि [**बृहत्**] बड़ा, महान्। °**णणर** पुं [°**नल**] छन्द-विशेष; (पिंग)।

बिहप्पइ } **बिहप्फइ** } **बिहस्सइ** } देखो **बहस्सइ**; (हे २, १३७; १,१३८; २, ६९; षड्; कुमा)।

बिहिअ देखो **विंहिअ**; (प्राकृ ८)।

बिहेलग देखो **बिभेलय**; (दस ५, २, २४)।

बीअ देखो **विइअ**; (हे १, ५; २, ७९; सुर १, ३८; सुपा ४८५)।

बीअ न [**बीज**] १ बीज, बीया; "लाउअबीअं इक्कं नासइ भारं गुडस्स जह सहसा" (प्रासू १५१; आचा; जी १३; औप)। २ मूल कारण; "सारीरमाणसाणेयदुक्खबीयभूयकम्मवणदहण-सहं" (महा)। ३ वीर्य, शरीरान्तर्गत सप्त धातुओं में से मुख्य धातु, शुक्र; (सुपा ३९०; वव ६)। ४ 'ह्रीं' अक्षर; (सिरि १९६)। °**बुद्धि** वि [°**बुद्धि**] मूल अर्थ को जानने से शेष अर्थों को निज बुद्धि से स्वयं जानने वाला; (औप)। °**मंत** वि [°**वत्**] बीज वाला; (गाया १, १)। °**रुइ** स्त्री [°**रुचि**] एक ही पद से अनेक पद और अर्थों के अनु-संधान द्वारा फैलने वाली रुचि; २ वि. उक्त रुचि वाला; (पण्ण १)। °**रुह** वि [°**रुह**] बीज से उत्पन्न होने वाली वनस्पति; (पण्ण १)। °**वाय** पुं [°**वाप**] क्षुद्र जन्तु-विशेष; (राज)। °**सुहुम** न [°**सूक्ष्म**] छिलके का अग्र भाग; (कप्प)।

बीअऊरय न [**बीजपूरक**] फल-विशेष, एक तरह का नीबू; (मा ३९)।

बीअजमण न [**दे**] बीज मलने का खल—खलिहान; (दे ६, ९३)।

बीअण पुं [**दे**] नीचे देखो; (दे ६, ९३ टी)।

बीअय पुंन [**दे**. **बीजक**] वृक्ष-विशेष, असन वृक्ष, विजयसार का गाछ; (दे ६, ९३; पाअ)।

बीआ स्त्री [**द्वितीया**] १ तिथि-विशेष, दूज; (सम २९; श्रा २९; रयण २; गाया १, १०; सुपा १७१)। २ द्वितीय विभक्ति; (चेइय ५०९)।

बीज देखो **बीअ**=बीज; (कुमा; पण्ह २, १—पत्र ९९)।

बीडग न [**बीटक**] बीड़ा, पान का बीड़ा, सज्जित ताम्बूल; (सुपा ३३९)।

बीडि } **बीडी** } स्त्री [**बीटि**, °**टी**] ऊपर देखो; "विल्लदलबीडीओ कीसेवि मुहम्मि पक्खिवइ" (धर्मवि १४०)।

बीभच्छ } **बीभत्थ** } वि [**बीभत्स**] १ घृणोत्पादक, घृणा-जनक; २ भयंकर, भय-जनक; (उवा; तंदु ३८; गाया १, २; संबोध ४४)। ३ पुं. रावण का एक सुभट; (पउम ५९, २)।

बीयत्तिय वि [**दे**. **बीजयितृ**] बीज बोने वाला, वपन करने वाला; २ पुं. पिता; "बीयं बीयत्तियस्सेव" (सुपा ३९०; ३९१)।

बीलय पुं [**दे**] ताडंक, कर्णभूषण-विशेष, कान का एक गहना; (दे ६, ९३)।

बीह अक [**भी**] डरना। बीहइ, बीहेइ; (हे ४, ५३; महा; पि २१३)। वकृ—**बीहंत**; (ओघभा १९; उप ७६८ टी; कुमा)। कृ—**बीहियव्व**; (स ६८२)।

बीहच्छ देखो **बीभच्छ**; (पि ३२७)।

बीहण } **बीहणग** } **बीहणय** } वि [**भीषण**, °**क**] भय-जनक, भयंकर; (पि २१३; पण्ह १, १; पउम ३५, ५४)।

बीहविय वि [**भीषित**] डराया हुआ; (सम्मत्त ११८)।

बीहिअ वि [**भीत**] १ डरा हुआ; (हे ४, ५३)। २ न. भय, डरना; "स य बीहिअं ममावि हु" (श्रा १४)।

बीहिर वि [**भेतृ**] डरने वाला; (कुमा ६, ३५)।

बुइअ वि [**उक्त**] कथित; (सुअ १, २, २, २४; १, १४, २५; पण्ह २, २)।

बुंदि पुंस्त्री [**दे**] १ चुम्बन; २ सूकर, सूअर; (दे ६, ९८)।

बुंदि स्त्री [**दे**] शरीर, देह; "इह बुंदिं चइत्ताणं तत्थ गंतूण सिज्झइ" (ठा १ टी—पत्र २४; सुज्ज २०; तंदु १३; सुपा ६५६; धम्म ९ टी; पाअ)। देखो **बोंदि**।

बुंदिणी स्त्री [**दे**] कुमारी-समूह; (दे ६, ९४)।

बुंदीर पुं [**दे**] १ महिष, भैंसा; २ वि. महान्, बड़ा; (दे ६, ९८)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बुंध न [बुध्न] १ वृक्ष का मूल; २ कोई भी मूल, मूलमात्र; (हे १, २६; षड्)।

बुंबा स्त्री [दे] चिल्लाहट, पुकार; (सुपा ४६५)।

बुंबु पुं [दे] ऊपर देखो; (करु ३१)।

बुंबुअ न [दे] वृन्द, यूथ, समूह; (दे ६, ९४)।

बुक्क अक [गर्ज्, बुक्क्] गर्जन करना, गरजना। बुक्कइ; (हे ४, ९८)।

बुक्क अक [भष्, बुक्क्] श्वान का भूँकना। बुक्कइ; (षड्)।

बुक्क पुंन [दे] १ तुष, छिलका; (सुख १८, ३७)। २ वाद्य-विशेष; "बुक्कतंबुक्कसंबुक्कलद्दुक्कडं" (सुपा ५०)।

बुक्कण पुं [दे] काक, कौआ; (दे ६, ९४; पात्र)।

बुक्कस देखो **बोक्कस**; (राज)।

बुक्का स्त्री [दे] १ मुष्टि; (दे ६, ९४; पात्र)। २ व्रीहि-मुष्टि; (दे ६, ९४)। ३ वाद्य-विशेष; "ढक्काडक्कहुडुक्कासं-बुक्काकरडिपभिईणं आउज्जाणं" (सुपा १९५)।

बुक्का स्त्री [गर्जना] गर्जन, गर्जारव; (पउम ६, १०८; गउड)।

बुक्कार पुं [दे. बूत्कार] गर्जन, गर्जना; (पउम ७, १०५; गउड)।

बुक्कासार वि [दे] भीरु, डरपोक; (दे ६, ९५)।

बुक्किअ वि [गर्जित] जिसने गर्जना की हो वह; "अह बु-क्किआ तुह भडा" (कुमा)।

बुज्झ सक [बुध्] १ जानना, ज्ञान करना, समझना। २ जागना। बुज्झइ; (उव)। भूका—बुज्झिंसु; (भग)। भवि—बुज्झिहिइ; (औप)। वकृ—**बुज्झंत, बुज्झ-माण**; (पिंग; आचा)। संकृ—**बुज्झा**; (हे २, १५)। कृ—**बुद्ध, बोद्धव्व, बोधव्व**; (पिंग; कुमा; नव २३; भग; जी २१)।

बुज्झविय } वि [बोधित] १ जिसको ज्ञान कराया गया
बुज्झाविअ } हो वह; २ जगाया गया; (कुप्र ६४; सुपा ४२५; प्राकृ ६८)।

बुज्झिअ वि [बुद्ध] ज्ञात, विदित; (पात्र)।

बुज्झिर वि [बोद्धृ] १ जानने वाला; २ जागने वाला; (प्राकृ ६८)।

बुडबुड अक [बुडबुडय्] बुडबुड आवाज करना; "सुरा जहा बुडबुडेइ अव्वत्तं" (चेइय ४६२)।

बुड्ड अक [व्रुड्, मस्ज्] डूबना। बुड्डइ; (हे ४, १०१; उव; कुमा; भवि)। भवि—बुड्डीसु (अप); (हे ४, ४२३)। वकृ—**बुड्डंत, बुड्डमाण**; (कुमा; उप १०३१ टी)। प्रयो, वकृ—**बुड्डावंत**; (संबोध १५)।

बुड्ड वि [व्रुडित, मग्न] डूबा हुआ, निमग्न; (धम्म १२ टी; गा ३७; रंभा २३; सुर १०, १८९; भवि), "वयबुड्डमंड-गाई" (पव ४ टी)।

बुड्डण न [व्रुडन] डूबना; (संवे २; कप्पू)।

बुड्डिर पुं [दे] महिष, भैंसा; (षड्)।

बुड्ढ वि [वृद्ध] बूढ़ा; (पिंग)। स्त्री—°**ड्ढा**, °**ड्ढी**; (काप्र १९७; सिरि १७३)।

बुण्ण वि [दे] १ भीत, डरा हुआ; २ उद्विग्न; (दे ७, ९४ टी)।

बुत्ती स्त्री [दे] ऋतुमती स्त्री; (दे ६, ९४)।

बुद्ध वि [बुद्ध] १ विद्वान्, पण्डित, ज्ञात-तत्त्व; (सम १; उप ६१२ टी; श्रा १२; कुप्र ४०; श्रु १)। २ जागा हुआ, जागृत; (सुर ९, २४३)। ३ भूत, भविष्य और वर्तमान का जानकार; (चेइय ७१३)। ४ विज्ञात, विदित; (ठा ३, ४)। ५ पुं. जिन-देव, अर्हन्, तीर्थंकर; (सम ६०)। ६ बुद्धदेव, भगवान् बुद्ध; (पात्र; दे ७, ५१; उर ३, ७; कुप्र ४४०; धर्मसं ६७२)। ७ आचार्य, सूरि; (उत्त १, १७)। °**पुत्त** पुं [°पुत्र] आचार्य-शिष्य; (उत्त १, ७)। °**बोहिय** वि [°बोधित] आचार्य-बोधित; (नव ४३)। °**माणि** वि [°मानिन्] निज को पण्डित मानने वाला; (सूअ १, ११, २५)। °**लय** पुंन [°लय] बुद्ध-मन्दिर; (कुप्र ४४२)।

बुद्ध वि [बौद्ध] १ बुद्ध-भक्त; २ बुद्ध-संबन्धी; (ती ७; सम्मत्त ११६)।

बुद्ध देखो **बुज्झ**।

बुद्ध देखो **बुंध**; (सुज्ज २०)।

बुद्धंत पुंन [बुध्नान्त] अधो-भाग, नीचे का हिस्सा; "ता राहू णं देवे चंदं वा सूरं वा गेण्हमाणे बुद्धंतेणं गिण्हित्ता बुद्धंतेणं मुयइ" (सुज्ज २०)।

बुद्धि स्त्री [बुद्धि] १ मति, मेधा, मनीषा, प्रज्ञा; (ठा ४, ४; जी ६; कुमा; कप्प; प्रासू ४७)। २ देव-प्रतिमा-विशेष; (णाया १, १ टी—पत्र ४३)। ३ महापुण्डरीक हृद की अधिष्ठात्री देवी; (ठा २, ३—पत्र ७२; इक)। ४ छन्द-विशेष; (पिंग)। ५ तीर्थंकरी; ६ साध्वी; (राज)। ७ अहिंसा, दया; (पण्ह २, १)। ८ पुं. इस नाम का एक मन्त्री; (उप ५४०)। °**कूड** न [°कूट] पर्वत-विशेष

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

का शिखर; (राज)। °**बोहिय** वि [°**बोधित**] १ तीर्थंकरी—स्त्री-तीर्थंकर—से प्रतिबोधित; २ सामान्य साध्वी से बोधित; (राज)। °**मंत** वि [°**मत्**] बुद्धि वाला; (उप ३३९; सुपा ३७२; महा)। °**ल** पुं [°**ल**] १ एक स्वनाम-प्रसिद्ध श्रेष्ठी; (महा)। २ देखो °**ल्ल**; (राज)। °**ल्ल** वि [°**ल**] बुद्धू, मूर्ख, दूसरे की बुद्धि पर जीने वाला; "तस्स पंडियमाण(? णि)स्स बुद्धिल्लस्स दुरप्पणो" (ओघभा २६ टी; २७)। °**वंत** देखो °**मंत**; (भवि)। °**सागर**, °**सायर** पुं [°**सागर**] विक्रम की ग्यारहवीं शताब्दी का एक सुप्रसिद्ध जैनाचार्य और ग्रन्थकार; (सुर १६, २४५; सार्ध ६९; सम्मत्त ७६)। °**सिद्ध** पुं [°**सिद्ध**] बुद्धि में सिद्धहस्त, संपूर्ण बुद्धि वाला; (आवम)। °**सुंदरी** स्त्री [°**सुन्दरी**] एक मन्त्रि-कन्या; (उप ७२८ टी)।

बुध देखो **बुह**; (पण्ह १, ५; सुज्ज २०)।

बुब्बुअ अक [**बुब्बूय्**] बु बु आवाज करना, छाग का बोलना। बुब्बुयइ; (कुप्र २४)। वकृ—**बुब्बुयंत**; (कुप्र २४)।

बुब्बुअ पुं [**बुद्बुद**] बुलबुला, पानी का बुलका; (दे ६, ९५; औप; पिंड १९; णाया १, १; वै ४५; प्रासू ९६; दं १३)।

बुभुक्खा स्त्री [**बुभुक्षा**] भूख, खाने की इच्छा; (अभि २०७)।

बुय वि [**ब्रुव**] बोलने वाला; (सुअ १, ७, १०)।

बुयाण देखो **बुव**।

बुल वि [**दे**] बौद्ध, भदन्त, धर्मिष्ठ; (पिंग १९८)।

बुलंबुला स्त्री [**दे**] बुलबुला, बुद्बुद; (दे ६, ९५)।

बुल्बुल पुं [**दे**] ऊपर देखो; (षड्)।

बुल्ल देखो **बोल्ल**। बुल्लइ; (कुप्र २६; श्रा १४), बुल्लंति; (प्रासू ४)। प्रयो—बुल्लावेइ, बुलावेमि, बुल्लावए; (कुप्र १२७; सिरि ४४०)।

बुव सक [**ब्रू**] बोलना। बुवइ; (षड्; कुमा)। वकृ—**बुवंत, बुयाण, बुवाण**; (उत्त २३, २१; सूअ १, ७, १०; उत्त २३, ३१)। देखो **बू**।

बुस न [**बुस**] १ भुसा, यव आदि का कडंगर, नाज का छिलका; (ठा ८—पत्र ४१७)। २ तुच्छ धान्य, फल-रहित धान्य; (गउड)।

बुसि स्त्री [**वृषि, °सि**] मुनि का आसन। °**म**, °**मंत** वि [°**मत्**] संयमी, व्रती, मुनि; (सूअ २, ६, १४; आचा)।

बुसिआ स्त्री [**बुसिका**] यव आदि का कडंगर, भुसा; (दे २, १०३)।

बुह पुं [**बुध**] १ ग्रह-विशेष, एक ज्योतिष्क देव; (सुर ३, ५३; धर्मवि २४)। २ त्रि. पण्डित, विद्वान्; (ठा ४, ४; सुर ३, ५३; धर्मवि २४; कुमा; पाअ)।

बुहप्पइ, **बुहप्फइ**, **बुहस्सइ** देखो **बहस्सइ**; (हे २, ५३; १३७; षड्; कुमा)।

बुहुक्ख सक [**बुभुक्ष्**] खाने की इच्छा करना। बुहुक्खइ; (हे ४, ५; षड्)।

बुहुक्खा देखो **बुभुक्खा**; (राज)।

बुहुक्खिअ वि [**बुभुक्षित**] भूखा; (कुमा)।

बू सक [**ब्रू**] बोलना, कहना। बूम, बूया, बूहि; (उत्त २५, २९; सूअ १, १, ३, ९; १, १, १, २)। बिंति, बेंति, बेमि, बुआ; (कम्म ३, १२; महा; कप्प)। भूका—अब्बवी (उत्त २३, २१; २२; २५; ३१; ठा ३, २)। वकृ—**बिंत, बेंत**; (उप ७२८ टी; सुपा ३६०; विसे ११९)। संकृ—**बूइत्ता**; (ठा ३, २) देखो **बव, बुव**।

बूर पुं [**बूर**] वनस्पति-विशेष; (णाया १, १—पत्र ६; उत्त ३४, १९; कप्प; औप)। °**णालिया**, °**नालिआ** स्त्री [°**नालिका**] बूर से भरी हुई नली; (राज; भग)।

बूल वि [**दे**] मूक, वाचा-शक्ति से रहित; (पिंग १९८ टी)।

बूह सक [**बृंह्**] पुष्ट करना। बूहए; (सूअ २, ५, ३२)।

बे देखो **बि**; (वज्जा १०; हे ३, ११९; १२०; पिंग)। °**आसी** (अप) स्त्री [°**अशीति**] बयासी, ८२; (पिंग)। °**इंदिय** वि [°**इन्द्रिय**] त्वचा और जीभ ये दो ही इन्द्रिय वाला प्राणी; (ठा १; भग; स ८३; जी १५)। °**हिय** [**द्व्याहिक**] दो दिन का; (जीवस ११९)।

बेंट देखो **बिंट**; (महा)।

बेंत देखो **बू**।

बेंदि देखो **बे-इंदिय**; (पंच ५, ५६)।

बेट्ठ देखो **बिट्ठ**; (ओघभा १७४)।

बेड, **बेडय** पुं [**दे**] नौका, जहाज; (दे ६, ९५; सुर १३, ५०)।

बेडा, **बेडिया**, **बेडी** स्त्री [**दे**] नौका, जहाज; (उप ७२८ टी; सिरि ३८२; ४०७; श्रा १२; धम्म १२ टी), "पाणी-हि जलं दारइ अरित्तदंडेहि बेडिव्व" (धर्मवि १३२)।

बेड्डा स्त्री [**दे**] श्मश्रु, दाढ़ी-मूँछ के बाल; (दे ६, ९५)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बेदोणिय वि [द्विद्रौणिक] दो द्रोण का, द्रोण-द्वय-परिमित; "कप्पइ मे बेदोणियाए कंसभाईए हिरण्णभरियाए संववहरित्तए" (उवा)।

बेमासिय वि [द्वैमासिक] दो मास का, दो महिने का संबन्ध रखने वाला; (पउम २२, २८)।

बेलि स्त्री [दे] स्थूणा, खूँटा; (दे ६, ६५; पाम्र)।

बेल्ल देखो विल्ल; (प्राकृ ५)।

बेल्लय पुं [दे] बैल, बलीवर्द; (ग्रावम)।

बेस ग्रक [विश्, स्था] बैठना; "ग्रंतंतं भोक्खामि त्ति बेसए भुंजए य तह चेव" (ग्रोघ ५७१)।

बेसक्खिज्ज न [दे] द्वेष्यत्व, रिपुता, दुश्मनाई; (दे ७, ७९ टी)।

बेसण न [दे] वचनीय, लोकापवाद, लोक-निन्दा; (दे ६, ७५ टी)।

बेहिम वि [दे, द्वैधिक] दो टुकड़े करने योग्य, खण्डनीय; (दस ७, ३२)।

बोंगिल्ल वि [दे] १ भूषित, ग्रलंकृत; २ पुं. ग्राटोप, ग्राडम्बर; (दे ६, ६६)।

बोंटण न [दे] चूचुक, स्तन का ग्रग्र भाग; (दे ६, ६६)।

बोंड न [दे] १ चूचुक, स्तन-वृन्त; (दे ६, ६६)। २ फल-विशेष, कपास का फल; (ग्रौप; तंदु २०)। °य न [°ज] सूती वस्त्र, सूती कपड़ा; (सूग्र २, २, ७३; ग्रौप)।

बोंद न [दे] मुख, मुँह; (दे ६, ६६)।

बोंदि स्त्री [दे] १ रूप; २ मुख, मुँह; (दे ६, ६६)। ३ शरीर, देह; (दे ६, ६६; पण्ह १, १; कप्प; ग्रौप; उत्त ३५, २०; स ७१२; विसे ३१६१; पव ५५; पंचा १०, ४)।

बोंदिया स्त्री [दे] शाखा; (सूग्र २, २, ४६)।

बोकड } पुं [दे] छाग, बकरा; गुजराती में 'बोकडो';
बोक्कड } (ती २; दे ६, ६६)। स्त्री—°डी; (दे ६, ६६ टी)।

बोक्कस पुं [बोक्कस] १ ग्रनार्य देश-विशेष; (पव २७४)। २ वर्णसंकर जाति-विशेष, निषाद से ग्रंबष्ठी की कुक्षि में उत्पन्न; (सुख ३, ४)।

बोक्कसालिय पुं [दे] तन्तुवाय, "कोट्ठागकुलाणि वा गामरक्खकुलाणि वा बोक्कसालियकुलाणि वा" (ग्राचा २, १, २. ३)।

बोक्कार देखो बुक्कार; (सुर १०, २२१)।

बोक्किय न [बूत्कृत] गर्जन, गर्जना; (पउम ६६, ५४)।

बोगिल्ल वि [दे] चितकबरा; "फसलं सबलं सारं किम्मीरं चित्तलं च बोगिल्लं" (पाग्र)।

बोट्ट सक [दे] उच्छिष्ट करना, झूठा करना। गुजराती में 'बोटवुं'। "रयणीए रक्खसिचरा चरंति बोट्टंति ग्रन्नमाईयं" (सुपा ४६१)।

बोड वि [दे] १ धार्मिक, धर्मिष्ठ; २ तरुण, युवा; (दे ६, ९६)। ३ मुण्डित-मस्तक; "एमेव ग्रडइ बोडो" गुजराती में 'बोडो'; (पिंड २१७)।

बोडघेर न [दे] गुल्म-विशेष; (पाग्र)।

बोडिय पुं [बोटिक] १ दिगम्बर जैन संप्रदाय; २ वि. दिगम्बर जैन संप्रदाय का ग्रनुयायी; "बोडियसिवभूईग्रो बोडियलिंगस्स होइ उप्पत्ती" (विसे १०४१; २५५२)।

बोडिय वि [दे] मुण्डित-मस्तक (?); "बोडियमसिए धुवं मरणं" (ग्रोघभा ८३ टी)।

बोड्डर न [दे] श्मश्रु, दाढी-मूँछ; (दे ६, ६५)।

बोड्डिग्रा स्त्री [दे] कपर्दिका, कौड़ी; "केसरि न लहइ बोड्डिग्रवि गय लक्खेहिं घेप्पंति" (हे ४, ३३५)।

बोदर वि [दे] पृथु, विशाल; (दे ६, ६६)।

बोदि देखो बोंदि; (ग्रौप)।

बोद्दह [दे] देखो बोद्रह; (पाग्र)।

बोद्ध वि [बौद्ध] बुद्ध-भक्त; (संबोध ३४)।

बोद्धव्व देखो बुज्झ।

बोद्रह वि [दे] तरुण, जवान; (दे ७, ८०)।

बोधण न [बोधन] बोध, शिक्षा, उपदेश; (सम ११६)।

बोधव्व देखो बुज्झ।

बोधि देखो बोहि; (ठा २, १—पत्र ४६)। °सत्त पुं [°सत्त्व] सम्यग् दर्शन का प्राप्त प्राणी, ग्रर्हन् देव का भक्त जीव; (महा ३)।

बोधिग्र वि [बोधित] ज्ञापित, ग्रवगमित; (धर्मसं ५०६)।

बोर न [बदर] फल-विशेष, बेर; (गा २००; हे १७०; षड्; कुमा)।

बोरी स्त्री [बदरी] बेर का गाछ; (प्राकृ ४; हे १, १७०; कुमा; हेका २५९)।

बोल सक [ब्रोडय्] डुबाना। "तंबोलो तं बोलइ जिणवसहिट्ठिएण जेण खद्धो" (सार्ध ११४), "बुड्डंतं बोलए ग्रन्नं" (सूक्त ६६) बोलेइ, बोलए; (संबोध १३), "केसिं च बंधित्तु गले सिलाग्रो उदगंसि बोलंति महालयंसि" (सूग्र

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

१, ५, १, १०), बोलेमि; (सिरि १३८), "गुरुनामेणं लोए बोलेइ बहू" (उवर १५२)।

बोल अक [**व्यति + क्रम्**] १ पसार होना, गुजरना। २ सक. उल्लंघन करना। "दूई ण एइ, चंदोवि उग्गग्रो, जामिणीवि बोलेइ" (गा ८५४), "पुणो तं बंधेण न बोलइ क्याइ" (श्रावक ३३), बोलए; (चंड)। देखो **बोल=गम्**।

बोल पुं [**दे**] १ कलकल, कोलाहल; (दे ६, ६० ; भग; भवि; कप्पू; उप ५०६), "हासबोलबहुला" (ग्रौप)। २ समूह; "कमढासुरेण रइयम्मि भीसणे पलयतुल्लजलबोले" (भाव १; कुलक ३४)।

बोलग पुंन [**दे. ब्रोड**] १ मज्जन, डूबना; २ कर्षण, खींचाव; "उच्चूलं बोलगं पज्जेति" (विपा १, ६—पत्र ६८)।

बोलिअ वि [**ब्रोडित**] डुबाया हुआ; (वज्जा ६८)।

बोलिंदी स्त्री [**दे**] लिपि-विशेष, ब्राह्मी लिपि का एक भेद; "माहेसरीलिवी दामिलिवी बोलिंदिलीवी" (सम ३५)।

बोल्ल सक [**कथय्**] बोलना, कहना। बोल्लइ; (हे ४, २; प्राकृ ११६; सुर ८, १६७; भवि)। कर्म—बोल्लिग्रइ (ग्रप); (कुमा)। कृ—**बोल्लेवय** (ग्रप); (कुमा)। प्रयो—बोल्लावइ; (कुमा)।

बोल्लणअ वि [**कथयितृ**] बोलने का स्वभाव वाला; (हे ४, ४४३)।

बोल्ला स्त्री [**कथा**] वार्ता, बात; "नीयबोल्लाए" (उप १०१५)।

बोल्लाविय वि [**कथित**] बुलवाया हुआ; (स ४६१; ६६६)।

बोल्लिअ वि [**कथित**] १ उक्त; २ न. उक्ति; (भवि; हे ४, ३८३)।

बोव्व न [**दे**] खेत, खेत; (दे ६, ६६)।

बोह सक [**बोधय्**] १ समझाना, ज्ञान कराना। २ जगाना। बोहेइ; (उव)। कर्म—बोहिज्जइ; (उव)। वकृ—**बोहिंत, बोहेंत**; (सुर १५, २४६; महा)। कवकृ—**बोहिज्जंत**; (सुर २, १४५; ८, १६५)। हेकृ—**बोहेउं**; (ग्रज्झ १७६)।

बोह पुं [**बोध**] १ ज्ञान, समझ; (जी १)। २ जागरण; (कुमा)।

बोहग देखो **बोहय**; (दं १)।

बोहण देखो **बोधण**; (उप २०६; सुर १, ३७; उवर १)।

बोहय वि [**बोधक**] बोध देने वाला, ज्ञान-दाता; (सम १; णाया १, १; भग; कप्प)।

बोहर पुं [**दे**] मागध, स्तुति-पाठक; (दे ६, ६७)।

बोहारी स्त्री [**दे**] बुहारी, संमार्जनी, झाड़ू; (दे ६, ६७)।

बोहि स्त्री [**बोधि**] १ शुद्ध धर्म का लाभ, सद्धर्म की प्राप्ति; "दुल्लहा बोही" (उत्त ३६, २५८), "बोही जिणेहि भणिया भवंतरे सुद्धधम्मसंपत्ती" (चेइय ३३२; संबोध १४; सम ११६; उप ४८१ टी)। २ अहिंसा, अनुकम्पा, दया; (पण्ह २, १)। देखो **बोधि**।

बोहिअ वि [**बोधित**] १ ज्ञापित, समझाया हुआ; (भग)। २ विकासित, विबोधित; "रविकिरणतरुणबोहियसहस्सपत्त—" (कप्प)।

बोहिअ पुं [**बोधिक**] मनुष्य चुराने वाला चोर; (निचू १; चेइअ ४४६)।

बोहिंत देखो **बोह=**बोधय्।

बोहिग देखो **बोहिअ=**बोधिक; (राज)।

बोहित्थ पुंन [**दे**] प्रवहण, जहाज, यानपात्र, नौका; (दे ६, ६६; स २०६; चेइय २६४; कुप्र २२२; सिरि ३८३; सम्मत्त १५७; सुपा ६४; भवि)।

बोहित्थिय वि [**दे**] प्रवहण-स्थित; (वज्जा १५८)।

°**ब्भंस** देखो **भंस**; (सुपा ५०६)।

°**ब्भमर** देखो **भमर**; (नाट—मुद्रा ३६)।

°**ब्भास** देखो **अब्भास**, "किंतु अइदूरवा सा दिट्ठिब्भासेवि कुणइ न हु कोइ" (सुपा ५६७)।

°**ब्भि** वि [**भित्**] भेदन करने वाला, नाश-कर्ता; "सगडब्भि" (ग्राचा १, ३, ४, १)।

ब्रो (ग्रप) देखो **बू**। ब्रोहि; (प्राकृ १२१)।

इअ सिरिपाइअसद्दमहण्णवम्मि बग्राराइसद्दसंकलणो
एगूणतीसइमो तरंगो समत्तो।

—:०:—

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भ

भ पुं [भ] १ ओष्ठ-स्थानीय व्यञ्जन वर्ण-विशेष; (प्राप; प्रामा)। २ पिंगल-प्रसिद्ध आदि-गुरु और दो ह्रस्व अक्षरों की संज्ञा, भगण; (पिंग)। ३ न. नक्षत्र; (सुर १६, ४३)। °**आर** पुं [°**कार**] १ 'भ' अक्षर। २ भगण; (पिंग)। °**गण** पुं [°**गण**] भगण; (पिंग)।

भइ देखो **भव**=भू।

भइ स्त्री [**भृति**] वेतन, तनखाह; (णाया १, ८—पत्र १५०; विपा १, ४; उवा)। देखो **भूइ**।

भइअ वि [**भक्त**] १ विभक्त; (श्रावक १८५; सम ७६)। २ खण्डित; "अंगुलसंखासंखप्पएसभइयं पुडो पयरं" (पंच २, १२; औप)। ३ विकल्पित; (वव ६)।

भइअ, **भइअव्व** } देखो **भय**=भज्।

भइणि°, **भइणिआ**, **भइणी** } स्त्री [**भगिनी**] बहिन, स्वसा; (सुपा १५; स्वप्न १५; १७; विपा १, ४; प्रासू ७८; कुल २३५; कुमा)। °**वइ** पुं [°**पति**] बहनोई; (सुपा १५; ५३२)। °**सुअ** पुं [°**सुत**] भागिनेय, भानजा; (सुपा १७)। देखो **बहिणी**।

भइरव वि [**भैरव**] १ भयंकर, भीषण, भय-जनक; (पाअ; सुपा १८२)। २ पुं. नाट्यादि-प्रसिद्ध एक रस, भयानक रस; ३ महादेव, शिव; ४ महादेव का एक अवतार; ५ राग-विशेष, भैरव राग; ६ नद-विशेष; (हे १, १५१; प्राप्र)। देखो **भेरव**।

भइरवी स्त्री [**भैरवी**] शिव-पत्नी, पार्वती; (गउड)।

भइरहि पुं [**भगीरथि**] सगर चक्रवर्ती का एक पुत्र, भगीरथ; (पउम ५, १७५)।

भइल वि [**दे**] भया, जात; (रंभा ११)।

भउम्हा (शौ) देखो **भमुहा**; (पि २५१)।

भउहा (अप) देखो **भमुहा**; (पिंग)।

भएयव्व देखो **भय**=भज्।

भंकार पुं [**भङ्कार**] भनकार, अव्यक्त आवाज विशेष; (उप पृ ८६)।

भंकारि वि [**भङ्कारिन्**] भनकार करने वाला; (सण)।

भंग पुं [**भङ्ग**] १ भाँगना, खण्ड, खण्डन; (ओघ ७८८; प्रासू १७०; जी १२; कुमा)। २ प्रकार, भेद, विकल्प; (भग; कम्म ३, ५)। ३ विनाश; (कुमा; प्रासू २१)। ४ रचना-विशेष; "तरंगरंगंतभंग—" (कप्प)। ५ पराजय; ६ पलायन; (पिंग)। °**रय** न [°**रत**] मैथुन-विशेष; (वज्जा १०८)।

भंग पुं [**भृङ्ग**] आर्य देश-विशेष, जिसकी राजधानी प्राचीन काल में पावापुरी थी; (इक)।

भंग (अप) देखो **भग्ग**=भग्न; (पिंग)।

भंगरय पुं [**भृङ्गरज, भृङ्गारक**] १ पौधा विशेष, भृङ्गराज, भँगरा; २ न. भँगरा का फूल; (वज्जा १०८; सुपा ३२४)।

भंगा स्त्री [**भङ्गा**] १ वनस्पति-विशेष, अतसी, पाट, कुष्टा; "कप्पइ णिग्गंथाण वा णिग्गंथीण वा पंच वत्थाइं धारित्तए वा परिहरेत्तए वा, तं जहा—जंगिए भंगिए साणए पोत्तिए तिरीडपट्टए णामं पंचमए" (ठा ५, ३—पत्र ३३८)। २ वाद्य-विशेष; "—पडहहुडुंकुड्डुक्काभेरीभंगापहुदिभूरिवज्जभंडतुमुल—" (विक्र ८७)।

भंगि स्त्री [**भङ्गि**] १ प्रकार, भेद; (हे ४, ३३९; ४११)। २ व्याज, छल, बहाना; "सहिभंगिभणिअसब्भाविआवराहाए" (गा ६१३)। ३ विच्छित्ति, विच्छेद; (राज)। ४ पुंस्त्री. देश-विशेष; "पावा भंगी य" (पव २७५; विचार ४६)।

भंगिअ न [**भङ्गिक, भाङ्गिक**] १ भङ्गा-मय, एक तरह का वस्त्र, पाट का बना हुआ कपड़ा; (ठा ३, ३; ५, ३—पत्र १३८; कस)। २ शास्त्र-विशेष; "जोगतिगस्सवि भंगियसुत्ते किरिया जओ भणिया" (चेइय २४५)।

भंगिल्ल वि [**भङ्गवत्**] प्रकार वाला, भेद-पतित; "पढमभंगिल्ला" (संबोध ३२)।

भंगी स्त्री [**भङ्गी**] देखो **भंगि**; (हे ४, ३३९; गा ६१३; विचार ४६)।

भंगी स्त्री [**भृङ्गी**] वनस्पति-विशेष;—१ भाँग, विजया; २ अतिविषा, अतिस का गाछ; (पण्ण १—पत्र ३६; पण्ण १७—पत्र ५३१)।

भंगुर वि [**भङ्गुर**] १ स्वयं भाँगने वाला, विनश्वर, विनाशशील; "तडिदंडाडंबरभंगुराइं ही विसयसोक्खाइं" (उप ६ टी; पण्ह १, ४; सुर १०, १८; स ११४; धर्मसं ११७१; विवे ११४)। २ कुटिल, वक्र; "कुडिलं वंकं भंगुरं" (पाअ)।

भंछा देखो **भत्था**; (राज)।

भंज सक [**भञ्ज्**] १ भाँगना, तोड़ना। २ पलायन कराना, भगाना। ३ पराजय करना। ४ विनाश करना। भंजइ,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भंजए; (हे ४, १०६; षड्; पि ५०६)। भवि—भंजिस्सइ; (पि ५३२)। कर्म—भज्जइ; (भग; महा)। वकृ—**भंजंत**; (गा १६७; सुपा ५६०)। कवकृ—**भज्जंत, भज्जमाण**; (से ६, ४४; सुर १०, २१७; स ६३)। संकृ—**भंजिअ, भंजिउ, भंजिऊण, भंजिऊणं, भंजेऊण**; (नाट; पि ५७६; महा; पि ५८५; महा), **भज्जिउ** (अप); (हे ४, ३९५)। हेकृ—**भंजित्तए**; (णाया १, ८), **भंजणहं** (अप); (हे ४, ४४१ टि)।

भंजअ, भंजग वि [**भञ्जक**] भाँगने वाला, भङ्ग करने वाला; (गा ५५२; पण्ह १, ४)। २ पुं. वृक्ष, पेड़; "भंजगा इव संनिवेसं नो चयंति" (आचा)।

भंजण न [**भञ्जन**] १ भङ्ग, खण्डन; (पव ३८; सुर १०, ६१)। २ विनाश; (सुपा ३७६; पण्ह १, १)। ३ वि. भंजन करने वाला, तोड़ने वाला; विनाशक; "भवभंजण" (सिरि ५४६), "रिउसंगभंजणेण" (कुमा), स्त्री—°**णी**; (गा ७४५)।

भंजणा स्त्री [**भञ्जना**] ऊपर देखो; "विणओवयारम-(?र मा-)णस्स भंजणा पूयणा गुरुजणस्स" (विसे ३४६९; निचू १)।

भंजाविअ, भंजिअ वि [**भञ्जित**] १ भँगाया हुआ, तुड़वाया हुआ; (स ५४०)। २ भगाया हुआ; (पिंग)। ३ आक्रान्त; (तंदु ३८)।

भंजिअ देखो **भग्ग**=भग्न; (कुमा ६, ७०; पिंग; भवि)।

भंड सक [**भाण्डय्**] भँडारा करना, संग्रह करना, इकट्ठा करना। भंडेइ; (सुख २, ४५)।

भंड सक [**भण्ड्**] भाँडना, भर्त्सना करना, गाली देना। भंडइ; (सण)। वकृ—**भंडंत**; (गा ३७९)। संकृ—**भंडिउं**; (वव १)।

भंड पुं [**भण्ड**] १ विट, भडुआ; (पव ३८)। २ भाँड, बहुरूपिया, मुख आदि के विकार से हँसाने का काम करने वाला, निर्लज्ज; (आव ६)।

भंड न [**दे**] १ वृन्ताक, बैंगण, भंटा; (दे ६, १००)। २ पुं. मागध, स्तुति-पाठक; ३ सखा, मित्र; ४ दौहित्र, पुत्री का पुत्र; (दे ६, १०९)। ५ पुंन. मण्डन, आभूषण, गहना; (दे ६, १०९; भग; औप)। ६ वि. छिन्न-मूर्धा, सिर-कटा; (दे ६, १०९)। ७ न. क्षुर, छुरा; ८ छुरे से मुण्डन; (राज)।

भंड, भंडग पुंन [**भाण्ड**] १ बर्तन, बासन, पात्र; "दुग्गइदुहभंडे घडइ अक्खंडे" (संवेग १४; दे ३, २१; श्रा २७; सुपा १९९)। २ क्रयाणक, पण्य, बेचने की वस्तु; (णाया १, १—पत्र ६०; औप; पण्ह १, १; उवा; कुमा)। ३ गृह, स्थान; (जीव ३)। ४ वस्त्र-पात्र आदि वर का उपकरण; (ठा ३, १; कप्प; ओघ ६६६; णाया १, ५)।

भंडण न [**दे. भण्डन**] १ कलह, वाक्-कलह, गाली-प्रदान; (दे ६, १०१; उव; महा; णाया १, १६—पत्र २१३; ओघ २१४; गा ६६९; उप ३३६; तंदु ५०)। २ क्रोध, गुस्सा; (सम ७१)।

भंडणा स्त्री [**भण्डना**] भाँडना, गाली-प्रदान; (उप ३३६)।

भंडय देखो **भंड**=भण्ड; (हे ४, ४२२)।

भंडय देखो **भंडग**; "पायसघयदहियाणं भरिऊणं भंडए गरुए" (महा ८०, २४; उत्त २६, ८)।

भंडा स्त्री [**दे**] संबोधन-सूचक शब्द; (संक्षि ४७)।

भंडाआर, भंडागार पुं [**भाण्डागार**] भंडार, कोठा, बखार; (मुद्रा १४१; स १७२; सुपा २२१; २६)।

भंडागारि, भंडागारिअ पुंस्त्री [**भाण्डागारिन्, °क**] भंडारी, भंडार का अध्यक्ष; (णाया १, ८; कुप्र १०८)। स्त्री—°**रिणी**; (णाया १, ८)।

भंडार देखो **भंडागार**; (महा)।

भंडार पुं [**भाण्डकार**] बर्तन बनाने वाला शिल्पी; (राज)।

भंडारि, भंडारिअ देखो **भंडागारि**; (स २०७; सुर ४, ६०)।

भंडिअ पुं [**भाण्डिक**] भंडारी, भंडार का अध्यक्ष; (सुख २, ४५)।

भंडिआ स्त्री [**भाण्डिका**] स्थाली, थलिया; (ठा ८—पत्र ४१७)।

भंडिआ, भंडी स्त्री [**दे**] १ गंत्री, गाड़ी; (बृह ३; दे ६, १०९; आवम; निचू ३; वव ६)। २ शिरीष वृक्ष; ३ अटवी, जंगल; ४ असती, कुलटा; (दे ६, १०९)।

भंडीर पुं [**भण्डीर**] वृक्ष-विशेष, शिरीष वृक्ष; (कुमा)। °**वडिंसय**, °**वडेंसय** न [°**वतंसक**] मथुरा नगरी का एक उद्यान; "महुराए णयरीए भंडि(?डीर)वडेंसए उज्जाणे" (राज; णाया २—पत्र २५३)। °**वण** न [°**वन**] १ मथुरा का एक वन; (ती ७)। २ मथुरा का एक चैत्य; (आवम)।

भंडु न [**दे**] मुण्डन; (दे ६, १००)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भंडुल्ल देखो **भंड**=भाण्ड; (भवि)।

भंत वि [**भ्रान्त**] १ घुमा हुआ; "भंतो जसो मेइणी (ए)" (पउम ३०, ६८)। २ भ्रान्ति-युक्त, भ्रम वाला, भूला हुआ; (दे १, २१)। ३ अपेत, अनवस्थित; (विसे ३४४८)। ४ पुं. प्रथम नरक का तीसरा नरकेन्द्रक—नरकावास-विशेष; (देवेन्द्र ३)।

भंत वि [**भगवत्**] भगवान्, ऐश्वर्य-शाली; (ठा ३, १; भग; विसे ३४४८—३४५६)।

भंत वि [**भदन्त**] १ कल्याण-कारक; २ सुख-कारक; ३ पूज्य; (विसे ३४३६; कप्प; विपा १, १; कस; विसे ३४७४)।

भंत वि [**भजत्**] सेवा करता; (विसे ३४४६)।

भंत वि [**भात्, भ्राजत्**] चमकता, प्रकाशता; (विसे ३४४७)।

भंत वि [**भवान्त**] भव का—संसार का—अन्त करने वाला, मुक्ति का कारण; (विसे ३४४६)।

भंत वि [**भयान्त**] भय-नाशक; (विसे ३४४६)।

भंति स्त्री [**भ्रान्ति**] भ्रम, मिथ्या ज्ञान; (धर्मसं ७२१; ७२३; सुपा ३१२; भवि)।

भंति (अप) स्त्री [**भक्ति**] भक्ति, प्रकार; (पिंग)।

भंभल वि [**दे**] १ अप्रिय, अनिष्ट; (दे ६, ११०)। २ मूर्ख, अज्ञान, पागल, बेवकूफ; (दे ६, ११०; सुर ८, १६६)।

भंभसार पुं [**भम्भसार**] भगवान् महावीर के समकालीन और उनके परम भक्त एक मगधाधिपति, ये श्रेणिक और बिम्बिसार के नाम से भी प्रसिद्ध थे; (णाया १, १३; औप)। देखो **भिंभसार, भिंभिसार**।

भंभा स्त्री [**दे. भम्भा**] १ वाद्य-विशेष, भेरी; (दे ६ १००; णाया १, १७; विसे ७८ टी; सुर ३, ६६; सम्मत्त १०६; राय; भग ७, ६)। २ भाँ भाँ की आवाज; (भग ७, ६—पत्र ३०५)।

भंभी स्त्री [**दे**] १ असती, कुलटा; (दे ६, ६६)। २ नीति-विशेष; (राज)।

भंस अक [**भ्रंश्**] १ नीचे गिरना। २ नष्ट होना। ३ स्खलित होना। भंसइ; (हे ४, १७७)।

भंस पुं [**भ्रंश**] १ स्खलना; २ विनाश; (सुपा ११३; सुर ४, २३०), "संपाडइ संपयाभंसं" (कुप्र ४१)।

भंसण न [**भ्रंशन**] ऊपर देखो; "को णु उवाओ जिणधम्म-भंसणे होज्ज एईए" (सुपा ११३; सुर ४, १५)।

भंसणा स्त्री [**भ्रंशना**] ऊपर देखो; (पण्ह २, ४; श्रावक ६५)।

भक्ख सक [**भक्षय्**] भक्षण करना, खाना। भक्खेइ; (महा)। कर्म—भक्खिज्जइ; (कुमा)। वकृ—**भक्खंत**; (सं १०२)। हेकृ—**भक्खिउं**; (महा)। कृ—**भक्ख, भक्खेय, भक्खणिज्ज**; (पउम ८४, ४; सुपा ३७०; णाया १, १०; सुर १४, ३४; श्रा २७)।

भक्ख पुं [**भक्ष**] भक्षण, भोजन; "भो कीर खीरसक्करदक्खा-भक्खं करहि ताव" (सुपा २६७)।

भक्ख देखो **भक्ख**=भक्षय्।

भक्ख पुंन [**भक्ष्य**] खंड-खाद्य, चीनी का बना हुआ खाद्य द्रव्य, मिठाई; (सुज्ज २० टी)।

भक्खग वि [**भक्षक**] भक्षण करने वाला; (कुप्र २६)।

भक्खण न [**भक्षण**] १ भोजन; (पराण २८)। २ वि. खाने वाला; "सव्वभक्खणो" (श्रा २८)।

भक्खणया स्त्री [**भक्षणा**] भक्षण, भोजन; (उवा)।

भक्खर पुं [**भास्कर**] १ सूर्य, रवि; (उत्त २३, ७८; लहुअ १०)। २ अग्नि, वह्नि; ३ अर्क-वृक्ष; (चंड)।

भक्खराभ न [**भास्कराभ**] १ गोत्र-विशेष जो गोतम गोत्र की शाखा है; २ पुंस्त्री. उस गोत्र में उत्पन्न; (ठा ७—पत्र ३६०)।

भक्खावण न [**भक्षण**] खिलाना; (उप १५० टी)।

भक्खि वि [**भक्षिन्**] खाने वाला; (औप)।

भक्खिय वि [**भक्षित**] खाया हुआ; (भवि)।

भक्खेय देखो **भक्ख**=भक्षय्।

भग पुंन [**भग**] १ ऐश्वर्य; २ रूप; ३ श्री; ४ यश, कीर्ति; ५ धर्म; ६ प्रयत्न; "इस्सरियरूवसिरिजसधम्मपयत्ता मया भगाभिक्खा" (विसे १०४८; चेइय २८८)। ७ सूर्य, रवि; ८ माहात्म्य; ६ वैराग्य; १० मुक्ति, मोक्ष; ११ वीर्य; १२ इच्छा; (कप्प—टी)। १३ ज्ञान; (प्रामा)। १४ पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र; (अणु)। १५ पुं. योनि, उत्पत्ति-स्थान; (पण्ह १, ४—पत्र ६८; सुज्ज १०, ८)। १६ देव-विशेष, पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र का अधिष्ठाता देव, ज्योतिष्क देव-विशेष; (ठा २, ३; सुज्ज १०, १२)। १७ गुदा और अण्ड-कोश के बीच का स्थान; (बृह ३)। °**दत्त** पुं [°**दत्त**] नृप-विशेष; (हे ४, २६६)। °**व** देखो °**वंत**; (भग; महा)। °**वई** स्त्री [°**वती**] १ ऐश्वर्यादि-संपन्ना, पूज्या; (पडि)। २ भगवती-सूत्र, पाँचवाँ जैन अंग-ग्रन्थ; (पंच

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

५, १२५) °वंत वि [°वत्] १ ऐश्वर्यादि-गुण-संपन्न; २ पुं. परमेश्वर, परमात्मा; (कप्प; विसे १०४८; प्रामा) ।
भगंदर पुं [भगन्दर] रोग-विशेष; (णाया १, १३; विपा १, १) ।
भगंदरि वि [भगन्दरिन्] भगन्दर रोग वाला; (श्रा १६; संबोध ४३) ।
भगंदरिअ वि [भगन्दरिक] ऊपर देखो; (विपा १, ७) ।
भगंदल देखो भगंदर; (राज) ।
भगिणी देखो बहिणी; (णाया १, ८; कप्प; कुप्र २३६; महा) ।
भगिरहि } पुं [भगीरथि] सगर चक्रवर्ती का एक पुत्र;
भगीरहि } (पउम ५, १७६; २१५) ।
भग्ग वि [भग्न] १ खण्डित, भाँगा हुआ; (सुर २, १०२; दं ४६; उवा) । २ पराजित; ३ पलायित, भागा हुआ; "जइ भग्गा पारक्कडा" (हे ४, ३७६; ३५४; महा; वव २) । °इ पुं [°जित्] क्षत्रिय परिव्राजक-विशेष; (औप) ।
भग्ग वि [दे] लिप्त, पोता हुआ; (दे ६, ६६) ।
भग्ग न [भाग्य] नसीब, दैव; (सुर १३, १०५) ।
भग्गव पुं [भार्गव] १ ग्रह-विशेष, शुक्र ग्रह; (पउम १७, १०८) । २ ऋषि-विशेष; (समु १८१) ।
भग्गवेस न [भार्गवेश] गोत्र-विशेष; (सुज्ज १०, १६ टी; इक) ।
भग्गिअ (अप) देखो भग्ग=भग्न; (पिंग) ।
भच्च पुं [दे] भागिनेय, भानजा; (षड्) ।
भच्छिअ वि [भर्त्सित] तिरस्कृत; (दे १, ८०; कुमा ३, ८६) ।
भज देखो भय=भज् । वकृ—भजंत, भजेंत, भजमाण, भजेमाण; (षड्) ।
भज्ज सक [भ्रस्ज्] पकाना, भुनना । भज्जंति, भज्जेंति; (सुअनि ८१; विपा १, ३) । वकृ—भज्जंत, भज्जेंत; (पिंड ५७४; विपा १, ३) ।
भज्ज देखो भंज; (आचा २, १, १, २) ।
भज्ज देखो भय=भज् ।
भज्जंत देखो भंज ।
भज्जण } [भ्रज्जन] १ भुनन, भुनना; (पराह १, १;
भज्जणय } अनु ५) । २ भुनने का पात्र; (सुअनि ८१; विपा १, ३) ।
भज्जमाण देखो भंज ।
भज्जा स्त्री [भार्या] पत्नी, स्त्री; (कुमा; प्रासू ११६) ।
भज्जिअ देखो भग्ग=भग्न; "तरुणियं वा छिवाडिं अभिक्कंत-भज्जियं पेहाए" (आचा २, १, १, २) ।
भज्जिअ वि [भृष्ट, भर्जित] भुना हुआ, पकाया हुआ; (गा ५५७; आचा २, १, १, ३; विपा १, २; उवा) ।
भज्जिआ स्त्री [भर्जिका] भाजी, शाक-भेद, पत्राकार तरकारी; (पव २५६) ।
भज्जिम वि [भृज्जिम] भुनने योग्य; (आचा २, ४, २, १५) ।
भज्जिर वि [भङ्क्तृ] भाँगने वाला; "फारफलभारभज्जिर-साहासयसंकुलो महासाही" (धर्मवि ५५; सण) ।
भज्जेंत देखो भज्ज=भ्रस्ज् ।
भट्ट पुं [भट्ट] १ मनुष्य-जाति विशेष, स्तुति-पाठक की एक जाति, भाट; "जयजयसद्दकरंतसुभट्ट" (सिरि १५५; सुपा २७१; उप पृ १२०) । २ वेदाभिज्ञ पण्डित, ब्राह्मण, विप्र; (उप १०३१ टी) । ३ स्वामित्व, मालिकी; (प्रति ७) ।
भट्टारग } पुं [भट्टारक] १ पूज्य, पूजनीय; (आव ३;
भट्टारय } महा) । २ नाटक की भाषा में राजा; (प्राकृ ६५) ।
भट्टि देखो भत्तु=भर्तृ; (ठा ३, १; सम ८६; कप्प; स १४४; प्रति ३; स्वप्न १५) ।
भट्टिअ पुं [दे] विष्णु, श्रीकृष्ण; (हे २, १७४; दे ६, १००) ।
भट्टिणी स्त्री [भर्त्री] स्वामिनी, मालिकिन; (स १३४) ।
भट्टिणी स्त्री [भट्टिनी] नाटक की भाषा में वह रानी जिसका अभिषेक न किया गया हो; (प्रति ७) ।
भट्टु (शौ) देखो भट्टारय; (प्राकृ ६५) ।
भट्ठ वि [भ्रष्ट] १ नीचे गिरा हुआ; २ च्युत, स्खलित; (महा; द्र ४३) । ३ नष्ट; (सुर ४, २१५; णाया १, ६) ।
भट्ठ पुंन [भ्राष्ट्र] भर्जन-पात्र, भुनने का बर्तन; (दे ५, २०), "भट्ठट्ठियचणगो विव सयणीए कीस तडफडसि" (सुर ३, १४८) ।
भट्ठि } स्त्री [दे] धूलि-रहित मार्ग; (ओघ २३; २४ टी;
भट्ठी } भग ७, ६ टी—पत्र ३०७) ।
भड पुं [भट] १ योद्धा, लड़ाका; (कुमा) । २ शूर, वीर; (से ३, ६; णाया १, १) । ३ म्लेच्छों की एक जाति; ४ वर्णसंकर जाति-विशेष, एक नीच मनुष्य-जाति; ५ राक्षस;

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(हे १, १६५)। °खइआ स्त्री [°खादिता] दीक्षा-विशेष; (ठा ४, ४)।

भडक पुंस्त्री [दे] आडम्बर, ठाठमाट; (सट्टि ४४ टी)। स्त्री—°**का**; (उव)।

भडग पुं [**भटक**] १ अनार्य देश-विशेष; २ उस देश में रहने वाली एक म्लेच्छ-जाति; (पण्ह १, १—पत्र १४; इक)। देखो **भड**।

भडारय (अप) देखो **भट्टारय**; (भवि)।

भडित्त न [**भटित्र**] शूल-पक्व मांसादि, कवाब; (स २६२; कुप्र ४३२)।

भडिल वि [**दे**] संबोधन-सूचक शब्द; (संक्षि ४७)।

भण सक [**भण्**] कहना, बोलना, प्रतिपादन करना। भणइ, भणेइ; (हे ४, २३९; कुमा)। कर्म—भण्णइ, भण्णए, भणिज्जइ; (पि ५४८, षड्; पिंग)। भूका—भणीअ; (कुमा)। भवि—भणिहि, भणिस्सं; (कुमा)। वकृ—**भणंत, भणमाण, भणेमाण**; (कुमा; महा; सुर १०, ११४)। कवकृ—**भण्णंत, भणिज्जंत, भणिज्जमाण, भणीअंत, भण्णमाण**; (कुमा; पि ५४८; गा १४५)। संकृ—**भणिअ, भणिउं, भणिऊण**; (कुमा; पि ३४९)। हेकृ—**भणिउ°, भणिउं**; (पउम ९४, १३; पि ५७६)। कृ—**भणिअव्व, भणेयव्व**; (अजि ३८; सुपा ६०८) कवकृ—**भन्नंत, भन्नमाण**; (सुर २, १९१; उप पृ २३; उप १०३१ टी)।

भणग त्रि [भण, °क] प्रतिपादन करने वाला; (णंदि)।

भणण न [**भणन**] कथन, उक्ति; (उप ५५३; सुपा २८३; संबोध ३)।

भणाविअ वि [**भाणित**] कहलाया हुआ; (सुपा ३५८)।

भणिअ वि [**भणित**] कथित; (भग)।

भणिइ स्त्री [**भणिति**] उक्ति, वचन; (सुर ९, १४५; सुपा २१४; धर्मवि ५८)।

भणिर वि [**भणितृ**] कहने वाला, वक्ता; (गा २९७; कुमा; सुर ११, २४४; श्रा १६)। स्त्री—°**री**; (कुमा)।

भणेमाण देखो **भण**।

भण्ण सक [**भण्**] कहना, बोलना। भण्णइ; (धात्वा १४७)।

भण्णमाण देखो **भण**=भण्।

भत्त पुंन [**भक्त**] १ आहार, भोजन; २ अन्न, नाज; (विपा १, १; ठा २, ४; महा)। ३ ओदन, भात; (प्रामा)। ४ लगातार सात दिनों का उपवास; (संबोध ५८)। ५ वि. भक्ति-युक्त, भक्तिमान्; "सा सुलसा बालप्पभिइं चेव हरिणेगमेसीभत्तया यावि होत्था" (अंत ७; उप पृ ६६; महा; पिंग)। °**कहा** स्त्री [°**कथा**] आहार-कथा, भोजन-संबन्धी वार्ता; (ठा ४, ४)। °**च्छंद,** °**छंद** पुं [°**च्छन्द**] रोग-विशेष, भोजन की अरुचि; "कच्छू जरो खासो सासो भत्तच्छंदो अक्खिदुक्खं" (महा; महा—टि)। °**पच्चक्खाण** न [°**प्रत्याख्यान**] आहार-त्याग-रूप अनशन, अनशन का एक भेद, मरण का एक प्रकार; (ठा २, ४—पत्र ९४; औप ३०, २)। °**परिण्णा**; °**परिन्ना** स्त्री [°**परिज्ञा**] १ वही पूर्वोक्त अर्थ; (भत्त १६९; १०; पव १५७)। २ ग्रन्थ-विशेष; (भत्त १)। °**पाणय** न [°**पानक**] आहार-पानी, खान-पान; (विपा १, १)। °**वेला** स्त्री [°**वेला**] भोजन-समय; (विपा १, १)।

भत्त वि [**भूत**] उत्पन्न, संजात; (हे ४, ६०)।

भत्ति देखो **भत्तु**; (पिंग)।

भत्ति स्त्री [**भक्ति**] १ सेवा, विनय, आदर; (णाया १, ८—पत्र १२२; उव; औप; प्रासू २९)। २ रचना; (विसे १६३१; औप; सुपा ५२)। ३ एकाग्र-वृत्ति-विशेष; (आव २)। ४ कल्पना, उपचार; (धर्मसं ७४२)। ५ प्रकार, भेद; (ठा ९)। ६ विच्छित्ति-विशेष; (औप)। ७ अनुराग; (धर्म १)। ८ विभाग; ९ अवयव; १० श्रद्धा; (हे २, १५९)। °**मंत,** °**वंत** वि [°**मत्**] भक्ति वाला, भक्त; (पउम ९२, २८; उव; सुपा १९०; हे २, १५९; भवि)।

भत्तिज्ज पुं [**भ्रातृव्य**] भतीजा, भाई का पुत्र; (सिरि ७१६; धर्मवि १२७)।

भत्ती नीचे देखो।

भत्तु पुं [**भर्तृ**] १ स्वामी, पति, भतार; (णाया १, १६—पत्र २०७), "णववहू उवरतभत्तुया" (णाया १, ९; पाअ; स्वप्न ५६)। २ अधिपति, अध्यक्ष; ३ राजा, नरेश; ४ वि. पोषक, पोषण करने वाला; ५ धारण करने वाला; (हे ३, ४४; ४५)। स्त्री—**भत्ती**; (पिंग)।

भत्तोस न [**भक्तोष**] १ भुना हुआ अन्न; (पंचा ५, २९; प्रभा १५)। २ सुखादिका, खाद्य-विशेष; (पव ३८)।

भत्थ पुंस्त्री [**दे**] भाथा, तूणीर, तरकस; "अह आरोवियचावो पिट्ठे दढबन्धभत्थओ अभओ" (धर्मवि १४६)।

भत्था स्त्री [**भस्त्रा**] चमड़े की धौंकनी, भाथी; (उप ३३० टी; धर्मवि १३०)।

भत्थिअ वि [**भर्त्सित**] तिरस्कृत; (सम्मत्त १८९)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भत्थी स्त्री [**भस्त्री**] भाथी, चमड़े की धौंकनी; "भत्थि व्व अनिलपुन्ना वियसियमुदरं" (कुप्र २९६)।

भद्द सक [**भद्**] १ सुख करना। २ कल्याण करना; (विसे ३४३६)। वकृ—**भदंत**; नीचे देखो।

भदंत वि [**भदन्त**] १ कल्याण-कारक; २ सुख-कारक; ३ पूज्य, पूजनीय; (विसे ३४३६; ३४७४)।

भद्द न [**दे**] आमलक, फल-विशेष; (दे ६, १००)।

भद्द, **भद्दअ** न [**भद्र**] १ मंगल, कल्याण; "भद्दं मिच्छादंसण-समूहमइअस्स अमयसारस्स जिणवयणस्स भगवओ" (सम्मत्त १६७; प्रासू १६)। २ सुवर्ण, सोना; ३ मुस्तक, मोथा, नागरमोथा; (हे २, ८०)। ४ दो उपवास; (संबोध ५८)। ५ देव-विमान विशेष; (सम ३२)। ६ शरासन, मूढ़; (णाया १, १ टी—पत्र ४३)। ७ भद्रासन, आसन-विशेष; (आवम)। ८ वि. साधु, सरल, भला, सज्जन; ९ उत्तम, श्रेष्ठ; (भग; प्रासू १६; सुर ३, ४)। १० सुख-जनक, कल्याण-कारक; (णाया १, १)। ११ पुं. हाथी की एक उत्तम जाति; (ठा ४, २—पत्र २०८; महा)। १२ भारत-वर्ष का तीसरा भावी बलदेव; (सम १५४)। १३ अंग-विद्या का जानकार द्वितीय रुद्र पुरुष; (विचार ४७३)। १४ तिथि-विशेष—द्वितीया, सप्तमी और द्वादशी तिथि; (सुज्ज १०, १५)। १५ छन्द-विशेष; (पिंग)। १६ स्वनाम-ख्यात एक जैन आचार्य; (महानि ६; कप्प)। १७ व्यक्ति-वाचक नाम; (निर १, ३; आव १; धम्म)। १८ भारत-वर्ष का चौबीसवाँ भावी जिनदेव; (पव ७)। **°गुत्त** पुं [**°गुप्त**] स्वनाम-प्रसिद्ध एक जैनाचार्य; (णंदि; सार्ध २३)। **°गुत्तिय** न [**°गुप्तिक**] एक जैन मुनि-कुल; (कप्प)। **°जस** पुं [**°यशस्**] १ भगवान् पार्श्वनाथ का एक गणधर; (ठा ८—पत्र ४२९)। २ एक जैन मुनि; (कप्प)। **°जसिय** न [**°यशस्क**] एक जैन मुनि-कुल; (कप्प)। **°नंदि** पुं [**°नन्दिन्**] स्वनाम-ख्यात एक राज-कुमार; (विपा २, २)। **°बाहु** पुं [**°बाहु**] स्वनाम-प्रसिद्ध प्राचीन जैनाचार्य और ग्रन्थकार; (कप्प; णंदि)। **°मुत्था** स्त्री [**°मुस्ता**] वनस्पति-विशेष, भद्रमोथा; (पगण १)। **°वया** स्त्री [**°पदा**] नक्षत्र-विशेष; (सुर १०, २२४)। **°साल** न [**°शाल**] मेरु पर्वत का एक वन; (ठा २, ३; इक)। **°सेण** पुं [**°सेन**] १ धरणेन्द्र के पदाति-सैन्य का अधिपति देव; (ठा ५, १; इक)। २ एक श्रेष्ठी का नाम; (आव ४)। **°ास** न [**°श्व**] नगर-विशेष; (इक)। **°ासण** न [**°ासन**] आसन-विशेष, सिंहासन; (णाया १, १; पगह १, ४; पाअ; औप)।

भद्दव°, **भद्दवय** पुं [**भाद्रपद**] मास-विशेष, भादों का महीना; (वज्जा ८२; सुर ३, १३८)।

भद्दसिरी स्त्री [**दे**] श्रीखगड, चन्दन; (दे ६, १०२)।

भद्दा स्त्री [**भद्रा**] १ रावण की एक पत्नी; (पउम ७४, ९)। २ प्रथम बलदेव की माता; (सम १५२)। ३ तीसरे चक्रवर्ती की जननी; (सम १५२)। ४ द्वितीय चक्रवर्ती की स्त्री; (सम १५२)। ५ मेरु के पूर्व रुचक पर रहने वाली एक दिक्कुमारी देवी; (ठा ८)। ६ एक प्रतिमा, व्रत-विशेष; (ठा २, ३—पत्र ६४)। ७ राजा श्रेणिक की एक पत्नी; (अंत २५)। ८ तिथि-विशेष—द्वितीया, सप्तमी और द्वादशी तिथि; (संबोध ५४)। ९ छन्द-विशेष; (पिंग)। १० कामदेव श्रावक की भार्या का नाम; ११ चुलनीपिता-नामक उपासक की माता का नाम; (उवा)। १२ एक सार्थवाह-स्त्री का नाम; (विपा १, ४)। १३ गोशालक की माता का नाम; (भग १५)। १४ अहिंसा, दया; (पगह २, १)। १५ एक वापी; (दीव)। १६ एक नगरी; (आचू १)। १७ अनेक स्त्रियों का नाम; (णाया १, ८; १६; आवम)।

भद्दाकरि वि [**दे**] प्रलम्ब, अति लम्बा; (दे ६, १०२)।

भद्दिआ स्त्री [**भद्रिका, भद्रा**] १ शोभना, सुन्दर (स्त्री), (ओघभा १७)। २ नगरी-विशेष; (कप्प)।

भद्दिज्जिया स्त्री [**भद्रीया, भद्रीयिका**] एक जैन मुनि-शाखा; (कप्प)।

भद्दिलपुर न [**भद्दिलपुर**] भारतवर्ष का एक प्राचीन नगर; (अंत ४; कुप्र ८४; इक)।

भद्दुत्तरवडिंसग न [**भद्रोत्तरावतंसक**] एक देव-विमान; (सम ३२)।

भद्दुत्तर°, **भद्दोत्तर°**, **भद्दोत्तरा** स्त्री [**भद्रोत्तरा**] प्रतिमा-विशेष, प्रतिज्ञा का एक भेद, एक तरह का व्रत; (औप; अंत ३०; पत्र २७१)।

भद्र देखो **भद्द**; (हे २, ८०, प्राकृ १७)।

भन्नंत, **भन्नमाण** देखो **भण**=भण्।

भप्प देखो **भस्स**=भस्मन्; (हे २, ५१; कुमा)।

भम सक [**भ्रम**] भ्रमण करना, घूमना। **भमइ**; (हे ४, १६१; प्राकृ ६९)। वकृ—**भमंत, भममाण**; (गा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

२०२; ३८७; कप्प; औप)। संकृ—**भमिआ, भमिऊण;** (षड्; गा ७४६)। कृ—**भमिअव्व;** (सुपा ४३८)।

भम पुं [**भ्रम**] १ भ्रमण; (कुप्र ४)। २ भ्रान्ति, मोह, मिथ्या-ज्ञान; (से ३, ४८; कुमा)।

भमग न [**भ्रमक**] लगातार एकतीस दिनों का उपवास; (संबोध ५८)।

भमड देखो **भम=भ्रम्।** "भवम्मि भमडइ एगुच्चिय" (विवे १०८; हे ४, १६१)।

भमडिअ वि [**भ्रान्त**] १ घूमा हुआ, फिरा हुआ; (स ४७३)। २ भ्रान्ति-युक्त; (कुमा)। देखो **भमिअ।**

भमण न [**भ्रमण**] घूमना, चकराना; (दं ४६; कप्प)।

भममुह पुं [**दे**] आवर्त; (दे ६, १०१)।

भमया स्त्री [**भ्रू**] भौं, नेत्र के ऊपर की केश-पङ्क्ति; (हे २, १६७; कुमा)।

भमर पुं [**भ्रमर**] १ मधुकर, भौंरा; (हे १, २४४; कुमा; जी १८; प्रासू ११३)। २ पुं. छन्द-विशेष; (पिंग)। ३ विट, रंडीबाज; (कप्पू)। °**रुअ** पुं [°**रुच**] अनार्य देश-विशेष; (पव २७४)। °**ावलि** स्त्री [°**ावलि**] १ छन्द-विशेष; (पिंग)। २ भ्रमर-पंक्ति; (राय)।

भमरटेंटा स्त्री [**दे**] १ भ्रमर की तरह अक्षि-गोलक वाली; २ भ्रमर की तरह अस्थिर आचरण वाली; ३ शुष्क व्रण के दाग वाली; (कप्प)।

भमरिया स्त्री [**भ्रमरिका**] जन्तु-विशेष, वर्र; (जी १८)। देखो **भमलिया।**

भमरी स्त्री [**भ्रमरी**] स्त्री-भ्रमर, भौंरी; (दे)। नीचे देखो।

भमलिया } **भमली** } स्त्री [**भ्रमरीका, °री**] १ पित्त के प्रकोप से होने वाला रोग-विशेष, चक्कर; "भमली पित्तुदयाओ भमंतमहिदंसणं" (चेइय ४३५; पडि)। २ वाद्य-विशेष; (राय)।

भमस पुं [**दे**] तृण-विशेष, ईख की तरह का एक प्रकार का घास; (दे ६, १०१)।

भमाइअ वि [**भ्रमित**] घुमाया हुआ, फिराया हुआ; (से ३, ६१)।

भमाड सक [**भ्रमय्**] घुमाना, फिराना। भमाडेइ; (हे ४, ३०), भमाडेसु; (सुपा ११४)। वकृ—**भमाडेंत;** (पउम १०६, ११)।

भमाड देखो **भम=भ्रम्।** भमाडइ; (हे ४, १६१; भवि)।

भमाड पुं [**भ्रम**] भ्रमण, घूमना, चक्कर; (ओघभा २६ टी; ८३ टी)।

भमाडण न [**भ्रमण**] घुमाना; (उप पृ २७८)।

भमाडिअ देखो **भमडिअ;** (कुमा)।

भमाडिअ वि [**भ्रमित**] घुमाया हुआ, फिराया हुआ; (पउम १६, २५)।

भमाव देखो **भमाड-भ्रमय्।** भमावइ, भमावेइ; (पि ५५३; हे ४, ३०)।

भमास [**दे**] देखो **भमस;** (दे ६, १०१; पाअ)।

भमि स्त्री [**भ्रमि**] १ आवर्त, पानी का चक्राकार भ्रमण; (अच्चु ६३)। २ चित्त-भ्रम करने की शक्ति; (विसे १६५३)। ३ रोग-विशेष, चक्कर; "भमिपरिभमियसरीरो" (हम्मीर २८)।

भमिअ देखो **भमडिअ;** (जी ४८; भवि)। ३ न. भ्रमण; "भमिअभमणिक्कंतदेहलीदेसं" (गा ५२५)।

भमिअ देखो **भमाइअ;** (पाअ)।

भमिअव्व } **भमिआ** } देखो **भम=भ्रम्।**

भमिर वि [**भ्रमितृ**] भ्रमण करने वाला; (हे २, १४५; सुर १, ५५; ३, १८)।

भमुह न [**भ्रू**] नीचे देखो; "दीहाइं भमुहाइं" (आचा २, १३, १७)।

भमुहा स्त्री [**भ्रू**] भौं, आँख के ऊपर की रोम-राजी; (पउम ३७, ५०; औप; आचा; पाअ)।

भम्म } **भम्मड** } देखो **भम=भ्रम्।** भम्मइ; (प्राकृ ६६), भम्मसु; (गा ४१५; ४४७)। भम्मडइ; (हे ४, १६१)। भम्मडेइ; (कुमा)।

भम्मर (अप) देखो **भमर;** (पिंग)।

भय देखो **भद।** वकृ—देखो **भयंत=भदंत।**

भय सक [**भज्**] १ सेवा करना। २ विकल्प से करना। ३ विभाग करना। ४ ग्रहण करना। भयइ, भयए; (सम्म १२४; कुमा), भए, भएज्जा; (बृह १), भयंति; (विसे १६६०)। "तम्हा भय जीव वेरग्गं" (श्रु ६१)। वकृ—**भयंत, भयमाण;** (विसे ३४४६; सुअ १, २, २, १७)। कवकृ—"सव्वत्तु**भयमाण**सुहेहिं" (कप्प)। संकृ—**भइत्ता;** (ठा ६)। कृ—**भइअ, भइअव्व, भएयव्व, भज्ज, भयणिज्ज;** (विसे ६१८; २०४६; उत्त ३६, २३; २४; २५; कम्म ५, ११; विसे ६१५; उप ६४४; विसे १०४२; ७४८; पव १८१; जीवस १४५; पंच ५, ८; विसे ६१६; जीवस १४७)।

मज्जिआ स्त्री [**मार्जिता**] रसाला, भक्ष्य-विशेष—दही, शक्कर आदि का बना हुआ और सुगन्ध से वासित एक प्रकार का खाद्य; (पाअ; दे ७, २; पव २५६)।

मज्जिर वि [**मज्जितृ**] मज्जन करने की आदत वाला; (गा ४७३; सण)।

मज्जोक्क वि [**दे**] अभिनव, नूतन; (दे ६, ११८)।

मज्झ न [**मध्य**] १ अन्तराल, मझार, बीच; (पाअ; कुमा; दं ३६; प्रासू ५०; १६७)। २ शरीर का अवयव-विशेष; (कप्पू)। ३ संख्या-विशेष, अन्त्य और परार्ध्य के बीच की संख्या; (हे २, ६०; प्राप्र)। ४ वि. मध्यवर्ती, बीच का; (प्रासू १२५)। °**एस** पुं [°**देश**] देश विशेष, गंगा और यमुना के बीच का प्रदेश, मध्य प्रान्त; (गउड)। °**गय** वि [°**गत**] १ बीच का, मध्य में स्थित; (आचा; कप्प)। २ पुं. अवधिज्ञान का एक भेद; (णंदि)। °**गेवेज्ज** न [°**ग्रैवेयक**] देवलोक-विशेष; (इक)। °**ट्ठिअ** वि [°**स्थित**] तटस्थ, मध्यस्थ; (रयण ४८)। °**ण्ण**, °**ण्ह** पुं [°**ाह्न**] दिन का मध्य भाग, दोपहर; (प्राप्र; प्राकृ १८; कुमा; अभि ५५; हे २, ८४; महा)। २ न. तप-विशेष, पूर्वार्ध तप; (संबोध ५८)। °**ण्हतरु** पुं [°**ाह्नतरु**] वृक्ष-विशेष, मध्याह्न समय में अत्यन्त फूलने वाले लाल रँग के फूल वाला वृक्ष; (कुमा)। °**त्थ** वि [°**स्थ**] तटस्थ; (उव; उप ६४८ टी; सुपा १५, २५२); में रहा हुआ; (सुपा २५७)। °**देस** देखो °**एस**; (सुर ३, १६)। °**न्न** देखो °**ण्ण**; (हे २, ८४; सण)। °**म** वि [°**म**] मध्य का, मझला, बीच का; (भग; नाट—विक्र ५)। °**रत्त** पुं [°**रात्र**] निशीथ; (उप १३६; ७२८ टी)। °**रयणि** स्त्री [°**रजनि**] मध्य रात्रि; (स ६३६)। °**लोग** पुं [°**लोक**] मेरु पर्वत; (राज)। °**वत्ति** वि [°**वर्तिन्**] अन्तर्गत; (मोह ६४)। °**वलिअ** वि [°**वलित**] १ बीच में मुड़ा हुआ; २ चित्त में कुटिल; (वज्जा १२)

मज्झआर न [**दे**] मझार, मध्य, अन्तराल; (दे ६, १२१; विक्र २८; उत्र; गा ३; विसे २६६१; सुर १, ४५; सुपा ४६; १०३; खा १), "असोगवणिआइ मज्झआरम्मि" (भाव ७)।

मज्झंतिअ न [**दे**] मध्यन्दिन, मध्याह्न; (दे ६, १२४)।

मज्झंदिण न [**मध्यन्दिन**] मध्याह्न; (दे ६, १२४)।

मज्झंमज्झ न [**मध्यमध्य**] ठीक बीच; (भग; विपा १, १; सुर १, २४४)।

मज्झगार देखो **मज्झआर**; (राज)।

मज्झण्हिय वि [**माध्याह्निक**] मध्याह्न-संबन्धी; (धर्मवि १०५)।

मज्झत्थ न [**माध्यस्थ्य**] तटस्थता, मध्यस्थता; (उप ६१५; संबोध ४५)।

मज्झिम वि [**मध्यम**] १ मध्य-वर्ती, बीच का; (हे १, ४८; सम ४३; उवा; कप्प; औप; कुमा)। २ स्वर-विशेष; (ठा ७—पत्र ३६३)। °**रत्त** पुं [°**रात्र**] निशीथ, मध्य-रात्रि; (उप ७२८ टी)।

मज्झिमगंड न [**दे**] उदर, पेट; (दे ६, १२५)।

मज्झिमा स्त्री [**मध्यमा**] १ बीच की उंगली; (ओघ ३६०)। २ एक जैन मुनि-शाखा; (कप्प)।

मज्झिमिल्ल वि [**मध्यम**] मध्य-वर्ती, बीच का; (अणु)।

मज्झिमिल्ला देखो **मज्झिमा**; (कप्प)।

मज्झिल्ल वि [**माध्यिक, मध्यम**] मझला, बीच का; (पव ३६; देवेन्द्र २३८)।

मट्ट वि [**दे**] शृङ्ग-रहित; (दे ६, ११२)।

मट्टिआ स्त्री [**मृत्तिका**] मट्टी, मिट्टी, माटी; (णाया १, १; औप; कुमा; महा)।

मट्टी स्त्री [**मृत्, मृत्तिका**] ऊपर देखो; (जी ४; पडि;

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मट्टुहिअ न [**दे**] १ परिणीत स्त्री का कोप; २ वि. कलुष; ३ अशुचि, मैला; (दे ६, १४६)।

मट्ठ वि [**दे**] अलस, आलसी, मन्द, जड; (दे ६, ११२; पाअ)।

मट्ठ वि [**मृष्ट**] १ मार्जित, शुद्ध; (सुअ १, ६, १२; औप)। २ मसृण, चिकना; (सम १३७; दे ८, ७)। ३ घिसा हुआ; (औप; हे २, १७४)। ४ न. मिरच, मरिच; (हे १, १२८)।

मड वि [**दे. मृत**] १ मरा हुआ, निर्जीव; (दे ६, १४१), "मडोव्व अप्पाणं" (वज्जा १४८), "मडे" (मा); (प्राकृ १०३)। **°इ** वि [**°दिन्**] निर्जीव वस्तु को खाने वाला; (भग)। **°सय** पुं [**°श्रय**] श्मशान; (निचू ३)।

मड पुं [**दे**] कंठ, गला; (दे ६, १४१)।

मडंब पुंन [**दे. मडम्ब**] ग्राम-विशेष, जिसके चारों ओर एक योजन तक कोई गाँव न हो ऐसा गाँव; (णाया १, १; भग; कप्प; औप; पण्ह १, ३; भवि)।

मडक्क पुं [**दे**] १ गर्व, अभिमान; "न किउ वयणु संचलिय मडक्कइ" (भवि)। २ मटका, कलश, घड़ा; मराठी में 'मडकें'; (भवि)।

मडक्किया स्त्री [**दे**] छोटा मटका, कलशी; (कुप्र ११९)।

मडप्प, **°प्पर**, **मडप्फर** पुं [**दे**] गर्व, अभिमान, अहंकार; "अज्जवि कंदप्पमडप्पखंडणे वहइ पंडिच्चं" (सुपा २६; कुप्र २२१; २८४; षड्; दे ६, १२०; पाअ; सुपा ६; प्रासू ८५; कुप्र २५५; सम्मत्त १८९; धम्म ८ टी; भवि; सण)।

मडभ वि [**मडभ**] कुब्ज, वामन; (राज)।

मडमड, **मडमडम्ड** अक [**मडमडाय्**] १ मड मड आवाज करना। २ सक. मड मड आवाज हो उस तरह मारना। मडमडमडंति; (पउम २६, ५३)। भवि—मडमडइश्शं, मडमडाइश्शं (मा); (पि ५२८; चारु ३५)।

मडमडाइअ वि [**मडमडायित**] मड मड आवाज हो उस तरह मारा हुआ; (उत्तर १०३)।

मडय न [**मृतक**] मुड़दा, मुर्दा, शव; (पाअ; हे १, २०६; सुपा २१९)। **°गिह** न [**°गृह**] कब्र; (निचू ३)। **°चेइअ** न [**°चैत्य**] मृतक के दाह होने पर या गाड़ने पर बनाया गया चैत्य—स्मारक-मन्दिर; (आचा २, १०, १९)। **°डाह** पुं [**°दाह**] चिता, जहाँ पर शव फूँके जाते हों; (आचा २, १०, १९)। **°थूभिया** स्त्री [**°स्तूपिका**] मृतक के स्थान पर बनाया गया छोटा स्तूप; (आचा २, १०, १९)।

मडय पुं [**दे**] आराम, बगीचा; (दे ६, ११५)।

मडवोज्झा स्त्री [**दे**] शिबिका, पालकी; (दे ६, १२२)।

मडह वि [**दे**] १ लघु, छोटा; (दे ६, ११७; पाअ; सण)। २ स्वल्प, थोड़ा; (गा १०५; स ८; गउड; वज्जा ४२)।

मडहर पुं [**दे**] गर्व, अभिमान; (दे ६, १२०)।

मडहिय वि [**दे**] अल्पीकृत, न्यून किया हुआ; (गउड)।

मडहुल्ल वि [**दे**] लघु, छोटा; "मडहुल्लियाए किं तुह इमीए किं वा दलेहिं तलिणेहिं" (वज्जा ४८)।

मडिआ स्त्री [**दे**] समाहत स्त्री, आहत महिला; (दे ६, ११४)।

मडुवइअ वि [**दे**] १ हत, विध्वस्त; २ तीक्ष्ण; (दे ६, १४६)।

मड्ड सक [**मृद्**] मर्दन करना। मड्डइ; (हे ४, १२६; प्राकृ ६८)।

मड्डा स्त्री [**दे**] १ बलात्कार, हठ, जबरदस्ती; (दे ६, १४०; पाअ; सुर ३, १३६; सुख २, १५)। २ आज्ञा, हुकुम; (दे ६, १४०; सुपा २७९)।

मड्डिअ वि [**मर्दित**] जिसका मर्दन किया गया हो वह; (हे २, ३६; षड्; पि २९१)।

मड्डुअ देखो **मद्दुअ**; (राज)।

मढ देखो **मड्ड**। मढइ; (हे ४, १२६)।

मढ पुंन [**मठ**] संन्यासिओं का आश्रय, व्रतिओं का निवास-स्थान; "मढो" (हे १, १९९; सुपा २३४; वज्जा ३४; भवि), "मढं" (प्राप्र)।

मढिअ देखो **मड्डिअ**; (कुमा)।

मढिअ वि [**दे**] १ खचित; गुजराती में 'मढेलु'; "एयाउ ओसहीओ तिधाउमढियाउ धारिज्जा" (सिरि ३७०)। २ परिवेष्टित; (दे २, ७५; पाअ)।

मढी स्त्री [**मठिका**] छोटा मठ; (सुपा ११३)।

मण सक [**मन्**] १ मानना। २ जानना। ३ चिन्तन करना। मणइ, मणसि; (षड्; कुमा)। कवकृ—**मणिज्जमाण**; (भग १३, ७; विसे ८१३)।

मण पुंन [**मनस्**] मन, अन्तःकरण, चित्त; (भग १३, ७; विसे ३२२५; स्वप्न ४५; द २२; कुमा; प्रासू ४४; ४८;

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

१२१)। °अगुत्ति स्त्री [°अगुप्ति] मन का असंयम; (पि १५६)। °करण न [°करण] चिन्तन, पर्यालोचन; (श्रावक ३३७)। °गुत्त वि [°गुप्त] मन को संयम में रखने वाला; (भग)। °गुत्ति स्त्री [°गुप्ति] मन का संयम; (उत २४, २)। °जाणुअ वि [°ज्ञ] १ मन को जानने वाला, मन का जानकार; २ सुन्दर, मनोहर; (प्राकृ १८)। °जीविअ वि [°जीविक] मन को आत्मा मानने वाला; (पराह १, २—पत्र २८)। °जोअ पुं [°योग] मन की चेष्टा, मनो-व्यापार; (भग)। °ज्ज, °ण्णु, °ण्णुअ देखो °जाणुअ; (प्राकृ १८; षड्)। °थंभणी स्त्री [°स्तम्भनी] विद्या-विशेष, मन को स्तब्ध करने वाली दिव्य शक्ति; (पउम ७, १३७)। °नाण न [°ज्ञान] मन का साक्षात्कार करने वाला ज्ञान, मनःपर्यव ज्ञान; (कम्म ३, १८; ४, ११; १७; २१)। °नाणि वि [°ज्ञानिन्] मनःपर्यव-नामक ज्ञान वाला; (कम्म ४, ४०)। °पज्जत्ति स्त्री [°पर्याप्ति] पुद्गलों को मन के रूप में परिणत करने की शक्ति; (भग ६, ४)। °पज्जव पुं [°पर्यव] ज्ञान-विशेष, दूसरे के मन की अवस्था को जानने वाला ज्ञान; (भग; औप; विसे ८३)। °पज्जवि वि [°पर्यविन्] मनःपर्यव ज्ञान वाला; (पत्र २१)। °पसिणविज्जा स्त्री [°प्रश्नविद्या] मन के प्रश्नों के उत्तर देने वाली विद्या; (सम १२३)। °बलिअ वि [°बलिन्, °क] मनो-बल वाला, दृढ मन वाला; (पराह २, १; औप)। °मोहण वि [°मोहन] मन को मुग्ध करने वाला, चित्ताकर्षक; (गा १२८)। °योगि वि [°योगिन्] मन की चेष्टा वाला; (भग)। °वग्गणा स्त्री [°वर्गणा] मन के रूप में परिणत होने वाला पुद्गल-समूह; (राज)। °वज्ज न [°वज्र] एक विद्याधर-नगर; (इक)। °समिइ स्त्री [°समिति] मन का संयम; (ठा ८—पत्र ४२२)। °समिय वि [°समित] मन को संयम में रखने वाला; (भग)। °हंस पुं [°हंस] छन्द-विशेष; (पिंग)। °हर वि [°हर] मनोहर, सुन्दर, चित्ताकर्षक; (हे १, १५६; औप; कुमा)। °हरण पुंन [°हरण] पिंगल-प्रसिद्ध एक माला-पद्धति; (पिंग)। °भिराम, °भिरामेल्ल वि [°अभिराम] मनोहर; (सम १४६; औप; उप पृ ३२२; उप २२० टी)। °म वि [°आप] सुन्दर, मनोहर; (सम १४६; विपा १, १; औप; कप्प)। देखो मणो°।

मणं देखो मणयं; (प्राकृ ३८)।

मणंसि वि [मनस्विन्] प्रशस्त मन वाला; (हे १, २६)। स्त्री—°णी; (हे १, २६)।

मणंसिल° } स्त्री [मनःशिला] लाल वर्ण की एक उप
मणंसिला } धातु, मनशिल, मैनशिल; (कुमा; हे १, २६)।

मणग पुं [मनक] एक जैन बाल-मुनि, महर्षि शय्यंभवसूरि का पुत्र और शिष्य; (कप्प; धर्मवि ३८)। देखो मणय।

मणगुलिया स्त्री [दे] पीठिका; (राय)।

मणण न [मनन] १ ज्ञान, जानना; २ समझना; (विसे ३५२५)। ३ चिन्तन; (श्रावक ३३७)।

मणय पुं [मनक] द्वितीय नरक-भूमि का तीसरा नरकेन्द्रक—नरकावास-विशेष; (देवेन्द्र ६)। देखो मणग।

मणयं अ [मनाग्] अल्प, थोड़ा; (हे २, १६६; पाअ; षड्)।

मणस देखो मण=मनस्; "पसन्नमणसो करिस्सामि" (पउम ६, ५६), "लाभो चेव तवस्सिस्स होइ अद्दीणमणसस्स" (आघ ५३७)।

मणसिल° } देखो मणंसिला; (कुमा; हे १, २६; जी ३;
मणसिला } स्वप्न ६४)।

मणसीकय वि [मनसिकृत] चिन्तित; (पराग ३४—पत्र ७८२; सुपा २४७)।

मणसीकर सक [मनसि+कृ] चिन्तन करना, मन में रखना। मणसीकरे; (उत्त २, २५)।

मणस्सि देखो मणंसि; (धर्मवि १४६)।

मणा देखो मणयं; (हे २, १६६; कुमा)।

मणाउ } (अप) ऊपर देखो; (कुमा; भवि; पि ११४; हे
मणाउं } ४, ४१८; ४२६)।

मणागं ऊपर देखो; (उप १३२; महा)।

मणाल देखो मुणाल; (राज)।

मणालिया स्त्री [मृणालिका] पद्म-कन्द का मूल; (तंदु २०)। देखो मुणालिआ।

मणासिला देखो मणंसिला; (हे १, २६; पि ६४)।

मणि पुंस्त्री [मणि] पत्थर-विशेष, मुक्ता आदि रत्न; (कप्प; औप; कुमा; जी ३; प्रासू ४)। °अंग पुं [°अङ्ग] कल्प-वृक्ष की एक जाति जो आभूषण देती है; (सम १७)। °आर पुं [°कार] जौहरी, रत्नों के गहनों का व्यापारी; (दे ७, ७७; मुद्रा ७६; गाया १, १३; धर्मवि ३६)। °कंचण न [°काञ्चन] रुक्मि-पर्वत का एक शिखर; (ठा २, ३—पत्र ७०)। °कूड न [°कूट] रुचक पर्वत का एक शिखर; (दीव)। °खइअ वि [°खचित] रत्न-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जटित; (पि १६६)। °चइया स्त्री [°चयिता] नगरी-विशेष; (विपा २, ६)। °चूड पुं [°चूड] एक विद्याधर नृप; (महा)। °जाल न [°जाल] भूषण-विशेष, मणि-माला; (औप)। °तोरण न [°तोरण] नगर-विशेष; (महा)। °प देखो °व; (से ६, ४३)। °पेढिया स्त्री [°पीठिका] मणि-मय पीठिका; (महा)। °प्पभ पुं [°प्रभ] एक विद्याधर; (महा)। °भद्द पुं [°भद्र] एक जैन मुनि; (कप्प)। °भूमि स्त्री [°भूमि] मणि-खचित जमीन; (स्वप्न ५४)। °मइय, °मय वि [°मय] मणि-मय, रत्न निर्वृत्त; (सुपा ६२; महा)। °रह पुं [°रथ] एक राजा का नाम; (महा)। °व पुं [°प] १ यक्ष; २ सर्प, नाग; (से २, २३)। ३ समुद्र; (से ६, ५०)। °वई स्त्री [°मती] नगरी-विशेष; (विपा २, ६—पत्र ११४ टि)। °वंध पुं [°बन्ध] हाथ और प्रकोष्ठ के बीच का अवयव; (सण)। °वालय पुं [°पालक, °वालक] समुद्र; (से २, २३)। °सलागा स्त्री [°शलाका] मद्य-विशेष; (राज)। °हियय पुं [°हृदय] देव-विशेष; (दीव)।

मणिअ न [**मणित**] संभोग-समय का स्त्री का अव्यक्त शब्द; (गा ३६२; रंभा)।

मणिअं देखो **मणयं**; (षड्; हे २, १६६; कुमा)।

मणिअड (अप) पुं [**मणि**] माला का सुमेर; (हे ४, ४१४)।

मणिच्छिअ वि [**मनईप्सित**] मनोऽभीष्ट; (सुपा ३८४)।

मणिज्जमाण देखो **मण**=मन्।

मणिट्ठ वि [**मनइष्ट**] मन को प्रिय; (भवि)।

मणिणायहर न [**दे. मनिणगागृह**] समुद्र, सागर; (दे ६, १२८)।

मणिरइआ स्त्री [**दे**] कटीसूत्र; (दे ६, १२६)।

मणीसा स्त्री [**मनीषा**] बुद्धि, मेधा, प्रज्ञा; (पाअ)।

मणीसि वि [**मनीषिन्**] बुद्धिमान्, पण्डित; (कप्पू)।

मणीसिद वि [**मनीषित**] वाञ्छित; (नाट—मृच्छ ५७)।

मणु पुं [**मनु**] १ स्मृति-कर्ता मुनि-विशेष; (विसे १५०८; उप १५० टी)। २ प्रजापति-विशेष; "चोद्दहमणुचंगगुणओ" (कुमा; राज)। ३ मनुज, मनुष्य; "देवत्ताओ मणुत्तं" (पउम २१, ६३; कम्म १, १६; २, १६)। ४ न. एक देव-विमान; (सम २)।

मणुअ पुं [**मनुज**] १ मनुष्य, मानव; (उवा; भग; हे १, ८; पाअ; कुमा; सं ८२; प्रासू ४५)। २ भगवान् श्रेयांसनाथ का शासन-यक्ष; (संति ७)। ३ वि. मनुष्य-संबन्धी; "तिरिया मणुया य दिव्वगा उवसग्गा तिविहाहियासिया" (सूअ १, २, २, १५)।

मणुइंद पुं [**मनुजेन्द्र**] राजा, नरपति; (पउम ८५, २२; सुर १, ३२)।

मणुएसर पुं [**मनुजेश्वर**] ऊपर देखो; (सुपा २०४)।

मणुज्ज } **मणुण्ण** } वि [**मनोज्ञ**] सुन्दर, मनोहर; (पाअ; उप १४२ टी; सम १४६; भग)।

मणुस } **मणुस्स** } पुंस्त्री [**मनुष्य**] १ मानव, मर्त्य; (आचा; पि ३००; आचा; ठा ४, २; भग; श्रा २८; सुपा २०३; जी १६; प्रासू २८)। स्त्री—°स्सी; (भग; पण्ण १८; पव २४१)। °खेत्त न [°क्षेत्र] मनुष्य-लोक; (जीव ३)। °सेणियापरिकम्म पुं [°श्रेणिकापरिकर्मन्] दृष्टिवाद का एक सूत्र; (सम १२८)।

मणुस्स वि [**मानुष्य**] मनुष्य-संबन्धी; "दिव्वं व मणुस्सं वा तेरिच्छं वा सरागहियएणं" (आप २१)।

मणुस्सिंद पुं [**मनुष्येन्द्र**] राजा, नर-पति; (उत्त १८, ३७; उप पृ १४२)।

मणूस देखो **मणुस्स**; (हे १, ४३; औप; उत्तर १२२; पि ६३)।

मणे अ [**मन्ये**] विमर्श-सूचक अव्यय; (हे २, २०७; षड्; प्राकृ २६; गा १११; कुमा)।

मणो° देखो **मण**=मनस्। °**गम** न [°**गम**] देवविमान-विशेष; "पालगपुप्फगसोमणससिरिवच्छनंदियावत्तकामगमपीतिगममणोगमविमलसव्वओभद्दसरिसनामधेज्जेहिं विमाणेहिं ओइण्णा" (औप)। °**ज्ज** वि [°**ज्ञ**] १ सुन्दर, मनोहर; (हे २, ८३; उप २६४ टी)। २ पुं. गुल्म-विशेष; "सरियए णोमालियकोरिंटयबंधुजीवगमणोज्जे" (पण्ण १—पत्र ३२)। °**ण्ण**, °**न्न** वि [°**ज्ञ**] सुन्दर, मनोहर; (हे २, ८३; पि २७६)। °**भव** पुं [°**भव**] कामदेव, कन्दर्प; (सुपा ६८; पिंग)। °**भिरमणिज्ज** वि [°**भिरमणीय**] सुन्दर, चित्ताकर्षक; (पउम ८, १४३)। °**भू** पुं [°**भू**] कामदेव, कन्दर्प; (कप्पू)। °**मय** वि [°**मय**] मानसिक; 'सारीरमणोमयाणि दुक्खाणि" (पण्ह १, ३—पत्र ५५)। °**माणसिय** वि [°**मानसिक**] मन में ही रहने वाला—वचन से अप्रकटित—मानसिक दुःख आदि; (णाया १, १—पत्र २६)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

°**रम** वि [°रम] १ सुन्दर, रमणीय; (पात्र)। २ पुं. एक विमानेन्द्रक, देवविमान-विशेष; (देवेन्द्र १३६)। ३ मेरु पर्वत; (सुज्ज ५)। ४ राक्षस-वंश का एक राजा, एक लंका-पति; (पउम ५, २६५)। ५ किन्नर-देवों की एक जाति; ६ रुचक द्वीप का अधिष्ठायक देव; (राज)। ७ तृतीय ग्रैवेयक-विमान; (पव १६४)। ८ आठवें देवलोक के इन्द्र का पारियानिक विमान; (इक)। ६ एक देव-विमान; (सम १७)। १० मिथिला का एक चैत्य; (उत ६, ८; ६)। ११ उपवन-विशेष; (उप ६८६ टी)। °**रमा** स्त्री [°रमा] १ चतुर्थ वासुदेव की पटरानी का नाम; (पउम २०, १८६)। २ भगवान् सुपार्श्वनाथ की दीक्षा-शिबिका; (सुपा ७५; विचार १२६)। ३ शक्र की अञ्जुका-नामक इन्द्राणी की एक राजधानी; (इक)। °**रह** पुं [°रथ] १ मन का अभिलाष; (औप; कुमा; हे ४, ४१४)। २ पक्ष का तृतीय दिवस; (सुज्ज १०, १४—पत्र १४७)। °**हंस** पुं [°हंस] छन्द-विशेष; (पिंग)। °**हर** पुं [°हर] १ पक्ष का तृतीय दिवस; (सुज्ज १०, १४)। २ छन्द-विशेष; (पिंग)। ३ वि. रमणीय, सुन्दर; (हे १, १५६; षड्; स्वप्न ५२; कुमा)। °**हरा** स्त्री [°हरा] भगवान् पद्मप्रभ की दीक्षा-शिबिका; (विचार १२६)। °**हव** देखो °**भव**; (स ८१; कप्पू)। °**हिराम** वि [°भिराम] सुन्दर; (भवि)।

मणोसिला देखो **मणंसिला**; (हे १, २६; कुमा)।

मण्ण देखो **मण**=मन्। मगणइ; (पि ४८८)। कर्म—मगिणज्जइ; (कुप्र १०६)। वकृ—**मण्णमाण**; (नाट—चैत १३३)।

मण्णण न [**मानन**] मानना, आदर; (उप १५४)।

मण्णा देखो **मन्ना**; (राज)।

मण्णिय देखो **मन्निय**; (राज)।

मण्णु देखो **मन्नु**; (गा ११; ५०८; दे ६, ७१; वेणी १७)।

मण्णे देखो **मणे**; (कप्प)।

मत्त वि [**मत्त**] १ मद-युक्त, मतवाला; (उवा; प्रासू ६४; ६८; भवि)। २ न. मद्य, दारू; (ठा ७)। ३ मद, नशा; (पव १७१)। °**जला** स्त्री [°जला] नदी-विशेष; (ठा २, ३; इक)।

मत्त देखो **मेत्त**=मात्र; "वयणमत्तसिद्धाणं" (रंभा)।

मत्त न [**अमत्र, मात्र**] पात्र, भाजन; (आचा २, १, ६, ३; ओघ २५१)। देखो **मत्तय**।

मत्त (अप) देखो **मच्च**=मर्त्य; (भवि)।

मत्तंगय पुं [**मत्ताङ्गक**, °द] कल्पवृक्ष की एक जाति, मद्य देने वाला कल्पतरु; (सम १७; पव १७१)।

मत्तंड पुं [**मार्तण्ड**] सूर्य, रवि; (सम्मत्त १४५; सिरि १००८)।

मत्तग न [**दे**] पेशाब, मूत्र; (कुलक ६)।

मत्तग } पुंन [**अमत्र, मात्रक**] १ पात्र, भाजन; २ छोटा
मत्तय } पात्र; "विइज्जश्रो मत्तश्रो होइ" (बृह ३; कप्प)।

मत्तय देखो **मत्तग**=दे; (कुलक १३)।

मत्तल्ली स्त्री [**दे**] बलात्कार; (दे ६, ११३)।

मत्तवारण पुंन [**मत्तवारण**] बरंडा, बरामदा, दालान; (दे ६, १२३; सुर ३, १००; भवि)।

मत्तवाल पुं [**दे**] मतवाला, मदोन्मत्त; (दे ६, १२२; षड्; सुख २, १७; सुपा ४८६)।

मत्ता स्त्री [**मात्रा**] १ परिमाण; (पिंड ६५१)। २ अंश, भाग, हिस्सा; (स ४८३)। ३ समय का सूक्ष्म नाप; ४ सूक्ष्म उच्चारण-काल वाला वर्णावयव; (पिंग)। ५ अल्प, लेश, लव; (पात्र)।

मत्ता अ [**मत्वा**] जानकर; (सूत्र १, २, २, ३२)।

मत्तालंब पुं [**दे. मत्तालम्ब**] बरंडा, बरामदा; (दे ६, १२३; सुर १, ५७)।

मत्तिया स्त्री [**मृत्तिका**] मिट्टी; (पगण १—पत्र २५)। °**वई** स्त्री [°**वती**] नगरी-विशेष, दशार्णदेश की राजधानी; (पव २७५)।

मत्थ } पुंन [**मस्त**, °क] माथा, सिर; (से १, १; स
मत्थग } ३८५; औप)। °**त्थ** वि [°**स्थ**] सिर में
मत्थय } स्थित; (गउड)। °**मणि** पुं [°**मणि**] शिरो-मणि, प्रधान, मुख्य; (उप ६४८ टी)।

मत्थयधोय वि [**दे. धौतमस्तक**] दासत्व से मुक्त, गुलामी से मुक्त किया हुआ; (णाया १, १—पत्र ३७)।

मत्थुलुंग } न [**मस्तुलुङ्ग**] १ मस्तक-स्नेह, सिर में से
मत्थुलुय } निकलता एक प्रकार का चिकना पदार्थ; (पगह १, १; तंदु १०)। २ भेद का फिप्फिस आदि; (ठा ३, ४—पत्र १७०; भग; तंदु १०)।

मथिय देखो **महिअ**=मथित; (पगह २, ४—पत्र १३०)।

मद देखो **मय**=मद; (कुमा; प्रयौ १६; पि २०२)।

मद (शौ) देखो **मय**=मृत; (प्राकृ १०३)।

मदण देखो **मयण**; (स्वप्न ६३; नाट—मृच्छ २३१)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मदणसला(गा) देखो **मयणसलागा**; (पण्ण १—पत्न ५४)।

मदणा देखो **मयणा**=मदना; (गाया २—पत्न २५१)।

मदणिज्ज वि [**मदनीय**] कामोद्दीपक, मदन-वर्धक; (गाया १, १—पत्न १६; औप)।

मदि देखो **मइ**=मति; (मा ३२; कुमा; पि १६२)।

मदीअ देखो **मईअ**; (स २३२)।

मदुवी देखो **मउई**; (चंड)।

मदोली स्त्री [**दे**] दूती, दूत-कर्म करने वाली स्त्री; (षड्)।

मद्द सक [**मृद्**] १ चूर्ण करना। २ मालिश करना, मसलना, मलना। मद्दाहि; (कप्प)। कर्म—मद्दीअदि; (नाट—मृच्छ १३५)। हेकृ—**मद्दिउं**; (पि ५८५)।

मद्दण न [**मर्दन**] १ अंग-चप्पी, मालिश; (सुपा २४)। २ हिंसा करना; "तसथावरभूयमद्दणं विविहं" (उत्त)। ३ वि. मर्दन करने वाला; (तो ३)।

मद्दल पुं [**मर्दल**] वाद्य-विशेष, मुरज, मृदंग; (दे ६, ११६; सुर ३, ६८; सिरि ११५७)।

मद्दलिअ वि [**मार्दलिक**] मृदंग बजाने वाला; (सुपा २६४; ५५३)।

मद्दव न [**मार्दव**] मृदुता, नम्रता, विनय, अहंकार-निग्रह; (औप; कप्प)।

मद्दवि वि [**मार्दविन्**] नम्र, विनीत; "अज्जवियं मद्दवियं लाघवियं" (सूअ २, १, ५७; आचा)।

मद्दविअ वि [**मार्दविक, °त**] ऊपर देखो; (बृह ४; वव १)।

मद्दिअ देखो **मड्डिअ**; (पाअ)।

मद्दी स्त्री [**माद्री**] १ राजा शिशुपाल की मा का नाम; (सूअ १, ३, १, १ टी)। २ राजा पाण्डु की एक स्त्री का नाम; (वेणी १७१)।

मद्दुअ पुं [**मद्दुक**] भगवान् महावीर का राजगृह-निवासी एक उपासक; (भग १८, ७—पत्न ७५०)।

मद्दुग पुं [**मद्गु, °क**] पक्षि-विशेष, जल-वायस; (भग ७, ६—पत्न ३०८)। देखो **मग्गु**।

मद्दुग देखो **मुदुग**; (राज)।

मधु देखो **महु**; (षड्; रंभा; पिंग)।

मधुर देखो **महुर**; (निचू १; प्राकृ ८५)।

मधुसित्थ देखो **महुसित्थ**; (ठा ८—४ पत्र २४१)।

मधुला स्त्री [**दे मधुला**] पाद-गण्ड; (राज)।

मन अ [**दे**] निषेधार्थक अव्यय, मत, नहीं; (कुमा)।

मनुस्स देखो **मणुस्स**; (चंड; भग)।

मन्न देखो **मण्ण**। मन्नइ, मन्नसि; (आचा; महा), मन्नंते, मन्नेसि; (रंभा)। कर्म—मन्निज्जउ; (महा)। वकृ—**मन्नंत, मन्नमाण**; (सुर १४, १७१; आचा; महा; सुपा ३०७; सुर ३, १७४)।

मन्न देखो **माण**=मानय्। कृ—**मन्न, मन्नाय, मन्नणिज्ज, मन्नियव्व, मन्निय**; (उप १०३६; धर्मवि ७६; भवि; सुर १०, ३८; सुपा ३६८; ठा १ टी—पत्न २१; सं ३५)।

मन्ना स्त्री [**मनन**] १ मति, बुद्धि; (ठा १—पत्न १६)। २ आलोचन, चिन्तन; (सूअ २, १, ४१; ठा १)।

मन्ना स्त्री [**मान्या**] अभ्युपगम, स्वीकार; (ठा १—पत्न १६)।

मन्नाय देखो **मन्न**=मानय्।

मन्नाविय वि [**मानित**] मनाया हुआ; (सुपा १५६)।

मन्निय वि [**मत**] माना हुआ; (सुपा ६०५; कुमा)।

मन्नु पुं [**मन्यु**] १ क्रोध, गुस्सा; (सुपा ६०४)। २ दैन्य, दीनता; "सोयसमुब्भूयगरुयमन्नुवसा" (सुर ११, १४४)। ३ अहंकार; ४ शोक, अफसोस; ५ क्रतु, यज्ञ; (हे २, २५; ४४)।

मन्नुइय वि [**मन्युवित**] मन्यु-युक्त, कुपित; (सुख ४, १)।

मन्नुसिय वि [**दे**] उद्विग्न; (स ५६६)।

मन्ने देखो **मण्णे**; (हे १, १७१; रंभा)।

मप्प न [**दे**] माप, बाँट; "तेण य सह वहुणेणं आणेवि य तस्स हट्टमप्पाणि" (सुपा ३६२)।

मब्भीसडी } (अप) स्त्री [**मा भैषीः**] अभय-वचन; (हे ४, ४२२)।
मब्भीसा }

ममकार पुं [**ममकार**] ममत्व, मोह, प्रेम, स्नेह; (गच्छ २, ४२)।

ममच्चय वि [**मदीय**] मेरा; (सुख २, १५)।

ममत्त न [**ममत्व**] ममता, मोह, स्नेह; (सुपा २६)।

ममया स्त्री [**ममता**] ऊपर देखो; (पंचा १५, ३२)।

ममा सक [**ममाय्**] ममता करना। ममाइ, ममायए; (सूअ १, ...)। वकृ—**ममायमाण, ममायमीण**; (आचा; सूअ २, ६, २१)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ममाइ वि [**ममत्विन्**] ममता वाला; (सुअ १, १, १, ४)।

ममाइय वि [**ममायित**] जिस पर ममता की गई हो वह; (आचा)।

ममाय वि [**ममाय**] ममत्व करने वाला; (निचू १३)।

ममि वि [**मामक**] मेरा, मदीय; "ममं वा ममिं वा" (सूअ २, २, ६)।

ममूर सक [**चूर्णय्**] चूरना। ममूरइ; (धात्वा १४८)।

मम्म पुंन [**मर्मन्**] १ जीवन-स्थान; २ सन्धि-स्थान; (गा ४४६; उप ६६१; हे १, ३२)। ३ मरण का कारण-भूत वचन आदि; (णाया १, ८)। ४ गुप्त बात; (प्रासू ११; सुपा ३०७)। ५ रहस्य, तात्पर्य; (श्रु २८)। °**य** वि [°**ग**] मर्म-वाचक (शब्द); (उत्त १, २५; सुख १, २५)।

मम्मक पुं [**दे**] गर्व, अहंकार; (षड्)।

मम्मका स्त्री [**दे**] १ उत्कण्ठा; २ गर्व; (दे ६, १४३)।

मम्मण न [**मन्मन**] १ अव्यक्त वचन; (हे २, ६१; दे ६, १४१; विपा १, ७; वा २६)। २ वि. अव्यक्त वचन बोलने वाला; (श्रा १२)।

मम्मण पुं [**दे**] १ मदन, कन्दर्प; २ रोष, गुस्सा; (दे ६, १४१)।

मम्मणिआ स्त्री [**दे**] नील मक्षिका; (दे ६, १२३)।

मम्मर पुं [**मर्मर**] शुष्क पत्तों का आवाज; (गा ३६५)।

मम्मह पुं [**मन्मथ**] कामदेव, कन्दर्प; (गा ४३०; अभि ६५)।

मम्मी स्त्री [**दे**] मामी, मातुल-पत्नी; (दे ६, ११२)।

मय न [**मत**] मनन, ज्ञान; (सूअ २, १, ५०)। २ अभिप्राय, आशय; (ओघनि १६०; सूअनि १२०)। ३ समय, दर्शन, धर्म; "समओ मयं" (पाअ; सम्मत्त २२८)। ४ वि. माना हुआ; (कम्म ४, ४६)। ५ इष्ट, अभीष्ट; (सुपा ३७१)। °**न्नु** वि [°**ज्ञ**] दार्शनिक; (सुपा ५८२)।

मय पुं [**मय**] १ उष्ट्र, ऊँट; (सुख ६, १)। २ अश्वतर, खच्चर; "मयमहिससरहकेसरि—" (पउम ६, ५६)। ३ एक विद्याधर-नरेश; (पउम ८, १)। °**हर** पुं [°**धर**] ऊँट वाला; (सुख ६, १)।

मय वि [**मृत**] मरा हुआ, जीव-रहित; (णाया १, १; उव; सुर २, १८; प्रासू १७; प्राप्र)। °**किच्च** न [°**कृत्य**] मरण के उपलक्ष में किया जाता श्राद्ध आदि कर्म; (विपा १, २)।

मय पुंन [**मद**] १ गर्व, अभिमान; "एयाइं मयाइं विगिंच धीरा" (सूअ १, १३, १६; सम १३; उप ७२८ टी; कुमा; कम्म २, २६)। २ हाथी के गण्ड-स्थल से झरता प्रवाही पदार्थ; (णाया १, १—पत्र ६५; कुमा)। ३ आमोद, हर्ष; ४ कस्तूरी; ५ मत्तता, नशा; ६ नद, बड़ी नदी; ७ वीर्य, शुक्र; (प्राप्र)। °**करि** पुं [°**करिन्**] मद वाला हाथी; (महा)। °**गल** वि [°**कल**] १ मद से उत्कट, नशे में चूर; "मअगलकुंजरगमणी" (पिंग)। २ पुं. हाथी; (सुपा ६०; हे १, १८२; पाअ; दे ६, १२५)। ३ छन्द-विशेष; (पिंग)। °**णासणी** स्त्री [°**नाशनी**] विद्या-विशेष; (पउम ७, १४०)। °**धम्म** पुं [°**धर्म**] विद्याधर-वंश के एक राजा का नाम; (पउम ५, ४३)। °**मंजरी** स्त्री °**मञ्जरी**] एक स्त्री का नाम; (महा)। °**वारण** पुं [°**वारण**] मद वाला हाथी; "मयवारणो उ मत्तो निवाडिया-लाणवरखंभो" (महा)।

मय पुं [**मृग**] १ हरिण; (कुमा; उप ७२८ टी)। २ पशु, जानवर; ३ हाथी की एक जाति; ४ नक्षत्र-विशेष; ५ कस्तूरी; ६ मकर राशि; ७ अन्वेषण; ८ याचन, माँग; ९ यज्ञ-विशेष; (हे १, १२६)। °**च्छी** स्त्री [°**क्षी**] हरिण के नेत्रों के समान नेत्र वाली; (सुर ४, १६; सुपा ३५५; कुमा)। °**णाह** पुं [°**नाथ**] सिंह; (स १११)। °**णाहि** पुंस्त्री [°**नाभि**] कस्तूरी; (पाअ; सुपा २००; गउड)। °**तण्हा** स्त्री [°**तृष्णा**] धूप में जल-भ्रान्ति; (दे; से ६, ३५)। °**तण्हिआ** स्त्री [°**तृष्णिका**] वही अर्थ; (पि ३७५)। °**तिण्हा** देखो °**तण्हा**; (पि ५४)। °**तिण्हिआ** देखो °**तण्हिआ**; (पि ५४)। °**धुत्त** पुं [°**धूर्त**] श्रृगाल, सियार; (दे ६, १२५)। °**नाभि** देखो °**णाहि**; (कुमा)। °**राय** पुं [°**राज**] सिंह, केसरी; (पउम २, १७; उप पृ ३०)। °**लंछण** पुं [°**लाञ्छन**] चन्द्रमा; (पाअ; कुमा; सुर १३, ५३)। °**लोअणा** स्त्री [°**रोचना**] गोरोचन, गोरोचना, पीत-वर्ण द्रव्य-विशेष; (अभि १२७)। °**रि** पुं [°**रि**] सिंह; (पाअ)। °**रिदमण** पुं [°**रि-दमन**] राक्षस-वंश का एक राजा, एक लंका-पति; (पउम ५, २६२)। °**हिव** पुं [°**धिप**] सिंह, केसरी; (पाअ; स ...) देखो मिअ, मिग=मृग।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मयंक } देखो **मिअंक**; (हे १, १७७; १८०; कुमा; षड्;
मयंग } गा ३९९; रंभा)।

मयंग देखो **मायंग**=मातंग; "कूवर वरुणो मिउडी गोमेहो वामणा मयंगो" (पव २६)।

मयंग पुं [**मृदङ्ग**] वाद्य-विशेष; (प्राकृ ८)।

मयंगय पुं [**मतङ्गज**] हाथी, हस्ती; (पउम ८०, ६६; उप पृ २६०)।

मयंगा स्त्री [**मृतगङ्गा**] जहां पर गंगा का प्रवाह रुक गया हो वह स्थान; (णाया १, ४—पत्न ९६)।

मयंतर न [**मतान्तर**] भिन्न मत, अन्य मत; (भग)।

मयंद देखो **मइंद**=मृगेन्द्र; (सुपा ९२)।

मयंध वि [**मदान्ध**] मद में अन्ध बना हुआ, मदोन्मत्त; (सुर २, ९९)।

मयग वि [**मृतक**] १ मरा हुआ; २ न. मुर्दा; (णाया १, ११; कुप्र २६; औप)। °**किच्च** न [°**कृत्य**] श्राद्ध आदि कर्म; (णाया १, २)।

मयड पुं [**दे**] आराम, बगीचा; (दे ६, ११५)।

मयण पुं [**मदन**] १ कन्दर्प, कामदेव; (पाअ; धण २५; कुमा; रंभा)। २ लक्ष्मण का एक पुत्र; (पउम ९१, २०)। ३ एक वणिक्-पुत्र; (सुपा ६१७)। ४ छन्द का एक भेद; (पिंग)। ५ वि. मद-कारक, मादक; "मयणा दरनिव्वलिया निव्वलिया जह कोद्दवा तिविहा" (विसे १२३०)। ६ न. मीन, मोम; "मयणो मयणं विअ विलीणो" (धण २५; पाअ; सुर २, २४६)। °**घरिणी** स्त्री [°**गृहिणी**] काम-प्रिया, रति; (कुप्र १०६)। °**तालंक** पुं [°**तालङ्क**] छन्द-विशेष; (पिंग)। °**तेरसी** स्त्री [°**त्रयोदशी**] चैत्र मास की शुक्र त्रयोदशी तिथि; (कुप्र ३७८)। °**दुम** पुं [°**द्रुम**] वृक्ष-विशेष; (से ७, ६६)। °**फल** न [°**फल**] फल-विशेष, मैनफल; "तओ तेणुप्पलं मयणफलेण भावियं मणुस्स-हत्थे दिन्नं, एयं वरइस्स देज्जाहि" (सुख २, १७)। °**मंजरी** स्त्री [°**मञ्जरी**] १ राजा चण्डप्रद्योत की एक स्त्री का नाम; २ एक श्रेष्ठि-कन्या; (महा)। °**रेहा** स्त्री [°**रेखा**] एक युवराज की पत्नी; (महा)। °**वेय** पुं [°**वेग**] पुरुष-विशेष का नाम; (भवि)। °**सुंदरी** स्त्री [°**सुन्दरी**] राजा श्रीपाल की एक पत्नी; (सिरि ५३)। °**हरा** स्त्री [°**गृह**] छन्द-विशेष; (पिंग)। °**हल** देखो °**फल**; "मयणहल-रंधओ ता उव्वमिया चंदहाससुरा" (धर्मवि ६४)।

मयणंकुस पुं [**मदनाङ्कुश**] श्रीरामचन्द्र का एक पुत्र, कुश; (पउम ९७, ९)।

मयणसलागा } स्त्री [**दे. मदनशलाका**] मैना, सारिका;
मयणसलाया } (जीव १ टी—पत्न ४१; दे ६, ११९)।

मयणसाला स्त्री [**दे. मदनशाला**] सारिका-विशेष; (पण्ह १, १—पत्न ८)।

मयणा स्त्री [**दे. मदना**] मैना, सारिका; (उप १२९ टी; श्राव १)।

मयणा स्त्री [**मदना**] १ वैरोचन बलीन्द्र की एक पटरानी; (ठा ५, १—पत्न ३०२)। २ शक्र के लोकपाल की एक स्त्री; (ठा ४, १—पत्न २०४)।

मयणाय पुं [**मैनाक**] १ द्वीप-विशेष; २ पर्वत-विशेष; (भवि)।

मयणिज्ज देखो **मदणिज्ज**; (कप्प; पणण १७)।

मयणिवास पुं [**दे**] कन्दर्प, कामदेव; (दे ६, १२६)।

मयर पुं [**मकर**] १ जलजन्तु-विशेष, मगर-मच्छ; (औप; सुर १३, ४६)। २ राशि-विशेष, मकर राशि; (सुर १३, ४६; विचार १०६)। ३ रावण का एक सुभट; (पउम ५६, २९)। ४ छन्द-विशेष; (पिंग)। °**केउ** पुं [°**केतु**] कामदेव, कन्दर्प; (कप्पू)। °**द्धय** पुं [°**ध्वज**] वही; (पाअ; कुमा; रंभा)। °**लंछण** पुं [°**लाञ्छन**] वही; (कप्पू; पि ५४)। °**हर** पुंन [°**गृह**] वही; (पाअ; से १, १८; ४, ४८; वज्जा १५४; भवि)।

मयरंद पुं [**दे. मकरन्द**] पुष्प-रज, पुष्प-पराग; (दे ६, १२३; पाअ; कुमा ३, ५४)।

मयरंद पुं [**मकरन्द**] पुष्प-रस, पुष्प-मधु; (दे ६, १२३; सुर ३, १०; प्रासू ११३; कुमा)।

मयल देखो **मइल**=मलिन; (सुपा २६२)।

मयलणा देखो **मइलणा**; (सुपा १२४; २०६)।

मयलवुत्ती [**दे**] देखो **मइलपुत्ती**; (दे ६, १२५)।

मयलिअ देखो **मलिणिअ**; (उप ७२८ टी)।

मयल्लिगा स्त्री [**मतल्लिका**] प्रधान, श्रेष्ठ; "कूडक्खरविअो-(?उ)मयल्लिगाणं" (रंभा १७)।

मयह देखो **मगह**। °**सामिय** पुं [°**स्वामिन्**] मगध देश का राजा; (पउम ९१, ११)। °**पुर** न [°**पुर**] राज-गृह नगर; (वसु)। °**हिवइ** पुं [°**धिपति**] मगध देश का राजा; (पउम २०, ४७)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मयहर पुं [**दे**] १ ग्राम-प्रधान, ग्राम-प्रवर, गाँव का मुखिया; (पव २६८; महा; पउम ६३, १६) । २ वि. वडील, मुखिया, नायक; "सयलहत्थारोहपहाणमयहरेण" (स २८०; महानि ४; पउम ६३, १७) । स्त्री—°**रिगा**, °**रिया**, °**री**; (उप १०३१ टी; सुर १, ४१; महा; सुपा ७६; १२६) ।

मयाई स्त्री [**दे**] शिरो-माला; (दे ६, ११५) ।

मयार पुं [**मकार**] १ 'म' अक्षर; २ मकारादि अश्लील—अवाच्य—शब्द; "जत्थ जयारमयारं समणी जंपइ गिहत्थपच्चक्खं" (गच्छ ३, ४) ।

मयाल (अप) देखो **मराल**; (पिंग) ।

मयालि पुं [**मयालि**] जैन महर्षि-विशेष—१ एक अन्तकृद् मुनि; (अंत १४) । २ एक अनुत्तर-गामी मुनि; (अनु १) ।

मयाली स्त्री [**दे**] लता-विशेष, निद्राकरी लता; (दे ६, ११६; पाअ) ।

मर अक [**मृ**] मरना । **मरइ, मरए**; (हे ४, २३४; भग; उव; महा; षड्), मरं; (हे ३, १४१) । मरिज्जइ, मरिज्जउ; (भवि; पि ४७७) । भूका—मरही, मरीअ; (आचा; पि ४६६) । भवि—मरिस्ससि; (पि ५२२) । वकृ—**मरंत, मरमाण**; (गा ३७५; प्रासू ६४; सुपा ४०५; भग; सुपा ६५१; प्रासू ८३) । संकृ—**मरिऊण**; (पि ५८६)। हेकृ—**मरिउं, मरेउं**; (संक्षि ३४) । कृ—**मरियव्व**; (अंत २४; सुपा २१५; ५०१; प्रासू १०६), **मरिएव्वउं** (अप); (हे ४, ४३८) ।

मर पुं [**दे**] १ मशक; २ उल्लू, घूक; (दे ६, १४०) ।

मरगद } **मरगय** } पुंन [**मरकत**] नील वर्ण वाला रत्न-विशेष, पन्ना; (संक्षि ६; हे १, १८२; औप; षड्; गा ७५; काप्र ३१), "परिकम्मिओवि बहुसो काओ किं मरगओ होइ" (कुप्र ४०३) ।

मरजीवय पुं [**दे. मरजीवक**] समुद्र के भीतर उतर कर जो वस्तु निकालने का काम करता है वह; (सिरि ३८५) ।

मरट्ट पुं [**दे**] गर्व, अहंकार; (दे ६, १२०; सुर ४, १५४; प्रासू ८५; ती ३; भवि; सण; हे ४, ४२२; सिरि ६६२), "अखिलमइ(?र)इकंदप्पमट्टणे लद्धजयपडायस्स" (धर्मवि ६७) ।

मरट्टा स्त्री [**दे**] उत्कर्ष; "एईइ अहरहरिआरुणिममरट्टाइं(? इ) लज्जियाइ

बिंबफलाइं उव्बंधणं व वल्लीसु विरयंति ॥" (कुप्र २६६) ।

मरट्ठ (अप) देखो **मरहट्ठ**; (पिंग) ।

मरढ देखो **मरहट्ट** । स्त्री—°**ढी**; (कप्पू) ।

मरण पुंन [**मरण**] मौत, मृत्यु; (आचा; भग; पाअ; जी ४३; प्रासू १०७; ११६), "सेसा मरणा सव्वे तब्भवमरणेण णायव्वा" (पव १५७) ।

मरल देखो **मराल**=मराल; (प्राकृ ५) ।

मरह सक [**मृष्**] क्षमा करना । "खमंतु मरहंतु णं देवाणुप्पिया" (णाया १, ८—पत्र १३५) ।

मरहट्ठ पुंन [**महाराष्ट्र**] १ बड़ा देश; २ देश-विशेष, महाराष्ट्र, मराठा; "मरहट्ठो मरहट्ठं" (हे १, ६९; प्राकृ ६; कुमा) । ३ सुराष्ट्र; (कुमा ३, ६०) । ४ पुं. महाराष्ट्र देश का निवासी, मराठा; (पण्ह १, १—पत्र १४; पिंग) । ५ छन्द-विशेष; (पिंग) ।

मरहट्ठी स्त्री [**महाराष्ट्री**] १ महाराष्ट्र की रहने वाली स्त्री; २ प्राकृत भाषा का एक भेद; (पि ३५४) ।

मराल वि [**दे**] अलस, मन्द, आलसी; (दे ६, ११२; पाअ) ।

मराल पुं [**मराल**] १ हंस पक्षी; (पाअ) । २ छन्द-विशेष; (पिंग) ।

मराली स्त्री [**दे**] १ सारसी, सारस पक्षी की मादा; २ दूती; ३ सखी; (दे ६, १४२) ।

मरिअ वि [**मृत**] मरा हुआ; (सम्मत्त १३६) ।

मरिअ वि [**दे**] १ त्रुटित, टूटा हुआ; २ विस्तीर्ण; (षड्) ।

मरिअ देखो **मिरिअ**; (प्रयौ १०५; भास ८ टी) ।

मरिइ देखो **मरीइ**, "अह उप्पन्ने नाणे जिणस्स, मरिई तओ य निक्खंतो" (पउम ८२, २४) ।

मरिस सक [**मृष्**] सहन करना, क्षमा करना । **मरिसइ**, मरिसेइ, मरिसेउ; (हे ४, २३५; महा; स ६७०) । कृ—**मरिसियव्वं**; (स ६७०) ।

मरिसावणा स्त्री [**मर्षणा**] क्षमा; (स ६७१) ।

मरीइ पुं [**मरीचि**] १ भगवान् ऋषभदेव का एक पौत्र और भरत चक्रवर्ती का पुत्र, जो भगवान् महावीर का जीव था; (पउम ११, ६४) । २ पुंस्त्री. किरण; (पण्ह १, ४—पत्र ७२; धर्मसं ७२३) ।

मरीइया स्त्री [**मरीचिका**] १ किरण-समूह; २ मृग-तृष्णा, किरण में जल-भ्रान्ति; (राज) ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मरीचि देखो **मरीइ**; (औप; सुज्ज १, ६) ।

मरीचिया देखो **मरीइया**; (औप) ।

मरु पुं [**मरुत्**] १ पवन, वायु; २ देव, देवता; ३ सुगन्धी वृक्ष-विशेष, मरुआ, मरुवा; (षड्) । ४ हनूमान का पिता; (पउम ५३, ७६) । **°णंदण** पुं [**°नन्दन**] हनूमान; (पउम ५३; ७६) । **°स्सुय** पुं [**°सुत**] वही; (पउम १०१, १) । देखो **मरुअ**=मरुत् ।

मरु, **मरुअ** पुं [**मरु, °क**] १ निर्जल देश; (णाया १, १६—पत्र २०२; औप) । २ देश-विशेष, मारवाड़, (ती ५; महा; इक; पण्ह १, ४—पत्र ६८) । ३ पर्वत, ऊँचा पहाड़; (निचू ११) । ४ वृक्ष-विशेष, मरुआ, मरुवा; (पण्ह २,५—पत्र १५०) । ५ ब्राह्मण, विप्र; (सुख २, २७) । ६ एक नृप-वंश; ७ मरु-वंशीय राजा; "तस्स य पुड्डीए नंदो पणपन्नसयं च होइ वासाणं । मरुयाणं अट्ठसयं" (विचार ४६३) । ८ मरु देश का निवासी; (पण्ह १, १) । **°कंतार** न [**°कान्तार**] निर्जल जंगल; (अच्चु ८५) । **°त्थली** स्त्री [**°स्थली**] मरु-भूमि; (महा) । **°भू** स्त्री [**°भू**] वही; (श्रा २३) । **°य** वि [**°ज**] मरु देश में उत्पन्न; (पण्ह १, ४—पत्र ६८) ।

मरुअ देखो **मरु**=मरुत्; (पण्ह १, ४—पत्र ६८) । २ एक देव-जाति; (ठा २, २) । **°कुमार** पुं [**°कुमार**] वानरद्वीप के एक राजा का नाम; (पउम ६, ६७) । **°वसभ** पुं [**°वृषभ**] इन्द्र; (पण्ह १, ४—पत्र ६८) ।

मरुअअ, **मरुअग** पुं [**मरुवक**] वृक्ष-विशेष, मरुआ, मरुवा; (गउड; पणण १—पत्र ३४) ।

मरुआ स्त्री [**मरुता**] राजा श्रेणिक की एक पत्नी; (अंत) ।

मरुइणी स्त्री [**मरुकिणी**] ब्राह्मण-स्त्री, ब्राह्मणी; (विसे ६२८) ।

मरुंड देखो **मुरुंड**; (अंत; औप; णाया १, १—पत्र ३७) ।

मरुकुंद पुं [**दे. मरुकुन्द**] मरुआ, मरुवे का गाछ; (भवि) ।

मरुग देखो **मरुअ**=मरुक; (पण्ह १, १—पत्र १४; इक) ।

मरुदेव पुं [**मरुदेव**] १ ऐरावत क्षेत्र में उत्पन्न एक जिन-देव; (सम १५३) । ३ एक कुलकर पुरुष का नाम; (सम १५०; पउम ३, ५५) ।

मरुदेवा, **मरुदेवी** स्त्री [**मरुदेवा, °वी**] १ भगवान् ऋषभदेव की माता का नाम; (उव; सम १५०; १५१) । २ राजा श्रेणिक की एक पत्नी, जिसने भगवान् महावीर के पास दीक्षा ले कर मुक्ति पाई थी; (अंत) ।

मरुद्देवा स्त्री [**मरुद्देवा**] भगवान् महावीर के पास दीक्षा ले कर मुक्ति पाने वाली राजा श्रेणिक की एक पत्नी; (अंत २५) ।

मरुल पुं [**दे**] भूत, पिशाच; (दे ६, ११४) ।

मरुवय देखो **मरुअअ**; (गा ६७७; कुमा; विक्र २६) ।

मरुस देखो **मरिस** । मरुसिज्ज; (भवि) ।

मल देखो **मद्द** । मलइ, मलेइ; (हे ४, १२६; प्राकृ ६८; भवि), मलेमि; (से ३, ६३), मलेंति; (सुर १, ६७) । कर्म—मलिज्जइ; (पंचा १६, १०) । वकृ—**मलेंत**; (से ४, ४२) । कवकृ—**मलिज्जंत**; (से ३, १३) । संकृ—**मलिऊण, मलिऊणं**; (कुमा; पि ५८५) । कृ—**मलेअव्व**; (वै ६६; निसा ३) ।

मल पुं [**दे**] स्वेद, पसीना; (दे ६, १११) ।

मल पुंन [**मल**] १ मैल; (कुमा; प्रासू २५) । २ पाप; (कुमा) । ३ बँधा हुआ कर्म; (चेइय ६२२) ।

मलंपिअ वि [**दे**] गर्वी, अहंकारी; (दे ६, १२१) ।

मलण न [**मर्दन, मलन**] मर्दन, मलना; (सम १२५; गउड; दे ३, ३४; सुपा ४४०; पंचा १६, १०) ।

मलय पुं [**दे. मलक**] आस्तरण-विशेष; (णाया १, १—पत्र १३; १, १७—पत्र २२६) ।

मलय पुं [**दे. मलय**] १ पहाड़ का एक भाग; (दे ६, १४४) । २ उद्यान, बगीचा; (दे ६, १४४; पाअ) ।

मलय पुं [**मलय**] १ दक्षिण देश में स्थित एक पर्वत; (सुपा ४५६; कुमा; षड्) । २ मलय-पर्वत के निकट-वर्ती देश-विशेष; (पव २७५; पिंग) । ३ छन्द-विशेष; (पिंग) । ४ देवविमान-विशेष; (देवेन्द्र १४३) । ५ न. श्रीखण्ड, चन्दन; (जीव ३) । ६ पुंस्त्री. मलय देश का निवासी; (पण्ह १, १) । **°केउ** पुं [**°केतु**] एक राजा का नाम; (सुपा ६०७) । **°गिरि** पुं [**°गिरि**] एक सुप्रसिद्ध जैन आचार्य और ग्रन्थकार; (इक; राज) । **°चंद** पुं [**°चन्द्र**] एक जैन उपासक का नाम; (सुपा ६४५) । **°द्दि** पुं [**°द्रि**] पर्वत-विशेष; (सुपा ४७७) । **°भव** वि [**°भव**] १ मलय देश में उत्पन्न । २ न. चन्दन; (गउड) । **°मई** स्त्री [**°मती**] राजा मलयकेतु की स्त्री; (सुपा ६०७) । **°य** [**°ज**] देखो °भव; (राज) । **°रुह** पुं [**°रुह**] चन्दन का पेड़; (सुर १, २८) । २ न. चन्दन-काष्ठ; (पात्र) ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

°चल पुं [°चल] मलय पर्वत; (सुपा ४५६)। °णिल पुं [°निल] मलयाचल से बहता शीतल पवन; (कुमा)। °यल देखो °चल; (रंभा)।

मलय वि [**मलयज**] १ मलय देश में उत्पन्न; (अणु)। २ न. चन्दन; (भवि)।

मलवट्टी स्त्री [**दे**] तरुणी, युवति; (दे ६, १२४)।

मलहर पुं [**दे**] तुमुल-ध्वनि; (दे ६, १२०)।

मलि वि [**मलिन्**] मल वाला, मल-युक्त; (भवि)।

मलिअ वि [**मृदित**] जिसका मर्दन किया गया हो वह; (गा ११०; कुमा; हे ३, १३५; औप; णाया १, १)।

मलिअ न [**दे**] १ लघु चेत्र; २ कुडव; (दे ६, १४४)।

मलिअ वि [**मलित**] मल-युक्त, मलिन; "मलमलियदेहवत्था" (सुपा १६६; गउड)।

मलिज्जंत देखो **मल=मृद्**।

मलिण वि [**मलिन**] मैला, मल-युक्त; (कुमा; सुपा ६०१)।

मलिणिय वि [**मलिनित**] मलिन किया हुआ; (उव)।

मलीमस वि [**मलीमस**] मलिन, मैला; (पाअ)।

मलेव्व देखो **मल=मृद्**।

मलेच्छ देखो **मिलिच्छ**; (पि ८४; नाट—चैत १८)।

मल्ल पुं [**मल्ल**] १ पहलवान, कुश्ती लड़ने वाला, बाहु-योद्धा; (औप; कप्प; पराह २, ४; कुमा)। २ पात्र; "दीवसिहा-पडिपिल्लणमल्ले मिल्लंति नीसासे" (कुप्र १३१)। ३ भींत का अवष्टम्भन-स्तम्भ; ४ छप्पर का आधार-भूत काष्ठ; (भग ८, ६—पत्र ३७६)। °**जुद्ध** न [°**युद्ध**] कुश्ती; (कप्पू; हे ४, ३८२)। °**दिन्न** पुं [°**दत्त**] एक राज-कुमार; (णाया १, ८)। °**वाइ** पुं [°**वादिन्**] एक सुविख्यात प्राचीन जैन आचार्य और ग्रन्थकार; (सम्मत्त १२०)।

मल्ल न [**माल्य**] १ पुष्प, फूल; (ठा ४, ४)। २ फूल की गुँथी हुई माला; (पाअ; औप)। ३ मस्तक-स्थित पुष्प-माला; (हे २, ७९)। ४ एक देव-विमान; (सम ३९)।

मल्लइ पुं [**मल्लकि**, °**किन्**] नृप-विशेष; (भग; औप; पि ८९)।

मल्लग } न [**दे. मल्लक**] १ पात्र-विशेष, शराव; (विसे
मल्लय } २४७ टी; पिंड २१०; तंदु ४४; महा; कुलक १४; णाया १, ९; दे ६, १४५; प्रयौ ६७)। २ चषक, पान-पात्र; (दे ६, १४५)।

मल्लय न [**दे**] १ अपूप-भेद, एक तरह का पूआ; २ चि- कुसुम्भ से रक्त; (दे ६, १४५)।

मल्लाणी स्त्री [**दे**] मातुलानी, मामी; (दे ६, ११२; पाअ; प्राकृ ३८)।

मल्लि वि [**माल्यिन्**] माल्य-युक्त, माला वाला; (औप)।

मल्लि स्त्री [**मल्लि**] १ उन्नीसवें जिन-देव का नाम; (सम ४३; णाया १, ८; मंगल १२; पडि)। २ वृक्ष-विशेष, मोतिया का गाछ; (दे २, १८)। °**णाह**, °**नाह** पुं [°**नाथ**] उन्नीसवें जिन-देव; (महा; कुप्र ६३)।

मल्लिअज्जुण पुं [**मल्लिकार्जुन**] एक राजा का नाम; (कुमा)।

मल्लिआ स्त्री [**मल्लिका**] १ पुष्पवृक्ष-विशेष; (णाया १, ९; कुप्र ४६)। २ पुष्प-विशेष; (कुमा)। ३ छन्द-विशेष; (पिंग)।

मल्ली देखो **मल्लि**; (णाया १, ८; पउम २०, ३५; विचार १४८; कुमा)।

मल्ह अक [**दे**] मौज मानना, लीला करना। वकृ—**मल्हंत**; (दे ६, ११९ टी; भवि)।

मल्हण न [**दे**] लीला, मौज; (दे ६, ११९)।

मव सक [**मापय्**] मपना, माप करना, नापना। मवंति; (सिरि ४२५)। कर्म—"आउयाइं मविज्जंति" (कम्म ५, ८५ टी)। कवकृ—**मविज्जमाण**; (विसे १४००)।

मविय वि [**मापित**] मापा हुआ; (तंदु ३१)।

मश्चली (मा) स्त्री [**मत्स्य**] मछली; (पि २३३)।

मस } पुं [**मश**, °**क**] १ शरीर पर का तिलाकार काला
मसअ } दाग, तिल; (पव २५७)। २ मच्छड़, क्षुद्र जन्तु-विशेष; (गा ५६०; चारु १०; वज्जा ४६)।

मसक्कसार न [**मसक्कसार**] इन्द्रों का एक स्वयं आभाव्य विमान; (देवेन्द्र २६३)।

मसग देखो **मसअ**; (भग; औप; पउम ३३, १०८; जी १८)।

मसण वि [**मसृण**] १ स्निग्ध, चिकना; २ सुकुमाल, कोमल, अ-कर्कश; ३ मन्द, धीमा; (हे १, १३०; कुमा)।

मसरक्क सक [**दे**] सकुचना, समेटना। संकृ—"दसवि करंगुलीउ **मसरक्किवि** (अप)" (भवि)।

मसाण न [**श्मशान**] मसान, मरघट; (गा ४०८; प्राप्र; कुमा)।

मसार पुं [**दे. मसार**] मसृणता-संपादक पाषाण-विशेष, कसौटी का पत्थर; (णाया १, १—पत्र ६; औप)।

मसारगल्ल पुं [**मसारगल्ल**] एक रत्न-जाति; (णाया १, १—पत्र ३१; कप्प; उत्त ३६, ७६; इक)।

CC-0 In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मसि स्त्री [मसि] १ काजल, कज्जल; (कप्पू)। २ स्याही, सियाही; (सुर २, ५)।

मसिहार पुं [मसिहार] क्षत्रिय परिव्राजक-विशेष; (औप)।

मसिण देखो **मसण**; (हे १, १३०; कुमा; औप; से १, ४५; ५, ६४)।

मसिण वि [दे] रम्य, सुन्दर; (दे ६, ११८)।

मसिणिअ वि [मसृणित] १ मृष्ट, शुद्ध किया हुआ, मार्जित; "रोसमिणिअं मसिणिअं" (पाअ)। २ स्निग्ध किया हुआ; (से ६, ६)। ३ विलुलित, विमर्दित; (से १, ५५)।

मसी देखो **मसि**; (उवा)।

मसूर / **मसूरग** / **मसूरय** } पुंन [मसूर, °क] १ धान्य-विशेष, मसूरि; (ठा ४, ३; सम १४६; पिंड ६२३)। २ उच्छीर्षक, ओसीसा; (सुर २, ८३; कप्प)। ३ वस्त्र या चर्म का वृत्ताकार आसन; (पव ८४)।

मस्सु देखो **मंसु**; (संक्षि १२; पि ३१२)।

मस्सूरग देखो **मसूरग**; "मस्सूरए य थिबुगे" (जीवस ५२)।

मह सक [काङ्क्ष्] चाहना, वाञ्छना। महइ; (हे ४, १९२; कुमा; सण)।

मह सक [मथ्] १ मथना, विलोडन करना। २ मारना। महेज्जा; (उवा)।

मह सक [मह्] पूजना। महइ; (कुमा), महेह; (सिरि ५६६)। संकृ—**महिअ**; (कुमा)। कृ—**महणिज्ज**; (उप पृ १२६)।

मह पुंन [मह] उत्सव; (विपा १, १—पत्र ५; रंभा; पाअ; सण)।

मह पुं [मख] यज्ञ; (चंड; गउड)।

मह वि [महत्] १ बड़ा, वृद्ध; २ विपुल, विस्तीर्ण; ३ उत्तम, श्रेष्ठ; "एगं महं सत्तुस्सेहं" (णाया १, १—पत्र १३; काल; जी ७; हे १, ५)। स्त्री—**°ई**; (उव; महा)। **°एवी** स्त्री [°देवी] पटरानी; (भवि)। **°कंतजस** पुं [°कान्तयशस्] राक्षस वंश का एक राजा, एक लंका-पति; (पउम ५, २६५)। **°कमलंग** न [°कमलाङ्ग] संख्या-विशेष; ८४ लाख कमल की संख्या; (जो २)। **°कव्व** न [°काव्य] सर्ग-बद्ध उत्तम काव्य-ग्रन्थ; (भवि)। **°काल** देखो **महा-काल**; (देवेन्द्र २४)। **°गइ** पुं [°गति] राक्षस वंश का एक राजा, एक लंकेश; (पउम ५, २६५)। **°गह** देखो **महा-गह**; (सम ६३)। **°ग्घ** वि [°अर्घ] महा-मूल्य, कीमती; (सुर २, १०३; सुपा ३७)। **°ग्घविअ** वि [°अर्घित] १ महँघा, दुर्लभ; (से १४, ३७)। २ विभूषित; "विमलंगोवंगगुण-महग्घविया" (सुपा १; ६०)। ३ सम्मानित; "अच्चिय-वंदियपूइयसक्कारियपणमिओ महग्घविओ" (उव)। **°ग्घिम** (अप) वि [°अर्घित] बहु-मूल्य, महँघा; (भवि)। **°चंद** पुं [°चन्द्र] १ राजकुमार-विशेष; (विपा २, ५; ६)। २ एक राजा; (विपा १, ४)। **°च्च** वि [°अर्च] १ बड़ा ऐश्वर्य वाला; २ बड़ी पूजा—सत्कार वाला; (ठा ३, १—पत्र ११७; भग)। **°च्च** वि [°अर्च्य] अति पूज्य; (ठा ३, १; भग)। **°च्छरिय** न [°आश्चर्य] बड़ा आश्चर्य; (सुर १०, ११८)। **°जक्ख** पुं [°यक्ष] भगवान् अजितनाथ का शासनाधिष्ठायक देव; (पव २६; संति ७)। **°जाला** स्त्री [°ज्वाला] विद्यादेवी-विशेष; (संति ६)। **°ज्जुइय** वि [°द्युतिक] महान् तेज वाला; (भग औप)। **°ड्ढि** स्त्री [°ऋद्धि] महान् वैभव; (राय)। **°ड्ढिय, °ड्ढीअ** वि [°ऋद्धिक] विपुल वैभव वाला; (भग; ओघभा १०)। **°ण्णव** पुं [°अर्णव] महा-सागर; (सुपा ४१७; हे १, २६९)। **°ण्णवा** स्त्री [°अर्णवा] १ बड़ी नदी; २ समुद्र-गामिनी; (कस ४, २७ टि; बृह ४)। **°तुडियंग** न [°त्रुटिताङ्ग] ८४ लाख त्रुटित की संख्या; (जो २)। **°त्तण** न [°त्व] बड़ाई, महत्ता; (धा २७)। **°त्तर** वि [°तर] १ बहुत बड़ा; (स्वप्न २८)। २ मुखिया, नायक, प्रधान; (कप्प; औप; विपा १, ८)। ३ अन्तःपुर का रक्षक; (औप)। स्त्री—**°रिया, °री**; (ठा ४, १—पत्र १६८; इक)। **°त्थ** वि [°अर्थ] महान् अर्थ वाला; (णाया १, ८; श्रा २७)। **°त्थ** न [°अस्त्र] अस्त्र-विशेष, बड़ा हथियार; (पउम ७१, ६७)। **°त्थिम** पुंस्त्री [°र्थत्व] महार्थता; (भवि)। **°दलिल्ल** वि [°दलिल] बड़ा दल वाला; (प्रासू १२३)। **°दह** पुं [°द्रह] बड़ा ह्रद; (णाया १, १—पत्र ६४; गा १९६ अ)। **°द्दि** स्त्री [°अद्रि] १ बड़ी याचना; २ परिग्रह; (पण्ह १, ५—पत्र ९२)। **°द्दुम** पुं [°द्रुम] १ महान् वृक्ष; (हे ४, ४४५)। २ वैरोचन इन्द्र के एक पदाति-सैन्य का अधिपति; (ठा ५, १—पत्र ३०२)। **°द्धि** वि [°ऋद्धि] बड़ी ऋद्धि वाला; (कुमा)। **°धूम** पुं [°धूम] बड़ा धुँआ; (महा)। **°न्नव** देखो **°ण्णव**; (श्रा २८)। **°पाण** न [°प्राण] ध्यान-विशेष; (सिरि १३३०)। **°पुंडरीअ** पुं [°पुण्डरीक] ग्रह-विशेष;

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(हे २, १२०) । °प्प पुं [°आत्मन्] महान् आत्मा, महा-पुरुष; (पउम ११८, १२१) । °प्फल वि [°फल] महान् फल वाला; (सुपा ६२१) । °बाहु पुं [°बाहु] राक्षस वंश का एक राजा, एक लंका-पति; (पउम ५, २६५)। °बोह पुं [°अबोध] महा-सागर;

"इय वुत्तंतं सोउं रगणा निव्वासिया तहा सुगया ।
महबोहे जंतूणं जह पुगणवि नागया तत्थ" (सम्मत्त १२०)।

°ब्बल पुं [°बल] १ एक राज-कुमार; (विपा २, ७; भग ११, ११; अंत) । २ वि. विपुल बल वाला; (भग; औप)। देखो **महा-बल** । °ब्भय वि [°भय] महाभय-जनक; (पगह १, १) । °ब्भूय न [°भूत] पृथिवी आदि पाँच द्रव्य; (सूत्र २, १, २२) । °मरुय पुं [°मरुत] एक महर्षि, अन्तकृद् मुनि-विशेष; (अंत २५) । °मास पुं [°अश्व] महान् अश्व; (औप) । °यर देखो °त्तर; (णाया १, १—पत्त ३७) । °रव पुं [°रव] राक्षस वंश का एक राजा, एक लंका-पति; (पउम ५, २६६) । °रिसि पुं [°ऋषि] महर्षि, महा-मुनि; (उव; रयण ३७) । °रिह वि [°अर्ह] बड़े के योग्य, बहु-मूल्य, कीमती; (विपा १, ३; औप; पि १४०) । °वाय पुं [°वात] महान् पवन; (ओघ ३८७) । °व्वइय वि [°व्रतिक] महाव्रत वाला; (सुपा ४७४) । °व्वय पुंन [°व्रत] महान् व्रत; "महव्वया पंच हुंति इमे" (पउम ११, २३), "सेसा महव्वया ते उत्तरगुणसंजुयावि न हु सम्मं" (सिक्खा ४८; भग; उव) । °व्वय पुं [°व्यय] विपुल खर्च; (उप पृ १०८) । °सलागा स्त्री [°शलाका] पल्य-विशेष, एक प्रकार का नाप; (जीवस १३६) । °सिव पुं [°शिव] एक राजा, षष्ठ बलदेव और वासुदेव का पिता; (सम १५२) । °सुक्क देखो **महा-सुक्क**; (देवेन्द्र १३५) । °सेण पुं [°सेन] १ आठवें जिन-देव का पिता; (सम १५०) । २ एक राजा; (महा)। ३ एक यादव; (उप ६४८ टी) । ४ न. वन-विशेष; (विसे १४८४) । देखो **महा-सेण** । देखो **महा°** ।

महअर पुं [दे] गह्वर-पति, निकुञ्ज का मालिक; (दे ६, १२३) ।

महइ° अ [महाति] १ अति बड़ा; २ अत्यन्त विपुल । °जड वि [°जट] अति बड़ी जटा वाला; (पउम ५८, १२) । °महाइंदइ पुं [°महेन्द्रजित्] इक्ष्वाकु-वंश के एक राजा का नाम; (पउम ५, ६) । °महापुरिस पुं [°महापुरुष] १ सर्वोत्तम पुरुष, सर्व-श्रेष्ठ पुरुष; २ जिन-देव, जिन भगवान्; (पउम १, १८) । °महालय वि [°महत्] अत्यन्त बडा; "महइमहालयंसि संसारंसि" (उवा; सम ७२), स्त्री—°लिया; (भग; उवा) ।

महई देखो **मह**=महत् ।

महंग पुं [दे] उष्ट्र, ऊँट; (दे ६, ११७) ।

महंत देखो **मह**=महत्; (आचा; औप; कुमा) ।

महच्च न [माहत्य] १ महत्त्व, २ वि. महत्व वाला; (ठा ३, १—पत्र ११७) ।

महण न [दे] पिता का घर; (दे ६, ११४) ।

महण न [मथन] १ विलोडन; (से १, ४६; वज्जा ८) । २ घर्षण; (कुप्र १४८) । ३ वि. मारने वाला; "दरितनागदप्पमहणा" (पगह १, ४) । ४ विनाश करने वाला; "नाणं च चरणं च भवमहणं" (संबोध ३५; सुर ७, २२५)। स्त्री—°णी; (श्रा ४६) ।

महण पुं [महन] राक्षस वंश का एक राजा, एक लंका-पति; (पउम ५, २६२) ।

महणिज्ज देखो **मह**=मह् ।

महति° देखो **महइ°**; (ठा ३, ४; णाया १, १; औप) ।

महत्थार न [दे] १ भाग्ड, भाजन; २ भोजन; (दे ६, १२५) ।

महप्पुर पुं [दे] माहात्म्य, प्रभाव; "तुह मुहचंदपहाए करिसाण महप्पुरो एसो" (रंभा ४३) ।

महमह देखो **मघमघ** । महमहइ; (हे ४, ७८; षड्; गा ४६७), महमहेइ; (उव) । वकृ—**महमहंत**; (काप्र ६१७) । संकृ—**महमहिअ**; (कुमा) ।

महमहिअ वि [प्रसृत] १ फैला हुआ; (हे १, १४६; वज्जा १५०) । २ सुरभित; (रंभा) ।

महम्मह देखो **महमह**; "जिअलोअसिरी महम्महइ" (गा ६०४) ।

महया° देखो **महा°**; "महयाहिमवंतमहंतमलयमंदरमहिंदसारे" (णाया १, १ टी—पत्र ६; औप; विपा १, १; भग) ।

महर वि [दे] अ-समर्थ, अ-शक्त; (दे ६, ११३)।

महलयपक्ख देखो **महालवक्ख**; (षड्—पृष्ठ १७६) ।

महल्ल वि [दे. महत्] १ वृद्ध, बड़ा; (दे ६, १४३; उवा; गउड; सुर १, ५४; पंचा ५, १६; संबोध ४७; ओघ १३६; प्रासू १४१; जय १२; सुपा ११७) । २ पृथुल, विशाल,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विस्तीर्ण; (दे ६, १४३; प्रवि १०; स ६६२; भवि)। स्त्री—°ल्लिया; (औप; सुपा ११६; ५८७)।

महल्ल वि [दे] १ मुखर, वाचाट, बकवादी; (दे ६, १४३; षड्)। २ पुं. जलधि, समुद्र; (दे ६, १४३)। ३ समूह, निवह; (दे ६, १४३; सुर १, ५४)।

महल्लिर देखो **महल्ल**; "हरिनहकढिणमहल्लिरपयनहरपरंपराए विकरालो" (सुपा ११)।

महव देखो **मघव**; (कुमा; भवि)।

महा स्त्री [**मघा**] नक्षत्र-विशेष; (सम १२; सुज्ज १०, ५; इक)।

महा° देखो **मह**=महत्; (उवा)। **°अडड** न [**°अटट**] संख्या-विशेष, ८४ लाख महाअटटांग की संख्या; (जो २)। **°अडडंग** न [**°अटटाङ्ग**] संख्या-विशेष, ८४ लाख अटट; (जो २)। **°आल** देखो **°काल**; (नाट—चैत ८२)। **°ऊह** न [**°ऊह**] संख्या-विशेष, ८४ लाख महाऊहांग की संख्या; (जो २)। **°कइ** पुं [**°कवि**] श्रेष्ठ कवि, समर्थ कवि; (गउड; चेइय ८४३; रंभा)। **°कंदिय** पुं [**°क्रन्दित**] व्यन्तर देवों की एक जाति; (पगह १, ४; औप; इक)। **°कच्छ** पुं [**°कच्छ**] १ महाविदेह वर्ष का एक विजय-क्षेत्र—प्रान्त; (ठा २, ३; इक)। २ देव-विशेष; (जं ४)। **°कच्छा** स्त्री [**°कच्छा**] अतिकाय-नामक इन्द्र की एक अग्र-महिषी; (ठा ४, १—पत्र २०४; णाया २; इक)। **°कण्ह** पुं [**°कृष्ण**] राजा श्रेणिक का एक पुत्र; (निर १, १)। **°कण्हा** स्त्री [**°कृष्णा**] राजा श्रेणिक की एक पत्नी; (अंत २५)। **°कप्प** पुं [**°कल्प**] १ जैन ग्रन्थ-विशेष; (णंदि)। २ काल का एक परिमाण; (भग १५)। **°कमल** न [**°कमल**] संख्या-विशेष, चौरासी लाख महाकमलांग की संख्या; (जो २)। **°कव्व** देखो **°मह-कव्व**; (सम्मत्त १४६)। **°काय** पुं [**°काय**] १ महोरग देवों का उत्तर दिशा का इन्द्र; (ठा २, ३; इक)। २ वि. महान् शरीर वाला; (उवा)। **°काल** पुं [**°काल**] १ महाग्रह-विशेष, एक ग्रह-देवता; (सुज्ज २०; ठा २, ३)। २ दक्षिण लवण-समुद्र के पाताल-कलश का अधिष्ठायक देव; (ठा ४, २—पत्र २२६)। ३ एक इन्द्र, पिशाच-निकाय का उत्तर दिशा का इन्द्र; (ठा २, ३—पत्र ८५)। ४ परमाधार्मिक देवों की एक जाति; (सम २८)। ५ वायु-कुमार देवों का एक लोकपाल; (ठा ४, १—पत्र १९८)। ६ वेलम्ब इन्द्र का एक लोकपाल; (ठा ४, १—पत्र १९८)। ७ नव निधिओं में एक निधि, जो धातुओं की पूर्त्ति करता है; (उप ९८६ टी; ठा ९—पत्र ४४९)। ८ सातवीं नरक-भूमि का एक नरकावास; (ठा ५, ३—पत्र ३४१; सम ५८)। ९ पिशाच देवों की एक जाति; (राज)। १० उज्जयिनी नगरी का एक प्राचीन जैन मन्दिर; (कुप्र १७४)। ११ शिव, महादेव; (आव ६)। १२ उज्जयिनो का एक का श्मशान; (अंत)। १३ राजा श्रेणिक का एक पुत्र; (निर १, १)। १४ न. एक देव-विमान; (सम ३५)। **°काली** स्त्री [**°काली**] १ एक विद्या-देवी; (संति ५)। २ भगवान् सुमतिनाथ की शासन-देवी; (संति ९)। ३ राजा श्रेणिक की एक पत्नी; (अंत २५)। **°किण्हा** स्त्री [**°कृष्णा**] एक महा-नदी; (ठा ५, ३—पत्र ३५१.)। **°कुमुद**, **°कुमुय** न [**°कुमुद**] १ एक देव-विमान; (सम ३३)। २ संख्या-विशेष, चौरासी लाख महाकुमुदांग की संख्या; (जो २)। **°कुमुयअंग** न [**°कुमुदाङ्ग**] संख्या-विशेष, कुमुद को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह; (जो २)।— **°कुम्म** पुं [**°कूर्म**] कूर्मावतार; (गउड)। **°कुल** न [**°कुल**] १ श्रेष्ठ कुल; (निचू ८)। २ वि. प्रशस्त कुल में उत्पन्न; "निक्खंता जे महाकुला" (सूअ १, ८, २४)। **°गंगा** स्त्री [**°गङ्गा**] परिमाण-विशेष; (भग १५)। **°गह** पुं [**°ग्रह**] १ सूर्य आदि ज्योतिष्क; (सार्ध ८७)। **°गह** वि [**°आग्रह**] आग्रही, हठी; (सार्ध ८७)। **°गिरि** पुं [**°गिरि**] १ एक जैन महर्षि; (उव; कप्प)। २ वड़ा पर्वत; (गउड)। **°गोव** पुं [**°गोप**] १ महान् रक्षक; २ जिन भगवान्; (उवा; विसे २९५९)। **°घोस** पुं [**°घोष**] १ ऐरवत क्षेत्र के एक भावी जिन-देव; (सम १५४)। २ एक इन्द्र, स्तनित कुमार देवों का उत्तर दिशा का इन्द्र; (ठा २, ३—पत्र ८५)। ३ एक कुलकर पुरुष; (सम १५०)। ४ परमाधार्मिक देवों की एक जाति; (सम २९)। ५ न. देवविमान-विशेष; (सम १२; १७)। **°चंद** पुं [**°चन्द्र**] ऐरवत वर्ष के एक भावी तीर्थंकर; (सम १५४)। **°जणिअ** पुं [**°जनिक**] श्रेष्ठी, सार्थवाह आदि नगर के गण्य-मान्य लोक; (कुमा)। **°जलहि** पुं [**°जलधि**] महा-सागर; (सुपा ४७४)। **°जस** पुं [**°यशस्**] १ भरत चक्रवर्ती का एक पौत्र; (ठा ८—पत्र ४२९)। २ ऐरवत क्षेत्र के चतुर्थ भावी तीर्थंकर-देव;

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

